2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : अवैध कालोनियों से भी बदतर हाल में हैं एचएसवीपी के सेक्टर

6 अभिमत
अपराध नहीं है बैंकों का एनपीए

9 देश-विदेश
पाकिस्तान में लोग नाखुश, भारत के विभाजन को गलती मानते हैं : भागवत

11 फीचर
दावा, बेमौसम बारिश के बावजूद गेहूं का होगा रिकॉर्ड उत्पादन

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 55
फरीदाबाद, शनिवार, 01 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



शुरू हुआ आईपीएल-2023 का महामुकाबला
पेज - 12

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹ 54,500/-
76% Gold Rate ₹ 44,990/-
Making Charges 8% | 100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
0129-3668332, 9990032657

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | ▲ | 1.78 |
| निफ्टी | 17,359 | ▲ | 1.63 |
| सोना | 59,680 | ▲ | 380 /10 gm |
| चांदी | 71,300 | ▼ | 280 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 18.00°C

## क्विक न्यूज

### आज से हॉलमार्क सोने के आभूषणों की बिक्री होगी



**नई दिल्ली।** नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआइडी कहते हैं। इस नंबर के जरिए ये पता करना संभव होगा कि कोई सोना कितने कैरेट का है। देशभर में सोने पर ट्रेड मार्क देने के लिए 940 सेंटर बनाए गए हैं।

### आज से नया टैक्स रिजीम मिलेगा

**नई दिल्ली।** इनकम टैक्सपेयर्स को एक अप्रैल से नया टैक्स रिजीम मिल जाएगा। नया टैक्स सिस्टम चुनने वालों के लिए रिबेट की लिमिट सात लाख रुपये कर दी गई है। पहले ये पांच लाख रुपये थी। बजट में सैलरीड क्लास को एक और राहत दी गई है। नए टैक्स सिस्टम में 50000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी शामिल कर लिया गया है। यानी 7.5 लाख रुपये तक की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। पुराने टैक्स रिजीम में टैक्स की दरें पहले की तरह ही रहेंगी।

### मच्छर भगाने वाली क्वॉइल से छह की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के नॉर्थ-ईस्ट इलाके छह लोगों की मौत का मामला सामने आया है। शास्त्री पार्क में एक घर में गुरुवार रात परिवार के आठ लोगों में से छह की दम घुटने से मौत हो गई। मौत की वजह मच्छर भगाने वाले मॉर्टिन को बताया जा रहा है। क्वॉइल के कारण गद्दे में आग लग गई थी, जिसके चलते दो लोगों की जलने से और अन्य चार की दम घुटने से मौत हो गई।

### बुलंदशहर में ब्लास्ट पांच की मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के एक मकान में ब्लास्ट हो गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ है। मकान खेतों के बीच में बना था। इसमें केमिकल बनाया जा रहा था।

# अब अहमदाबाद में लगे पीएम मोदी के खिलाफ पोस्टर, आठ गिरफ्तार

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**आप ने देशभर में शुरू किया है पोस्टर कैंपेन**

**गुजरात** के अहमदाबाद में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने वाले आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां आम आदमी पार्टी (आप) के पोस्टर कैंपेन शुरू होने के एक दिन बाद हुई हैं। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि पीएम मोदी के खिलाफ शहर में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए थे। केस दर्ज कर लिया गया है। गुजरात के आप चीफ इसुदान गढ़वी ने कहा कि जिन्हें गिरफ्तार किया गया, वो हमारे पार्टी वर्कर्स हैं। गढ़वी ने कहा, ये भाजपा की तानाशाही का नमूना है। मोदी हटाओ-देश बचाओ का पोस्टर लगाने वाले हमारे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यह भाजपा का डर नहीं तो और क्या है। भाजपा चाहे जितना जोर लगा ले, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लड़ते रहेंगे। आप ने मोदी हटाओ-देश बचाओ पोस्टर कैंपेन



शुरू किया है। ये कैंपेन देश भर में 11 भाषाओं में चल रहा है। अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू के अलावा गुजराती, पंजाबी, तेलुगु, बंगाली, उड़िया, कन्नड़, मलयालम और मराठी भाषा में ये कैंपेन चलाया जा रहा है। दिल्ली में 21 मार्च को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने के मामले में 100 एफआइआर दर्ज हुई थीं। पुलिस के मुताबिक 100 में से बाकी एफआइआर दूसरे पोस्टर्स को लेकर दर्ज की गई थीं। सभी केस प्रिंटिंग प्रेस एक्ट और प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं।

बता दें, भाजपा ने भी जवाब में दिल्ली में जगह-जगह दीवारों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पोस्टर लगाए थे। इन पोस्टर्स में लिखा था, बेईमान-तानाशाह अरविंद केजरीवाल को हटाओ, दिल्ली को बचाओ। इन पोस्टर्स के नीचे भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम भी लिखा था।

उन्होंने एक ट्वीट में ये पोस्टर शेयर करके बताया कि अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले, बस घोटाले, स्कूल घोटाले में रिश्वत ली। हालांकि केजरीवाल ने कहा था कि उन्होंने ये पोस्टर देख लिए हैं और उन्हें इनसे कोई परेशानी नहीं है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को ऐसे पोस्टर लगाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि मोदी जी को अपने खिलाफ लगे पोस्टरों से क्यों परेशानी हो रही है।

### कानपुर के कपड़ा बाजार में 22 घंटे बाद बुझी आग

**कानपुर।** कानपुर के बांसमंडी स्थित एआर टावर में रात करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से छह कॉम्प्लेक्स की करीब 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं।

जिससे अरबों रुपये के नुकसान होने की आशंका है। मौके पर सेना, एयरफोर्स, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभाला। कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी। होलसेल मार्केट में लगी आग 22 घंटे बाद बुझाई जा सकी।

# देश के 50 हजार से ज्यादा ओडीएफ प्लस गांव होंगे मॉडल : शेखावत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को कहा कि देश के 50885 ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) प्लस गांवों को मॉडल गांव का दर्जा प्राप्त हो गया है तथा इन्होंने संपूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य हासिल कर लिया है। शेखावत ने संवाददाताओं से कहा कि मार्च 2022 में देश में ओडीएफ प्लस गांव 46121 थे, जो एक वर्ष के भीतर पांच गुना बढ़कर 238973 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से 50855 गांव स्वच्छता की सर्वोच्च रैंकिंग के साथ ओडीएफ प्लस मॉडल गांव घोषित किए गए। मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार ने 50 हजार से ज्यादा गांवों को मॉडल गांव बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नए वित्त वर्ष में इस मद में कुल 52049 करोड़ राशि के खर्च का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ समन्वय से काम करते हुए केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्ष्यद्वीप, दादरा और नगर हवेली के साथ दमन और दीव ने न केवल ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त किया, बल्कि उनके सभी गांव ओडीएफ प्लस मॉडल की श्रेणी में



**तेलंगाना सौ प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव के साथ पहले नंबर पर**

**नए वित्त वर्ष में इस योजना पर 52049 करोड़ का प्रावधान**

आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राज्यों की श्रेणी में तेलंगाना का कार्य सबसे सराहनीय रहा है और वह 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों के साथ प्रथम स्थान पर है। उन्होंने बताया कि 95.7 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या के साथ तमिलनाडु दूसरे और 93.7 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या के साथ कर्नाटक तीसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में तेज गति से प्रगति करने वाले राज्यों में हिमाचल प्रदेश में जहां 2022 में 18 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की संख्या थी, वह 2023 में बढ़कर 79 प्रतिशत हो गई है। शेखावत ने बताया कि मध्य प्रदेश में 62 प्रतिशत गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में जहां 2022 में राज्य के दो प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस घोषित हुए थे, वहीं 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 47 प्रतिशत हो गया है।

जल शक्ति मंत्री ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (जी) के दूसरे चरण की गतिविधियों के लिए नए वित्त वर्ष में 52049 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसमें केंद्र सरकार 14030 करोड़ रुपये की मदद राज्यों को करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि देश में सरकार ने इस साल जनवरी से मार्च अंत तक हर सेकेंड एक परिवार को नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का रिकॉर्ड बनाया है।

शेखावत ने बताया कि 2019 में शुरू किए गए जल जीवन मिशन के तहत अब तक देश में करीब 60 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल से जल पहुंचाने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि इस साल। जनवरी से 31 मार्च के बीच हर सेकेंड एक ग्रामीण परिवार को नल से जल योजना से जोड़ने का रिकॉर्ड बनाया गया।



## इंदौर मंदिर हादसा

# दो बॉडी और मिलीं, मौत का आंकड़ा 36 तक पहुंचा

**एजेंसी।** इंदौर

**इंदौर** के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गई। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। इंदौर नगर निगम प्रशासन ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले भवन अधिकारी परसराम अरोलिया और बिल्डिंग इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसके आदेश दिए। मंदिर को भी सील कर दिया गया है।

गुरुवार देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू फिर से शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का आखिरी शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। इसके साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया।

घटनास्थल के पास एक धर्मशाला में पटेल समाज के लोग इकट्ठा हुए थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह उनसे मिलने पहुंचे। यहां भीड़ ने हाय-हाय और मुर्दाबाद के नारे लगाए। हादसे में पटेल समाज के 11 लोगों की मौतें हुई हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा- जिन लोगों के यहां मौत हुई है, उनके परिवार से सीएम को मिलना चाहिए था। अफसरों ने पहले बताया था कि मुख्यमंत्री परिवार से मिलेंगे और उनकी पीड़ा जानेंगे। बाद में कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया।




**मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पर गैर इरादतन हत्या का केस**

**सीएम पहुंचे तो भीड़ ने मुर्दाबाद के नारे लगाए**

इधर, रीजनल श्मशान पार्क में शुक्रवार को एक साथ कई चिताएं जलीं। बता दें, करीब 60 साल पुराने मंदिर में गुरुवार को रामनवमी पर यहां पूजा की जा रही थी। 11 बजे हवन शुरू हुआ था। मंदिर परिसर के अंदर बावड़ी की गर्डर फर्शी से बनी छत पर 60 से ज्यादा लोग बैठे थे। दोपहर करीब सवा बारह बजे स्लैब भरभराकर गिर गया। सभी लोग 60 फीट गहरी बावड़ी में जा गिरे। मरने वालों में 21 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। इनमें तीन बच्चे और एक बच्ची भी शामिल है।

यह नन्हा मासूम भी इस हादसे की भेंट चढ़ गया





# रामनवमी के एक दिन बाद बंगाल-महाराष्ट्र में फिर हिंसा

**एजेंसी।** कोलकाता/ संभाजीनगर /वडोदरा

**बंगाल** और महाराष्ट्र में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा और संभाजीनगर में मंदिरों पर पत्थरबाजी की। इससे पहले गुरुवार को देशभर में रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। गुजरात के वडोदरा, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव, पश्चिम बंगाल के हावड़ा-इस्लामपुर और लखनऊ में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं।

इधर, बिहार के सासाराम और नालंदा जिले में भी हिंसा की घटना हुई है। यहां शोभयात्रा को लेकर दो



गुटों में पत्थरबाजी हुई। घरों पर बम चलाए गए। पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। तीन राज्यों में अब तक 80 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल से घटना की जानकारी ली है। हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई थी। 24 घंटे के भीतर शुक्रवार को एक बार फिर शिबपुर में पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। यहां एक वर्ग ने मंदिरों में तोड़फोड़ की है।

इसके बाद पूरे इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाइकोर्ट में हावड़ा और डालखोला में हिंसा की घटनाओं के संबंध में एक जनहित याचिका दायर की है। अधिकारी ने कोर्ट से मामले की एनआइए से जांच और हिंसा प्रभावित क्षेत्र में सीआरपीएफ की तैनाती की मांग की है। मामले पर तीन अप्रैल को सुनवाई होगी। इधर, ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हिंसा की जांच एननआइए से करने की मांग की है।

### 24 घंटे में 3095 कोरोना केस, इस साल सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में लगातार दूसरे दिन तीन हजार से ज्यादा कोरोना मरीज मिले हैं। संक्रमण से पांच मरीजों की मौत भी हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 15208 हो गए हैं। गुरुवार को 3016 मरीज मिले थे। जबकि पिछले 24 घंटे में यह संख्या 3095 रही।

पिछले छह महीनों में यह एक दिन में सबसे ज्यादा केस हैं। देश में कोरोना की पहली लहर 2020 से लेकर अब तक इससे हुई कुल मौतों का आंकड़ा 530862 हो गया है। बुधवार को महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली में दो, हिमाचल में एक और केरल में आठ लोगों की मौत हुई थी। हेल्थ मिनिस्ट्री के शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक डेली पॉजिटिविटी रेट 2.73 फीसद दर्ज की गई है।

# सजा पूरी होने से पहले नवजोत सिद्धू आज जेल से होंगे रिहा

**पायनियर समाचार सेवा।** अमृतसर

**पंजाब** कांग्रेस के पूर्व चीफ नवजोत सिंह सिद्धू एक अप्रैल को रिहा होंगे। सिद्धू के ट्विटर पेज पर शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। ट्वीट में लिखा है कि वरिष्ठ अधिकारियों ने रिहाई की सूचना दी है।

सजा के दौरान कोई छुट्टी न लेने का नवजोत सिंह सिद्धू को यह बेनिफिट मिल रहा है। उन्हें रोडरेज केस में 19 मई 2022 को एक साल



**रोडरेज केस में एक साल जेल की सजा काट रहे थे**

कैद की सजा सुनाई गई थी। सिद्धू 20 मई 2022 को जेल गए थे। वैसे तो सिद्धू की सजा 19 मई को पूरी हो रही है, लेकिन छुट्टियों के चलते उन्हें पहले रिहा कर दिया जाएगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, संगीन जुर्मों के अलावा एक महीने में सौंपे गए काम और कैदियों के आचरण के आधार पर चार से पांच दिन की छूट दी जाती है।

इसके अलावा कुछ सरकारी छुट्टियों का फायदा कैदी को मिलता है। नवजोत सिंह सिद्धू ने पूरी सजा के दौरान एक बार भी छुट्टी नहीं मांगी।

# अदालत ने की सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए आबकारी नीति मामले में शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसने कहा कि प्रथम दृष्टया आप नेता इस मामले में आपराधिक साजिश के सूत्रधार हैं।



अदालत ने कहा कि उनकी रिहाई से जारी जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और इसकी प्रगति गंभीर रूप से बाधित हो सकती है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की जमानत याचिका पर 24 मार्च को आदेश सुरक्षित रखने वाले विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने कहा कि वह इस समय उन्हें रिहा करने के पक्ष में नहीं हैं।

न्यायाधीश ने कहा, इस प्रकार, उपरोक्त चर्चा से यह स्पष्ट है कि आवेदक ने आपराधिक साजिश में सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी भूमिका निभाई थी तथा वह उक्त साजिश के उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए उक्त नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में प्रमुखता से शामिल था।

# मोदी की डिग्री की डिटेल देने का आदेश रद्द, केजरीवाल पर 25 हजार का जुर्माना

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** हाईकोर्ट के सिंगल जज जस्टिस बीरेन वैष्णव ने चीफ इनफॉर्मेशन कमिश्नर (सीआइसी) के 2016 में दिए गए आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में पीएमओ के जन सूचना अधिकारी (पीआइओ) और गुजरात यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के पीआइओ को मोदी की ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री की डिटेल पेश करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने इस मामले में आप नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जिन्होंने पीएम के डिग्री सर्टिफिकेट्स की डिटेल मांगी थी।

दरअसल, सीएम केजरीवाल ने अप्रैल 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) को एक लेटर लिखकर पीएम मोदी की शैक्षिक योग्यता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की थी। उन्होंने लेटर में लिखा कि इस मुद्दे पर किसी भी तरह के भ्रम को दूर करने के लिए डिग्री को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके बाद सीआइसी ने गुजरात यूनिवर्सिटी से पीएम मोदी की एमए डिग्री के बारे में केजरीवाल को जानकारी मुहैया कराने को कहा था। सीआइसी के इस आदेश



को यूनिवर्सिटी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट में यूनिवर्सिटी की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे। उन्होंने कोर्ट में कहा था कि केवल इसलिए कि कोई सार्वजनिक पद पर है, उसकी निजी जानकारी नहीं मांगी जानी चाहिए। लोकतंत्र में

**अरविंद केजरीवाल ने 2016 में प्रधानमंत्री की शैक्षिक योग्यता सार्वजनिक करने की मांग उठाई थी**

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पद पर आसीन व्यक्ति डॉक्टर है या अनपढ़। पीएम मोदी की डिग्री पहले से पब्लिक डोमेन में है, लेकिन डिग्री के लिए किसी तीसरे व्यक्ति को खुलासा करने के लिए आरटीआइ के तहत जानकारी देने की कोई बाध्यता नहीं है। यूनिवर्सिटी को डिग्रियों का खुलासा करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, खासकर तब जब यह कोई जनहित का मामला न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित मांग को पूरा करने के लिए कोई सूचना नहीं दी जा सकती है। मेहता ने कहा कि मांगी गई जानकारी का प्रधानमंत्री के काम से कोई लेना-देना नहीं है।

### क्या प्रधानमंत्री की शैक्षणिकता जानने का अधिकार नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को सवाल किया कि क्या देश को प्रधानमंत्री की शैक्षणिक योग्यता जानने का अधिकार नहीं है। उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने ट्वीट किया, क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री कितना पढ़े हैं? अदालत में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुर्माना लगा दिया जाएगा? ये क्या हो रहा है?



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 18.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- विजय यादव क्रिकेट अकादमी में पटौदी ट्राफी ट्रायल: सुबह 8 बजे।
- बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे।
- जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे।
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे।

**निवेश गुरु**

**निवेश** योजना बनाते समय पहली बात यह है कि आप सेटिंग करें वित्तीय लक्ष्य। हम सभी आर्थिक रूप से स्थिर होना चाहते हैं और हम सभी को आय का एक स्थिर प्रवाह चाहिए, लेकिन, कई लोग यह मानते हुए कि आर्थिक रूप से स्थिर होने की उनकी शक्ति को कम आंकते हैं, यह केवल अमीरों के लिए है। लेकिन धनी रहें, अमीर होने के बारे में नहीं है कि आप कितना कमाते हैं, बल्कि यह इस बारे में है कि आप कितना बचाते हैं। इस तरह से पहुंचने का एक तरीका हैवित्तीय योजना और वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करना।

**यूटीलिटी न्यूज**

## गांजा सहित एक तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने नशा तस्करी के मुकदमें में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी बादल मथुरा जिले के भूंडरी गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को सेक्टर-58 एरिया सीकरी पुलिस चौकी के पास पुलिस नाके से गाड़ी में अवैध नशा तस्करी करते हुए काबू किया। आरोपी की वैगनआर गाड़ी से 13.676 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी से पूछताछ की गई तो वह कोई भी जवाब नहीं दे पाया। जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह गांजा मथुरा बस स्टैंड से एक व्यक्ति से 65000 रुपये में खरीदकर लाया था।

**क्विक न्यूज**

## देशी कट्टे सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कृष्ण है जो फरीदाबाद के सहबाद गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध हथियार सहित खेड़ीपुल एरिया से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा जिसके पश्चात उसे थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

# स्मार्ट सिटी : अवैध कालोनियों से भी बदतर हाल में हैं एचएसवीपी के सेक्टर

### लाखों रुपये में मकान खरीदकर ठगा महसूस कर रहे हैं सेक्टर 21सी के निवासी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** में अवैध रूप से बसने वाली कालोनियों में समस्याएं होना आम बात है, लेकिन एचएसवीपी द्वारा योजनाबंद तरीके से बसाए जाने वाले सेक्टर में यदि समस्या उत्पन्न होने लगे तो यह चिंता का विषय है। शहर में ऐसे अनेक सेक्टर हैं, जहां मामूली सी बरसात आते ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। इन्हीं में शामिल है सेक्टर 21सी। सेक्टर 21सी शहर का पॉश इलाका माना जाता है, लेकिन यहां अन्य रिहायशी कालोनियों से ज्यादा समस्याएं हैं। एचएसवीपी और नगर निगम की लापरवाही के कारण इस सेक्टर के लोग को रोज परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। वृहस्पतिवार की शाम को हुई बरसात के कारण इस सेक्टर की कई सड़के और गलियां जलमग्न हो गई। जिससे आने जाने लोगों को तो परेशानियां हो ही रही है। कई जगह लोगों को अपने घरों से पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। यहां एचएसवीपी द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए डाली गई स्टॉर्म वॉटर लाइन पिछले कई सालों से बंद पड़ी हुई है। वहीं अनेक लोगों ने अपने घरों के आगे सड़क तक पक्के रैम्प बनाए हुए हैं। जिसके कारण बरसाती पानी को निकलने की जगह ही नहीं मिलती और पानी सड़क पर खड़ा रहता है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।



तस्वीर में साफ झलक रही है सेक्टर 21सी की बदहाल स्थिती।



निकासी की व्यवस्था न होने से सड़कों पर खड़ा बरसाती पानी।

### जाम है स्टॉर्म वॉटर लाइन

**एचएसवीपी** द्वारा किसी भी सेक्टर को विकसित करते समय सड़क, पानी, सीवर और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके साथ ही बरसाती पानी की निकासी के लिए सेक्टर में स्टॉर्म वॉटर लाइन भी डाली जाती है। ताकि बरसात आने पर पानी सड़कों पर खड़ा होने की बजाए आसानी से निकल जाए। शहर के अन्य सेक्टरों के साथ साथ एचएसवीपी द्वारा सेक्टर 21सी में भी बरसाती पानी की निकासी के लिए करोड़ों रुपये की लागत से स्टॉर्म वॉटर लाइन डाली गई थी। लेकिन स्टॉर्म वॉटर लाइनों का एचएसवीपी द्वारा कभी भी रखरखाव करने की जरूरत महसूस नहीं की जाती है। सेक्टर नगर निगम को हैंडओवर होने के बाद भी कोई इन लाइनों की तरफ ध्यान ही नहीं देता। इसी वजह से सेक्टर 21सी में वर्षों पहले डाली गई स्टॉर्म वॉटर लाइनें रख रखाव के अभाव में पूरी तरह जाम हो चुकी है। लाइनों में मिट्टी और कचरा फंस जाने की वजह से बरसाती पानी की लाइनों के जरिये निकासी नहीं हो पाती। ऐसे में जरा सी बरसात आते ही कई सड़कों और गलियों में पानी खड़ा हो जाता है।

### हादसे से नहीं लिया सबक

**सेक्टर 21सी** में बरसाती पानी से जलभराव की समस्या कोई नई नहीं है। यहां जरा सी बरसात के बाद ही सड़कों और गलियों में पानी भर जाता है। वहीं बरसात के मौसम में तो स्थिति बद से बदतर हो जाती है। बरसात के दिनों में तो यहां कई दिनों तक सड़कों और गलियों में बरसाती पानी बहता रहता है। पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने की रोड पर पानी भरने की समस्या का समाधान न होने के कारण वहां हमेशा पंप लगा रहता है। बरसात आने पर पंप के जरिये इस सड़क से पानी निकाला जाता है। वृहस्पतिवार की शाम को हुई बरसात के बाद यहां कई सड़कों और गलियों पानी भर गया है। सेक्टर की कई सड़कें टूटी हुई हैं। सड़कों पर बरसाती पानी भरने से गड्ढे जानलेवा साबित होने लगते है। गत वर्ष बरसात के दिनों में गड्ढों के कारण बरसाती में गिर कर एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम अथवा एचएसवीपी ने इससे कोई सबक नहीं लिया।



जलभराव के कारण सेक्टर में हो चुके हैं हादसे।

### शिकायतें हो रही बेअसर

**बरसाती** पानी से जलभराव की समस्याओं को लेकर सेक्टर 21सी के निवासी पिछले लंबे समय से परेशान हैं। वहीं सेक्टर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी आम बात है। सेक्टर में आए दिन सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और गलियों में बहता रहता है। स्टॉर्म वॉटर लाइनें जाम होने से बरसात का पानी सीवर की लाइनों में जाता रहता है। इस वजह से भी सीवर की लाइनें ओवरफ्लो होने लगती है। स्थानीय लोग सीवर लाइनों की सफाई और स्टॉर्म वॉटर लाइनों को खुलवाने के लिए लंबे समय से एचएसवीपी और नगर निगम के अधिकारियों से शिकायतें करते आ रहे हैं। यहां तक कि करीब पांच साल पहले उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए खुले दरबार में भी सीवर और स्टॉर्म वॉटर लाइनों के जाम होने की शिकायत को रखा था, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों ने आज तक समस्या का समाधान करने की जरूरत नहीं समझी।

### बदहाल है सेक्टर



**सेक्टर** 21 सी निवासी समाजसेवी जगदीश चौहान का कहना है कि संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण यहां की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यहां जहां देखो वहीं समस्याएं ही समस्याएं नजर आती हैं। सीवर और स्टॉर्म वॉटर लाइनों की सफाई के लिए उन्होंने वर्ष 2017 में सीएम के खुले दरबार में शिकायत रखी थी लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों ने आज तक इस समस्या का समाधान करने की जरूरत नहीं समझी।

# गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग पर जोर : अपराजिता

### रबी सीजन की फसलों की खरीद और लिफ्टिंग पर की गई मंत्रणा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बैठक को संबोधित करती एडीसी अपराजिता।

**अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने कहा है कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फसलों व रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य एक अप्रैल से किया जा रहा है और लिफ्टिंग कार्य भी साथ साथ किया जाना सुनिश्चित करें।

एडीसी अपराजिता आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकारी एजेंसियों द्वारा जिला फरीदाबाद में रबी सीजन फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में तैयारियों की समीक्षा कर रही थी। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हैफेड, एफसीआई,वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, राजस्व और कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी ली गई। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए साफ- सफाई, झराई, तुलाई, उठाई, फसलों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अदायगी सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से मंत्रणा की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरसों की खरीद फरोख्त और उठान का काम निरंतर चलाया जा रहा है। वहीं आज एक अप्रैल से गेहूं,चना और जौ की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है। सरकारी एजेंसियां द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरसों की खरीद 5450/- रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं की 2125/-रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की डाक्टर संगीता, हैफेड, एफसीआई, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, राजस्व आदि के अफसर मौजूद रहे।

# परम ही ब्रह्म शक्ति है : भारती शर्मा

### अंर्तराज्यीय प्रशिक्षण शिविर में लोगों को संबोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



शिविर को सम्बोधित करती भारती शर्मा व कृतिका शर्मा।

**परमजी** के बताए हुए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कभी भी असफलता का मुंह नहीं देखता, क्योंकि परम ही ब्रह्म शक्ति है। यह बात पीउवाई कि टीचर एवं प्रेरक भारती शर्मा ने सेक्टर 19 स्थित परमधाम में पीउवाई फरीदाबाद शाखा द्वारा आयोजित रामनवमी महोत्सव पर अंर्तराज्यीय प्रशिक्षण शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में हम लोग गुरुजनों और संत महात्माओं के प्रवचन और उनके आदर्शों पर अमल नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि आज हमारा व्यस्ततम जीवन परेशानियों और बीमारियों से घिरा है। उन्होंने कहा कि पीउवाई परम योग एक ऐसा मंत्र है जिसे अपनाने से हर व्यक्ति प्रसन्न और प्रफुल्लित रहता हैं। भारती शर्मा की सहायक कृतिका शर्मा ने कहा कि पीउवाई के द्वारा हमें सदमार्ग पर चलने, दूसरों की मदद करने तथा अपने सुख और स्वास्थ्य की सारी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। हमें परमजी में आस्था प्रकट करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सर्वेश्वर दत्त शर्मा, संजय कक्कड़, सरोज बाला, संगीता कक्कड़, उत्तर प्रदेश से सत्येंद्र, हनुमान शरण, पूनम सक्सेना, दीप श्रीवास्तव, हिमाचल से विजय, वीरेंद्र, राहुल कौशल, पश्चिम बंगाल से रूमा डे, फ्लाराल, बेंगलुरु से दीपक मल्होत्रा, संजय तथा राजस्थान से प्रिया और उनकी टीमों ने प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया।

# कुक सहित सात पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत्त

### समारोह पूर्वक पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई पार्टी

### सीपी ने सेवानिवृत्ति पाने वाले सभी सदस्यों को फूल माला, स्मृति चिह्न और भेंट किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों संग सीपी विकास कुमार अरोड़ा।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस परिवार के 7 सदस्यों का सेवाकाल पूर्ण होने उपरांत विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21C में किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ एसीपी विनोद कुमार व कार्यालय के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्ति पाने वाले सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले इंस्पेक्टर प्रेमराज व शाहबुद्दीन, उपनिरीक्षक इस्लाम, राजेंद्र, इंद्राज व उमेद तथा कुक सतपाल को सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। निरीक्षक शाहबुद्दीन व प्रेमराज ने पुलिस विभाग में क्रमशः 38 व 33 साल की लम्बी सेवा दी है। उपनिरीक्षक इस्लाम खान, इंद्राज और उमेद सिंह ने पुलिस विभाग में 34 साल की लम्बी सेवा देने के उपरान्त पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। उप निरीक्षक राजेंद्र 33 वर्ष तथा कुक सतपाल ने पुलिस विभाग में 21 साल तक कार्यरत रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया।

पुलिस आयुक्त ने सेवानिवृत्ति पाने वाले सभी सदस्यों को फूल माला, स्मृति चिन्ह और भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# आयुष विभाग और विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

### एक हजार योग सहायकों और छह हजार पीटीआई को प्रशिक्षण देगा श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एमओयू का आदान-प्रदान करते श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ और आयुष विभाग की संयुक्त निदेशक वंदना सिसोदिया।

**श्री** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और हरियाणा के आयुष विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इसके अंतर्गत श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रदेश के छह हजार पीटीआई और 1000 योग सहायकों को प्रशिक्षण देगा। साथ ही विश्वविद्यालय आयुष विभाग के साथ मिल कर विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग भी करवाएगा। इसके लिए बाकायदा विद्यार्थियों को छह महीने के लिए पांच हजार रुपए मासिक स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। आयुष विभाग की संयुक्त निदेशक वंदना सिसोदिया और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रो. आरएस राठौड़ ने कहा कि आयुष विभाग के साथ यह एमओयू अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे योग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग करने के लिए एक अच्छा विकल्प मिल गया है। योग कोर्स कर रहे विद्यार्थी आयुष विभाग के साथ मिलकर ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। इस दौरान उन्हें बाकायदा स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह राशि आयुष विभाग द्वारा वहन की जाएगी। कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने बताया कि श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय प्रदेश में कार्य कर रहे लगभग 1000 योग सहायकों को भी प्रशिक्षण देगा इसी के साथ 6000 पीटीआई के लिए भी प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे भविष्य में बेहतर नतीजे सामने आएंगे। विश्वविद्यालय में योग कोर्स को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि विद्यार्थियों को आयुष विभाग में ऑन द जॉब ट्रेनिंग करने का मौका मिलेगा। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि सरकार बाकायदा उन्हें पांच हजार स्टाइपेंड भी देगी। इससे विश्वविद्यालय के सीखो और कमाओ, अपनी पहचान बनाओ की अवधारणा और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि योग के क्षेत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के पास कई महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। आने वाले दिनों में इन पर काम शुरू होगा। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग की संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल ने कहा कि हमारे पास उत्कृष्ट श्रेणी के प्रशिक्षक हैं। उनका सदुपयोग इस प्रशिक्षण अभियान के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (RPL) के अंतर्गत 40 घंटे का स्किल ब्रिज कोर्स भी करवाया जाएगा। इसका प्रारूप तैयार कर लिया गया है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

तेरे भीतर है जैसा रब मेरे भीतर है वैसा रब
मगर आवाज़ है मन की रखूँ ख़ामोश अपने लब
यहाँ अब कौन जो सोचे कि ये त्यौहार भी अपने
हमारी आस्था के हैं या फिर उन्माद के हैं अब

# नवरात्र के बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को दी विदाई

### पूजा के दौरान पंडाल में पश्चिम बंगाल की संस्कृति से जुड़े विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

**कविता।** फरीदाबाद



मां दुर्गा की विदाई में एक दूसरे को सिंदूर लगातीं महिलाएं।

**आशचे** बोचोर आबार होबे के उद्घोषों के साथ पिछले पांच दिनों से शहर में जगह-जगह चल रहा दुर्गापूजा महोत्सव शुक्रवार को दशमी पर सम्पन्न हो गया। शुक्रवार सुबह पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने परम्परागत तरीके से एक दूसरे को सिंदूर लगा कर मां दुर्गा को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी।

दोपहर बाद शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए दिल्ली और आसपास के इलाकों में स्थित यमुना नदी के घाटों पर ले जाया गया। इससे पूर्व बृहस्पतिवार की शाम को दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में पश्चिम बंगाल की संस्कृति से जुड़े विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शहर के प्रसिद्ध सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर के दुर्गापूजा पंडाल में आयोजित बंगाल के परम्परागत धुनीची नृत्य प्रस्तुत कर रहे श्रद्धालुओं के हैरतअंगेज कारनामों ने दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर दिया। इस परम्परागत प्रतियोगिता के बाद रातभर पूजा पंडाल में कलाकारों द्वारा विभिन्न तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बंगाल की समाज होती संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने के लिए बंगाल के कलाकारों और वहां के जंगलों में रहने वाले आदिवासी कलाकारों के जरिये बताया गया।

**खेली सिंदूर की होली :** दुर्गापूजा उत्सव के अंतिम दिन दसमी पर फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर के पूजा पंडाल में सुबह दस बजे के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुबह बंगाली रीति रिवाजों के साथ पूजा अर्चना करने के बाद पुरोहितों ने धार्मिक एवं परम्परागत तरीके से मां दुर्गा को विदाई दी। इस मौके पर पूजा पंडाल में दही चिड़वे का प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में सिंदूर लगा कर उन्हें नम आंखें से विदाई देने के साथ ही अगले साल जल्दी लौट कर आने का आर्शीवाद मांगा।

इस बार में जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव एके पंडित ने बताया कि पूजा पंडाल में पश्चिम बंगाल के परम्परागत धुनीची नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस नृत्य में भाग लेने वाले लोग अपने हाथों में धूनें लेकर नृत्य करते हैं। मिट्टी के चिलमनुमा धूनों में नारियल के छिलकों संग जलाया जाता है। इस मौके पर कोलकता से आए कलाकारों ने अलग अलग रंगारंग कार्यक्रमों से लोगों का मन मोह लिया।

# स्कूल के वार्षिक उत्सव में पहुंचे पूर्व मंत्री



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के भूड कॉलोनी में स्थित लार्ड कृष्णा प्ले स्कूल ने अपना पांचवां वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से आयोजित किया। जिसमें पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी वितरण किये। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का आने वाला भविष्य बताया और संदेश दिया की खूब दिल लगाकर पढ़ो और अपने माता पिता का नाम रोशन करों लेकिन कभी भी कम नंबर आने पर निराश न हों बल्कि पहले से अधिक मेहनत करो। विपुल गोयल ने इस मोके पर स्कूल के सभी अध्यापक गणों को भी संदेश देते हुए कहा की अध्यापक हमेशा छात्रों के जीवन में एक शिल्पकार की भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार मिट्टी को कोई भी रूप देकर उसे मूर्तिकार कितना भी सुंदर और अच्छा बना सकता है।

**लाश की शिनाख्त**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.03.2023 को एक नामपता लापता व्यक्ति की बीमार अवस्था में निकट 28/29 पुल ओल्ड फरीदाबाद चौक के पास मिली है। जिसको ईलाज के लिए बीके अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुनः आगामी ईलाज को सफदरगंज दिल्ली भेजा गया जो ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। जिसकी शिनाख्त हेतु मोर्चरी सफदरगंज अस्पताल दिल्ली में रखी गई है। जिसके सम्बन्ध में थाना ओल्ड फरीदाबाद में डीडी नं.20, दिनांक 12.03.2023 अंकित है। जिसका हुलिया इस प्रकार से है। रंग सांवला, गोल चेहरा, सामान्य शरीरिक बनावट, दाढ़ी में काले सफेद बाल, चप्पटी गोल नाक, कद करीब पांच फुट 6 इंच, उम्र करीब 35-38 साल, शरीर पर काला व सफेद धारीदार टी शर्ट, काला पैंट, पैर में काले जूते पहने हुए हैं।

एसएचओ- 9582200123, ओल्ड फरीदाबाद
0129-2296824-थाना ओल्ड फरीदाबाद।

# यूनिफॉर्म पहनने को कहा तो कर दी अध्यापक की पिटाई

कविता। फरीदाबाद

### इस तरह की आयेदिन हो रही घटनाएं गंभीर चिंता का विषय : वत्स

**गुरू** के कहने पर एकलव्य ने अपना अंगूठा दक्षिणा स्वरूप काट कर दे दिया था। आज कलयुगी स्कूली छात्र ने अपने साथियों के संग मिलकर अध्यापक पर जानलेवा हमला कर दिया। मामला सीकरी के एक निजी स्कूल का है। अध्यापक का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने छात्र को पूरी ड्रेस पहनकर स्कूल आने के लिए कहा था। इससे खफा छात्र ने साथियों संग मिलकर अध्यापक को बुरी तरह से पीट दिया। घायल अध्यापक को अस्पताल में भर्ती करवा गया है।

**यह है पूरा मामला:** सीकरी गांव निवासी चंद्रपाल गांव के ही एक निजी स्कूल में पीटीआई अध्यापक है। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा का एक छात्र पूरी ड्रेस पहनकर नहीं आता था। इसलिए उन्होंने उसे डांट लगा दी। अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को चंद्रपाल अपनी बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे। रास्ते में एक कार ने उन्हें पीछे से



रघु वत्स।

टक्कर मार दी। तभी कार से वह छात्र अपने दोस्तों के साथ निकला और उन्हें ललकारते हुए मारने दौड़ा। यह देख वह भागकर एक दुकान में छिप गए। छात्र और उसके साथियों ने शिक्षक को दुकान से खींच कर बाहर निकाला और रॉड, डंडे, लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हमलावरों से शिक्षक को बचाया। जिस पर हमलावर छात्र जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

लोगों ने चंद्रपाल को बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें बीके अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने भर्ती करते ही सूना पुलिस को दी। एसएचओ सीकरी इंस्पेक्टर जयबीर ने बताया कि पीड़ित शिक्षक के बयान के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



**मर्यादा ही समाप्त :** अतिथि अध्यापक संग के जिला प्रधान रघु वत्स ने कहा कि जिले में इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही है। ऐसे में गुरू और शिष्य के रिश्ते की मर्यादा ही समाप्त होती जा रही है। गुरू को भगवान का दर्जा देने वाले देश में आज ऐसी घटनाएं मन को आघात करने वाली हैं। हमारे समय में गुरू शिष्य को पीटते भी थे, लेकिन अब बच्चों को कुछ भी कहना अपमान लगने लगा है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को समझायें। उन्होंने सीपी से अनुरोध किया है कि हमलावरों छात्रों को गुरूजनों का महत्व समझाया जाए। ताकि आगे कोई भी छात्र इस तरह से शिक्षकों पर हाथ न उठाएं।

# लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा सरकार : आफताब

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कांग्रेस** विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने शुक्रवार को फरीदाबाद में प्रेसवार्ता कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान फरीदाबाद कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक व पार्टी नेता भी मौजूद रहे। विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला, कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, तरुण तेवतिया, नीरज गुप्ता, अभिलाष नागर, संजय सोलंकी, अनिल कुमार नेताजी, इशांत कथूरिया, राहुल सरदाना आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र व संविधान का गला घोट रही है। जिसके विरोध में देश भर में पत्रकार वार्ता की जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर असंवैधानिक कार्य किया है। वो लोकसभा में अडाणी का मुद्दा उठा रहे थे व अडाणी और प्रधानमंत्री के रिश्तों को लेकर सवाल



पूछ रहे थे। केंद्र सरकार ने सवालों से बचने के लिए सदस्यता रद्द कर दी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री बताएं कि विदेश यात्रा पर कितनी बार गौतम अडाणी प्रधानमंत्री के साथ गए और कितनी यात्राओं में पीछे से प्रधानमंत्री को ज्वाइन किया या तुरंत बाद अडाणी वहां पर कितने बार पहुंचे।

कितने ऐसे देश हैं जिन्होंने पीएम की यात्रा के बाद गौतम अडाणी को कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं और अडाणी ने बीजेपी को पिछले बीस साल में कितने पैसे दिए या इलेक्टोरल बॉन्ड में पैसा दिया। अडाणी पहले एक दो बिजनेस करते थे लेकिन अब ये आठ-दस सेक्टर में काम करते हैं, इसमें एयरपोर्ट, डेटा सेंटर, सीमेंट, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, एयरोस्पेस एंड डिफेंस, कंज्यूमर फाइनेंस, रिन्यूएबल, मीडिया और पोर्ट शामिल हैं। 2014 में अडाणी का नेट वर्थ आठ बिलियन डॉलर था, वो 2022 में 140 बिलियन डॉलर कैसे हुआ। 2014 में दुनिया की सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में अदानी 609 नंबर पर थे और अब दूसरे नंबर तक पहुंच गए। इस समय असम के मुख्यमंत्री हेमंत जो पहले कांग्रेस में मंत्री थे उनका नाम शारदा चिट फंड घोटाले में आया, अगस्त 2014 में हेमंता के गुवाहाटी स्थित घर पर सीबीआई ने रेड मारी, हेमंता ने इसके कुछ महीने बाद ही बीजेपी ज्वाइन कर ली, बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्हें कभी सीबीआई ने पूछताछ के लिए नहीं बुलाया।

इसी तरह सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल, नारायण राणे महाराष्ट्र के बीजेपी नेता व केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल, बीजेपी सांसद संजय पाटिल जैसे कितने मामले हैं जो साफ संकेत देते हैं कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार को बढावा देती है और संरक्षण भी अगर आरोपी भाजपाई है तो। जबकि विपक्ष के नेताओं को जनता की आवाज बुलंद करने पर भी सजा देती है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी आदि पर वक्तव्य दिया था जिसे भाजपाई सरकार पिछडा विरोधी प्रचारित कर रही है। दरअसल भाजपाई सरकार फंस गई है और अडाणी को बचाने की हताशा में गलत आरोप प्रत्यारोप कर रही है। आफताब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी मामले पर पार्टी कानूनी व राजनैतिक तरीके से लड़ाई मजबूती से लडेगी।

# कर्मचारियों ने काले झंडे और झाड़ू के साथ किया प्रदर्शन



**काले बिल्ले लगा, उल्टी झाड़ू और काले झंडे के साथ प्रदर्शन करते निगमकर्मी।**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार को कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमो व अग्निशमन के कर्मचारियों ने काले झंडे व उल्टी झाड़ू के साथ प्रदेश के मुख्य मार्गों पर आक्रोश प्रदर्शन किया। कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि कई जिलों में तेज हवाओं व बारिश के बावजूद भी कर्मचारियों ने जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने विगत कल पानीपत में सीवर हादसे में मारे गए ठेका कर्मचारी व उसको बचाने के लिए शिविर में उतरे ट्रांसपोर्ट के परिवार को 50-50 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि, परिवार के एक सदस्य को पक्की नौकरी देने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग कर रहे थे। संघ ने चेतावनी दी है कि सरकार सीवर एवं सेफ्टी टैंक में गरीब सफाई कर्मचारियों की हो रही मौतों पर सख्ती से रोक लगाएं अन्यथा संघ सरकार के खिलाफ जन आंदोलन चलाएगा।

गौरतलब है कि पालिकाओं एवं अग्निशमन के कर्मचारी सरकार की हठधर्मिता वादाखिलाफी तथा अफसरशाही के खिलाफ व सरकार के पत्र के अनुसार वर्षों से लगे अनुबन्धित के कर्मचारियों को 4298 सफाई कर्मियों व 68 सीवर मैनो के रिक्त पदों पर नियमत भर्ती प्रकिर्या से पक्का करने, एलटीसी, समान काम समान वेतन देने की मांग को लेकर पिछले 5 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन सरकार कर्मचारियों के साथ किए गए समझौते में मानी गई मांगों के पत्र जारी करने में विलंब कर रही है। वहीं जो पत्र जारी किए हैं, उन पत्रों को अफसर इंप्लीमेंट करने को तैयार नहीं है। इसलिए पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में कोरोना का कहर जारी, 20 पॉजिटिव मिले

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना वायरस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को 20 नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। जबकि एक अच्छी बात यह भी है कि कोविड संक्रमित आठ पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है। वहीं शुक्रवार को जिले में रिकवरी रेट भी 99.40 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में अब तक 1839496 लोगों को सर्विलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्विलांस पूरा कर लिया है, उनकी संख्या 1839339 हो गई है। जिले में 157 कोराना पॉजिटिव लोगों को सर्विलांस पर रखा गया है। फिलहाल जिले में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 75 पर पहुंच गया है। जिसमें कोरोना के तीन पॉजिटिव मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 1792730 |
| अब तक पॉजिटिव | 1359091 |
| अब तक नेगेटिव | 1656757 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 66 |
| अब तक मौत | 741 |

### सेवानिवृति पर अतिथि अध्यापकों ने किया सम्मान

**बल्लभगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द में कार्यरत सामाजिक अध्ययन के अध्यापक चन्द्रपाल सम्मानजनक सेवाकाल को पूरा कर शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। अतिथि अध्यापक संघ से जिला प्रधान रघु वत्स समारोह में अपनी टीम के साथ सामिल हुए और चन्द्रपाल का शाल व स्मृतिचिह्न भेट कर सम्मानित किया। वत्स ने बताया कि चन्द्रपाल को बच्चों से बहुत लगाव था। विद्यालय समय के बाद विद्यालय और छात्र हित में लगे रहते थे। चन्द्रपाल के सरल स्वभाव के कारण कार्यक्रम में अध्यापक समाज के साथ-साथ अन्य विभागों से कर्मचारी और सामाजिक लोग भी उपस्थित हुए। सभी ने अपने संबोधन में चन्द्रपाल के द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान समाज में किए सराहनीय कार्यों की भी प्रशंसा की। उनके द्वारा विद्यालय और समाज से प्रभाव के कारण उपस्थित ग्रामीणों ने खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथि अध्यापक संघ से गोपाल शास्त्री, ईनामी सिंह तेवतिया, उमेश कुमार, परम रावत, नरेन्द्र सराव, सतीश कुमार, ओमपाल शास्त्री, कमल दीक्षित, पूनम गोयल, राधा रानी, अर्चना, अनीता शर्मा, दर्शन, नीतू रानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह आयोजित


**फरीदाबाद।** सेक्टर नौ स्थित डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरीश शर्मा रिटायर्ड डिप्टी लेबर कमिश्नर सोनीपत, कांता शर्मा, मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ अखिल महाजन, सेवाराम, गोविंद वत्स, सुलेखा बाटला प्रेसिडेंट, समाजसेवी रमा सरना, मार्केटिंग डायरेक्टर मोहित अग्रवाल, नालंदा स्कूल के प्रिंसिपल के अलावा नीलम दुग्गल, पुष्पा आदि गणमान्य अतिथियों ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के कुछ वरिष्ठ अध्यापकों को भी सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी श्रृंखला में विद्यालय के सहायक स्टाफ के कुछ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा



**फरीदाबाद।** सेक्टर-77 स्थित केएलजे सोसायटी जलविहार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें 101 महिलाओं ने शोभायात्रा निकाली। कलश यात्रा सोसायटी के नजदीक श्रीराम मंदिर तक जाकर नगर परिक्रमा करते हुए ढोल नगाड़े के साथ वापस कथा स्थल पर पहुंची। कथा का आयोजन अविनाश गुप्ता करा रहे हैं, कथावाचक काशी की पावन धरती से पधारे हुए आचार्य सर्वेश पांडे ने कलश पूजन करा कर मंगलाचरण किया। कथा के प्रथम दिवस भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। श्री राम नवमी के पावन अवसर पर यह कथा लोक मंगल कामना से की जा रही है। इस अवसर पर गुड़गांव से पधारे हुए शीतांशू गुप्ता ने सभी महिलाओं का धन्यवाद किया और बताया कलयुग के प्रभाव को काटने की क्षमता श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में है। विशेष रुप से अजीत कुमार की पत्नी रागिनी देवी के साथ अंजली गुप्ता, सोनी गुप्ता, रश्मि प्रकाश, कल्पना शर्मा, मुक्ता यादव, नूतन मिश्रा, ईशा चोपड़ा, मिली, सुषमा, ओझा, शारदा, मिंटू आदि महिलाओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। कथा 6 अप्रैल तक चलेगी। हनुमान जी के जन्मोत्सव पर कथा का विश्राम यज्ञ और भंडारे के साथ होगा।

### पाली कूड़ा घर बनाने के विरोध में हुई महापंचायत



**फरीदाबाद।** पाली गांव में कूड़ा घर को लेकर शुक्रवार को महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सभी ने अपने अपने विचार रखे और सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि गांव के पहाड़ में कूड़ाघर नहीं लगाने दिया जाएगा। पंचायत में पाली क्रेशर जोन के प्रधान धर्मबीर भड़ाना ने शिरकत की। लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले सरकार सोतई गांव में कूड़ा घर बनाने जा रही थी, लेकिन वहां से पुरजोर विरोध के कारण अब नगर निगम ने पाली गांव के पहाड़ में कचरा घर बनाने जा रहा है, जिसका पाली गांव एवं समस्त अरावली के नजदीक के सभी गांव इससे प्रभावित होंगे। भड़ाना ने बताया कि अगर सरकार जल्द अपना फैसला वापस नहीं लेती है, तो हम पूरी ताकत के साथ आंदोलन करेंगे। इस कचरा घर को किसी भी हालत में यहां नहीं बनने देंगे। इस मौके पर सरपंच रघुवर प्रधान, जिला पार्षद हरेंद्र भड़ाना एवं राजबीर ने कहा कि ने फरीदाबाद का प्रतिदिन 850 टन कूड़ा बधवाडी में फेंका जाता है लेकिन अब बधबाड़ी प्लांट बंद होने वाला है। इस प्लांट को अब पाली गांव में बनाने की योजना है। जिससे कि आस-पास के सारे गांवों में चारों तरफ बदबू फैलने की आशंका है। डंपिंग यार्ड बनने से आसपास के स्कूल, कॉलेज, मकान और पर्यावरण पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। इसलिए सरकार को यह डंपिंग यार्ड आबादी से बहुत दूर बनाना चाहिए। इस मौके पर पाली कैप्टन तेज सिंह, आजाद भड़ाणा, सरजीत भड़ाना, पप्पी ठेकेदार, मनोज भड़ाना, टुंडा भडाणा, करण सिंह प्रधान, दादा रघुवर ग्यासी, ठेकेदार राकेश, चंडी भड़ाना, बलवान, रणजीत सिंह, चीफ इंजीनियर मलखान, राजबीर, मेंबर श्यामवीर भड़ाना, विनोद भडाणा, सूरज भड़ाना एवं अन्य उपस्थित रहे।

### डीसीपी ने बैठक कर सुनीं आमजनों की शिकायतें

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह द्वारा आज पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीसीपी ने समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग करके सामाजिक समस्याएं सुनीं। उनके हल के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को अहम दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में इंस्पेक्टर सविता सहित बल्लभगढ़ जॉन के थाना प्रभारी तथा वासुदेव, देवेंद्र, राजकुमार, योगेश, अंजुल, प्रताप सिंह, भगत सिंह, किशन, जरनैल अजीत, राममेर, महावीर व प्रेम इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस से संबंधित सामाजिक मुद्दों की सुनवाई व उनके समाधान के लिए पुलिस पब्लिक कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

# मलेरिया विभाग के तीन कर्मी सेवानिवृत

### बीरबल और सोहनलाल ने 30-30 वर्ष तो देवीसिंह ने 18 दीं वर्ष सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत तीन कर्मचारी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत हुए तीनों कर्मचारी मलेरिया विभाग में फील्ड वर्कर के पद पर कार्यरत थे। तीनों की सेवानिवृति के मौके पर मलेरिया विभाग में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अन्य कर्मचारियों के साथ साथ जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रामभगत विशेष रूप से मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को मलेरिया विभाग से बीरबल, देवी सिंह और सोहनलाल को सेवानिवृति दी गई है। बीरबल और सोहनलाल ने



**मलेरिया विभाग से सेवानिवृत हुए बीरबल, सोहनलाल और देवीसिंह।**

विभाग को 30-30 वर्ष और देवीसिंह ने 18 वर्ष अपनी सेवाएं दी है। विदाई समारोह में उनके साथी कर्मचारियों के साथ साथ जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रामभगत ने उन्हें माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उनके साथी कर्मचारियों की तरफ से तीनों सेवानिवृत कर्मचारियों उपहार भी भेंट किये गए। समारोह में शामिल होने के लिए तीनों कर्मचारियों के परिवार के सदस्य और मित्र भी आए हुए थे।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**फरीदाबाद।** सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, बल्लभगढ़ के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार रहे।

प्राचार्य राजपाल सिंह ने मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार का व अतिथि डॉ. दिनेश जून का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई तत्पश्चात एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना कौशिक ने शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्वयंसेवकों द्वारा 7 दिन में सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन करते हुए कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आपको सर्वप्रथम अपने आप को खुश रखते हुए समाज को खुश रखने का एक रास्ता एनएसएस है।

# 42वें बैच के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया

### स्टूडेंट्स को मिला 15.5 लाख रुपये का एवरेज पैकेज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**इंस्टीट्यूट** ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद (आईआरएमए) ने हाल ही में अपने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (रूरल मैनेजमेंट) - पीजीडीएम (आरएम) प्रोग्राम के 42वें आउटगोइंग बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी की। आईआरएमए को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 2021-23 के बैच ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया है। प्लेसमेंट के दौरान हाईएस्ट पैकेज 26.5 लाख रुपये प्रति वर्ष का ऑफर किया गया।

इस बैच में रिक्रूटर्स द्वारा दिया गया एवरेज पैकेज 15.5 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जो 2022 के बैच से अधिक है। औसत सीटीसी 15 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, वहीं सबसे कम 08.5 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज रहा। इसके साथ ही छात्रों को फ्लिपकार्ट, जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड, आईटीसी, पीआई इंडस्ट्रीज, प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पीडब्ल्यूसी) और टाटा स्टील सहित प्रतिष्ठित संस्थानों से 36 प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए।

आईआरएमए के डायरेक्टर डॉ. उमाकांत दाश ने प्लेसमेंट प्रक्रिया के फलदायी रूप से संपन्न होने पर अपार खुशी और गर्व व्यक्त किया। डॉ. दाश ने कहा कि 2021-23 के पीजीडीएम (आरएम) बैच ने महामारी के बीच में अपनी यात्रा शुरू की और पहले अपने उत्कृष्ट समर इंटर्नशिप और अब अपने शानदार कैंपस प्लेसमेंट के साथ एक रेसीलेंट ग्रुप साबित हुआ है। आईआरएमए के पास बेजोड़ एकेडमिक एक्सीलेंस की विरासत है। 2023 बैच के प्लेसमेंट इसकी गवाही देते हैं। हम अपने सभी प्रतिष्ठित रिक्रूटनिंग पाटर्नस, नए और जो पहली भी हमारे प्लेसमेंट प्रोसेस में शामिल हो चुके हैं को आईआरएमए के स्टूडेंस में विश्वास दिखाने और उन्हें प्रतिष्ठित भूमिकाएं और अवसर प्रदान करने के लिए बहुत आभारी हैं।

2021-23 बैच के लिए, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) इंडस्ट्री प्रमुख रिक्रूटर्स बने रहे, जिसमें लगभग 42 प्रतिशत छात्रों को इस क्षेत्र में प्लेसमेंट मिला। आईआरएमए के 2021-23 बैच के लिए फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) और रिटेल और ई-कॉमर्स दूसरे और तीसरे सबसे बड़े रिक्रूटर्स के रूप में उभरे। एसोसिएट डीन (प्लेसमेंट) प्रो.आशीष अरगाडे ने कहा कि 2021-23 के बैच की प्लेसमेंट प्रक्रिया नए तरीकों का संकेत है जो आईआरएमए अपने छात्रों की आकांक्षाओं और इंस्टीट्यूट के मिशन को बैलेंस करने के लिए खोज रहा है। हमारे छात्र ग्रामीण ग्राहकों के लिए प्रोडक्ट विकसित करने के लिए बैंकों और एनबीएफसी में शामिल होते हैं।

# सर्वोदय में हुआ पहला आर्टेरियल स्विच ऑपरेशन

### अस्पताल के डॉक्टरों ने चार माह के बच्चे का ऑपरेशन कर दी नई जिंदगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-** आठ स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी की टीम ने एक 4 महीने के बच्चे का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करके उपचार किया। उस बच्चे के हृदय में छेद था। उसके हृदय से निकलने वाली दो मुख्य धमनियां (आर्टरीज) बदल गयी थी।

उसकी जान बचाने के लिए डॉक्टरों ने फरीदाबाद में पहली बार हार्ट ऑपरेशन में सबसे जटिल प्रक्रिया मानी जाने वाली आर्टेरियल स्विच ऑपरेशन को सफल अंजाम दिया। ज्ञात हो कि गुरुग्राम का रहने वाला बच्चा आदित्य, जन्म से ही इस बीमारी से ग्रसित था। उसे सर्दी और बुखार, स्तनपान ना करने की इच्छा ,बार-बार निमोनिया, त्वचा का नीलापन और जरुरी वजन के ना बढ़ने जैसे लक्षण थे। आसपास के कई डॉक्टरों से इलाज कराने के बाद भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। सर्वोदय हॉस्पिटल पहुंचने पर, बच्चे को टीजीए (हृदय की सबसे बड़ी आर्टरीज का बदलना) और वीएसडी (वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट या दिल में छेद) का पता चला। टीजीए एक गंभीर



**ऑपरेशन के बाद बच्चा अपनी मां और चिकित्सकों के संग।**

और दुर्लभ हृदय की स्थिति है जिसमें हृदय से रक्त ले जाने वाली दो मुख्य धमनियां-मुख्य पल्मोनरी आर्टरी और एओर्टा-अपनी जगह बदल लेती हैं। बच्चे के दिल में दाएं और बाएं वेंट्रिकल के बीच एक छेद भी था, जिसे वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट (वीएसडी) कहा जाता है उसे गंभीर पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन भी था। संक्षेप में, बच्चे के दिल में छेद था, उसकी दोनों बड़ी धमनियां उलटी स्थिति में थीं, और उसके फेफड़ों की धमनियों में उच्च रक्तचाप था।

डॉ. वीरेश महाजन, निदेशक-पीडियाट्रिक कार्डियक साइंस ने बताया कि ग्रेट आर्टरीज का बदलाव (ट्रांस्पोसिशन) नवजात शिशुओं में जानलेवा हो सकता है। बच्चे के जीवित रहने और दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए समय पर बीमारी का सही कारण पता लगना बहुत जरुरी था। टीजीए का समय रहते पता लगना एवं उचित सही इलाज सर्जरी के बेहतर परिणामों में मदद करता है। उचित निदान और चिकित्सा ना होने पर टीजीए हार्ट फेलियर और ब्रेन डैमेज जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकता है। टीजीए से पीड़ित शिशुओं में कई तरह के लक्षण हो सकते हैं, जिनमें सांस लेने में कठिनाई, तेज़ धड़कन, कमजोर नाड़ी, त्वचा का रंग नीला पड़ना और आहार ना लेना शामिल हैं। डॉक्टरों की टीम ने आर्टेरिअल स्विच ऑपरेशन के साथ वीएसडी क्लोजर (दिल में छेद को बंद करना) करने का फैसला किया। सर्जरी के लिए टीम में दो पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, दो कार्डियक सर्जन, एक पीडियाट्रिक कार्डियक एनेस्थिसियोलॉजिस्ट और एक पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट शामिल थे।

डॉ. वेद प्रकाश, वरिष्ठ कंसलटेंट- कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर में हमने बच्चे को कार्डियो-पल्मोनरी बाईपास पर रखा और फिर आर्टेरियल स्विच ऑपरेशन करने के लिए चिकित्सकीय रूप से उसके दिल को अरेस्ट किया। हमने एओर्टा और पल्मोनरी आर्टरीज को उस जगह के ठीक ऊपर काटा जहां से वह हृदय से अलग हो रही थी और उन्हें उचित वेंट्रिकल से फिर से जोड़ दिया। इससे जो पहले पल्मोनरी वाल्व था वो एओर्टिक वाल्व बन गया और जो एओर्टिक वाल्व था वो पल्मोनरी वाल्व बन गया। कोरोनरी बटन्स को काटकर उनका पुन- आरोपण हमारे लिए काफी चुनौतीपूर्ण था। बच्चे के दिल में छेद भी भर दिया गया था।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : कौशल

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

### सीएस ने राज्य स्तरीय टास्क फोर्स (खनन) की बैठक में दिए प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों दिशा-निर्देश

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विडियो कांफ्रेंस के जरिये कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों सहित फरीदाबाद में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गण सख्ती से पेश आएं और इस कार्य की नियमित तौर टीमें निगरानी के लिए गस्त कर समीक्षा करें। साथ ही उसकी प्रगति रिपोर्ट भी आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें।

सीएस संजीव कौशल शुक्रवार को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। सीएस संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने जिलों में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णत: सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। सीएस संजीव कौशल मुख्यालय के सभी अधिकारियों के साथ जिलेवार एक एक करके अवैध खनन क्षेत्रों और अवैध क्रेशरजोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दे रहे थे। सीएस ने जिला वार बैठक में 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा भी की। वहीं प्रदेश में जिला वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की गई।

# यौन उत्पीड़न की शिकार होने पर भी महिलाएं दर्ज नहीं करातीं शिकायतें

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकने के लिए हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोलती दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल।

**दिल्ली** महिला आयोग की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल ने पोश अधिनियम को प्रभावी तरीके से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न अभी भी ऐसा विषय माना जाता है, जिसकी चर्चा समाज में खुले रूप में नहीं की जा सकती। यही कारण है कि अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न के मामलों की अधिकांश महिलाएं शिकायत ही नहीं दर्ज कराती। यह बात उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि संस्थानों को इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। महिलाओं को इससे निपटने का प्रशिक्षण देना चाहिए। जब तक समाज में महिलाओं को बेहतर वातावरण नहीं मिलेगा, महिलाओं का जीवन सही नहीं हो पाएगा। उन्होंने महिलाओं से भी यह आग्रह किया कि उनके साथ जब भी कहीं यौन शोषण हो तो वे तुरंत अपनी आवाज उठाएं। खुद के लिए न्याय पाने को खड़ी हो जाएं। महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने वाली पिंकी आनंद ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने और यौन उत्पीड़न रोकने के लिए पोश अधिनियम का प्रभावी ढंग से लागू करना बहुत जरूरी है। देश की कंपनियों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पोश अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करना ही होगा।

विपिन पचौरी ने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी दर्शाती है कि कॉरपोरेट्स के परंपरागत विचारों में बदलाव आ रहा है। उन्होंने यौन उत्पीड़न के मामलों की जांच करने वाली इंटरनल कमेटी के सदस्यों को प्रशिक्षित करने की जरूरत पर भी बल दिया, जिससे पूर्ण रूप से निष्पक्ष और मामले के सभी पहलों को ध्यान में रखते हुए जांच की जा सके।

## सहकर्मी से झगड़े में कंपनी ने निकाला तो साथी को मारी थी गोली

**गुरुग्राम।** सेक्टर-44 में रमाडा होटल के पास एक युवक को गोली मारने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक उसी कंपनी का कर्मचारी है, जिसमें पीड़ित युवक नौकरी करता है। आरोपी की पहचान अमन (25) के रूप में हुई है। बता दें कि बीती 29 मार्च 2023 को गांव कन्हई के पास सेक्टर-44 स्थित रमाडा होटल के सामने पौने 12 बजे एक युवक को गोली मार दी थी। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में विशाल (25) नामक युवक घायल हुआ था। घटना की सूचना पाकर सेक्टर-40 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अस्पताल में भर्ती घायल युवक के बयान दर्ज किए गए। अपराध शाखा पालम विहार के निरीक्षक जोगिंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू किए। अब पुलिस ने आरोपी युवक को दबोच कर मामले का खुलासा कर दिया है। उसकी पहचान अमन के रूप में हुई है।

# नप चेयरपर्सन के घर राजस्थान पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी के फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र के मामले में राजस्थान पुलिस उसके निवास स्थान पर पहुंची। पुलिस के आने से पहले ही अंजू देवी अपने निवास स्थान से फरार हो गईं। राजस्थान पुलिस बैरंग अपने प्रदेश को लौट गई।

शुक्रवार को राजस्थान पुलिस सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को गिरफ्तार करने के लिए उनके निवास वार्ड 6 की हरीनगर कॉलोनी में पूरे दलबल के साथ पहुंची। पुलिस आने की भनक लगते ही अंजू देवी अपने घर से फरार हो गईं। जिसके चलते पुलिस को बैरंग ही लौटना पड़ गया। बता दें कि चेयरपर्सन अंजू देवी की अग्रिम जमानत रद्द हो चुकी है। चेयरपर्सन अंजू देवी की अग्रिम जमानत 29 मार्च को सैशन अदालत ने रद्द कर दिया था। याचिका अंजू देवी ने सत्र न्यायधीश राजगढ़ में दायर की थी। इसके अलावा मामले में दो आरोपियों की भी अग्रिम जमानत को खारिज हो चुकी है। जबकि एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके



सोहना नप चेयरपर्सन के घर पर पहुंची राजस्थान पुलिस।

जेल भेज दिया है। वहीं ऐसा होने से मामला गर्म होने लगा है। अग्रिम जमानत निरस्त होने से परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**ये है मामला:** सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन पद का आम चुनाव 19 जून को सम्पन्न हुआ था। जिसका परिणाम 22 जून को घोषित किया गया था। चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अंजू देवी ने आप उम्मीदवार ललिता को करीब 1800 मतों से शिकस्त दी थी। चुनाव के सम्पन्न हो जाने के बाद आप उम्मीदवार ललिता ने विजयी उम्मीदवार अंजू देवी पर फर्जी मार्कशीट का इस्तेमाल किये जाने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत उपायुक्त गुरुग्राम, चुनाव आयोग को की गई थी। ललिता ने न्याय के लिए एक याचिका हाइकोर्ट में भी दायर की। अदालत ने मामले की जांच के लिए उपायुक्त गुरुग्राम को फरमान जारी करके रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने को कहा था। वहीं उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया था। जिन्होंने सभी पक्षों को बुलाकर मामले की जांच करके रिपोर्ट अदालत में प्रेषित कर दी थी। हाइकोर्ट ने रिपोर्ट को सही मानकर मामला चुनाव आयोग को प्रेषित कर दिया था। वहीं चुनाव आयोग ने चुनाव को निरस्त करने के फरमान जारी कर दिए थे।

**सुनवाई होगी 19 अप्रैल को:** अंजू देवी ने चुनाव आयोग के आदेश को गलत ठहराते हुए हाइकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। अदालत ने याचिका पर सुनवाई करके स्टे आदेश पारित कर दिया था। स्टे आदेश मिलने पर अंजू देवी ने सोहना नगर परिषद में चेयरपर्सन पद की शपथ ले ली थी। इस मामले में 24 मार्च की तारीख निश्चित थी, किन्तु अब अदालत 19 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

# स्वच्छता के प्रति जागरुक करने को हुई कई प्रतियोगिताएं



स्वच्छोत्सव में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते निगम के अधिकारी।

**गुरुग्राम।** आरपीएस स्कूल में आयोजित स्वच्छोत्सव के तहत स्वच्छता मशाल मार्च में निगम क्षेत्र की सभी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, एनजीओ के अलावा शहर से अधिक से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर स्वच्छता का संदेश देकर सफल बनाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसबीएम संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं का अत्यधिक योगदान रहा है। स्वच्छता की दिशा में अच्छे कार्य करने वाली और समाज में बदलाव के लिए कार्य करने वाली, स्वच्छता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को स्वच्छोत्सव में। महिलाओं का वार्ड स्तर पर 35 वार्ड से 35 महिलाओं का चयन कर समिति बनाई गई व नगर निगम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। आने वाले दिनों में एक स्वच्छ शहर बनाने में इनकी भागीदारी अति महत्वपूर्ण है।

## प्रिंस हत्याकांड मामले में नहीं हो पाई सुनवाई

**गुरुग्राम।** निजी स्कूल की कक्षा दूसरी के छात्र प्रिंस की हत्या के मामले की सुनवाई शुक्रवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत में हुई। सीबीआई को जिन गवाहों की गवाहियां अदालत में करानी थी,वे किसी कारण नहीं आ सके।

सीबीआई ने अदालत से आग्रह किया कि अगली तारीख दी जाए, जिस पर गवाहियां कराई जा सकें। अदालत ने इस मामले में अब आगामी 11 अप्रैल की तारीख निश्चित कर दी है। सीबीआई 3 गवाहों की इस तारीख पर गवाही कराएगी। अदालत में आरोपी भोलू व उसके अधिवक्ता तथा सीबीआई एवं पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता भी मौजूद रहे। बता दें कि 8 सितम्बर 2017 को एक निजी स्कूल के शौचालय में कक्षा दूसरी के छात्र की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी का ध्वज फहराएं कार्यकर्ता : जीएल शर्मा

## डेयरी प्रसंघ के चैयरमेन ने कहा, केन्द्र व प्रदेश सरकार ने नौ वर्ष में जनकल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम



चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल जीएल शर्मा।

**भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा सरकार की योजनाएं और संगठन की नीतियां जन-जन तक पहुंचाए। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अपने लगभग नौ वर्ष के शासनकाल में जनकल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की है, जिससे हर नागरिक लाभान्वित हुआ है। जीएल शर्मा लक्ष्मण विहार में चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत यहां के स्थानीय निवासियों के साथ संवाद कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को मिशन 2024 के तहत सबसे पहले नगर निगम चुनावों की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार भी पार्टी सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम लहराए और प्रदेश में भाजपा तीसरी बार सत्तासीन होकर विकास को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर माह दो लाख लाभार्थियों से संपर्क करके योजनाओं बारे उनसे फीडबैक लेगी। उस फीडबैक को केन्द्र व राज्य सरकार से सांझा कर योजनाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास होंगे। जीएल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 5 अप्रैल तक चार लाख पन्ना प्रमुख बनाने के लक्ष्य को पूरा करना है। 6 अप्रैल को प्रदेश में 4 लाख पन्ना प्रमुख एक लाख अन्य पदाधिकारियों के घर पर भाजपा का ध्वज फहराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर काले झंडों के साथ निकाली रैली

**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर काले झंडा के साथ राज्य सरकार के खिलाफ शहर में विरोध प्रदर्शन रैली निकाली। रैली के दौरान राज्य सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया। अपनी मांगों को लेकर कभी न झुकने का ऐलान किया। नगर परिषद के सफाई कर्मी पिछले 27 मार्च से अपनी मांगों को लेकर परिषद कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे हुए है। शुक्रवार को सफाई कर्मियों ने दोपहर बाद एकजुट होकर परिषद कार्यालय से शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक तक हाथों में काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन रैली निकाली। जिसकी अध्यक्षता यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने की। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य प्रेस सचिव प्रशांत ने रैली में शामिल होने से पहले बताया कि पालिका, परिषद और निगमों में ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जाए। 2019 में भागीय नियम के तहत लगे कर्मचारियों की भांति शेष रह गए सफाई कर्मियों को भी लगाया जाए। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सभी कर्मचारियों को समान काम, समान वेतन के तहत वेतन दिया जाए। डोर टू डोर योजना में काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और साफ-सफाई के लिए जरुरी सामान दिया जाए।

### धनकोट क्षेत्र में 5 एकड़ जमीन पर बनी अवैध कॉलोनी धराशायी

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में अनाधिकृत निर्माणों व अवैध कॉलोनाईजेशन के खिलाफ इनफोर्समेंट टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को धनकोट तथा भीमनगर क्षेत्र में निगम का पीला पंजा चला। संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव के निर्देश पर सहायक अभियंता संत सुहाग, कनिष्ठ अभियंता मोहित राणा व इनफोर्समेंट टीम के अन्य सदस्य जेसीबी लेकर धनकोट क्षेत्र में पहुंचे। यहां पर लगभग 5 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

# दूसरी बारिश ने पशुओं के चारे को भी खराब किया

## बारिश ने किसानों की बची हुई फसल से लगी आस को भी तोड़ दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



गुरुवार की रात को हुई बारिश से खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल हुई खराब।

**गुरुवार** की रात को हुई बारिश ने किसानों की बची हुई आस पर फिर से पानी फेर दिया। खेतों में कटी गेहूं व सरसों की फसल पर बारिश पड़ने से अनाज के साथ-साथ मवेशियों का भी चारा खराब हो गया।

क्षेत्र में 19 मार्च को तेज आंधी व बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान से अभी तक किसान उभर भी नहीं पाया है। ऊपर से गुरुवार की रात को हुई बारिश ने किसानों की छोटी-मोटी बची हुई फसल से लगी आस को भी तोड़ दिया।

ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान के बाद बची फसलों को किसान समेटने में लगा है। आसमान में छाएं जाने वाले बादलों को देख किसानों को सर्दी के मौसम में भी पसीना छूट रहा है। जिसको लेकर किसानों ने गेहूं व सरसों की फसल को काटना शुरु किया हुआ है। गुरुवार की रात को हुई बारिश से गेहूं व सरसों की फसल पर पड़ी बारिश ने काफी प्रभावित कर दिया है। बेरका निवासी किसान सतीश का कहना है कि गेहूं की कटी हुई फसल की बाल टूट गई है।

भैस गाय के लिए बनने वाला भूस वाला चारा भी काला पड़ गया है। जिससे गाय-भैस खाना भी पसंद नहीं करेंगे। गेहूं की पैदावार इस बार कम होने से महंगाई बढ़ने के आसार बन गए है। किसान देवकरण का कहना है कि इस बार बारिश के कारण किसानों को भी अनाज व पशुओं के लिए चारा खरीदना होगा।

**मुआवजे की लगी है आस :** 11 दिनों में दो बार हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान की भरपाई के लिए क्षेत्र का किसानों की नजरें प्रशासनिक अधिकारी और प्रदेश सरकार पर टीकी है। राज्य सरकार बारिश व ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। किसान मोहन का कहना है कि अब किसानों की उम्मीद सरकार के मुआवजे पर टीकी है। प्रदेश सरकार किसानों को हुआ नुकसान से कितना उभर पाएगी। यह तो सर्वे रिपोर्ट के बाद किसानों को मिलने वाला मुआवजे पर टीकी है।

# अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम चलाए प्रशासन : सैय्यद शहजादी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग सदस्य शहजादी पहुंची गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैय्यद शहजादी ने शुक्रवार को यहां लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं अन्य योजनाओं में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में गुरुग्राम जिला प्रशासन ने भी हिस्सा लिया और इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ समान व्यवहार के मुद्दे पर चर्चा हुई।

सैय्यद शहजादी अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने उपरांत जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमीनी स्तर पर काम करते हुए वह इस बात को सुनिश्चित करें कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को योजनाओं का लाभ उचित दिशा-निर्देश के साथ मिले। उन्होंने कहा कि इस आयोग का गठन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों, उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करे। पीएम आवास योजना में अल्पसंख्यकों की भागीदारी बढ़े



गुरुग्राम के लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं अन्य योजनाओं में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी को लेकर समीक्षा बैठक लेती राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैय्यद शहजादी।

सैय्यद शहजादी ने गुरुग्राम में पीएम आवास योजना में अल्पसंख्यक समाज की कम भागीदारी पर असंतोष जाहिर करते हुए इसे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब, निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग के नागरिकों के जीवन में सवाङ्गीण विकास के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना योजना का लाभ अल्पसंख्यकों को भी मिलना चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन अल्पसंख्यक बाहुल्य पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से पात्र लोगों को चिन्हित करे।

सैय्यद शहजादी ने बैठक के दौरान गुरुग्राम में आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज, आईटीआई की संख्या, उनमें कितनी लड़किया हैं, अल्पसंख्यक बच्चे कितने हैं। गुरुग्राम में मस्जिद, जैन मंदिर, चर्च व गुरुद्वारा की कितनी संख्या है। उनमें बेसिक सुविधाओं की क्या स्थिति है। गुरुग्राम में पीएम स्ट्रीट, मुद्रा लोन सहित कितने अल्पसंख्यकों को एजुकेशन लोन दिए गए। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में आए सिविल सोसाइटी के सदस्यों के सुझाव व शिकायतों की भी सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर गुरुग्राम के एडीसी विश्राम कुमार मीणा, डीसीपी मनबीर सिंह, सीडीपीओ नेहा दहिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों, विधि अधिकारी राजपाल मोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सिविल सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे।

# बरसाती पानी निकालने की नप की योजना हुई फेल

## नाले के पानी से घर और खेत अभी भी हैं लबालब

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



वार्ड-19 के घरों में जमा बरसाती नाले का गंदा पानी।



सोहना के वार्ड-19 में खेतों में जमा बरसाती नाले का पानी।

**नगर** परिषद की बरसाती पानी को शहर से बाहर निकालने की योजना फेल होकर रह गई। बरसाती नाले के पानी से वार्ड-19 के घरों से लेकर खेत पूरी तरह से लबालब हैं। जिससे किसानों की सब्जी वाली फसले खराब होने से आर्थिक नुकसान हुआ।

नगर परिषद ने करीब डेढ़ वर्ष पहले शहर में जमा होने वाला बरसाती पानी को शहर के आबादी क्षेत्र से बाहर ले जाने की योजना बनाई थी। जिसके लिए सलाहकार की नियुक्ति भी गई थी। नियुक्त किए गए सलाहकार ने अपनी टीम के साथ शहर के उन स्थानों का निरीक्षण किया था। जहां-जहां पर बरसाती पानी जमा होता है, लेकिन परिषद की शहर से बरसाती पानी निकालने की योजना हवाहवाई बनकर रह गई।

**घर और खेतों में भरा पानी :** गुरुवार की रात को हुई रुक-रुक कर बारिश ने परिषद के दावों की पोल खोल दी। शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से नागरिक अस्पताल के पीछे से जाने वाला बरसाती नाले का पानी दमदमा मोड़ पर न जाकर उल्टा वार्ड-19 के घर व खेतों में भर गया। बरसाती का गंदा पानी घरों के बाहर जमा होने से स्थानीय नागरिक पूरी रात अपने घरों में कैद होकर पानी निकालने का इंतजार करते रहे। नेमसिंह सैनी ने बताया कि आम रास्ते के माध्यम से नाले का पानी उनके घरों के बाहर गली में भर जाता है। वे लोग रात के समय में शौच करने के लिए भी कमरों से बाहर नहीं निकल पाए।

**सब्जी की फसल हुई खराब :** वार्ड-19 में स्थानीय किसानों ने अपने खेतों में सब्जी की फसल बिजाई करते हैं। गुरुवार को बरसाती नाले का पानी उनके खेत में जमा हो गया। जिससे धनियां की करीब डेढ़ एकड़ खेत में फसल खराब हो गई। किसान पवन सैनी का कहना है कि 19 मार्च को भी उनके खेतों में पानी जमा होने से खेतों में चौलाई की फसल खराब हो गई। एक सप्ताह पहले उसने उन्ही खेतों में धनिया की फसल बिजाई की थी। लेकिन फिर से पानी भरने से यह फसल भी खराब हो गई।

> “ **नगर** परिषद प्रशासन को जल्द से जल्द शहर में जमा होने वाले बरसाती पानी निकासी के प्रबंध करने के आदेश जारी किए जाएंगे। बरसात का मौसम आने से पहले शहर में जमा होने वाले पानी का समाधान किया जाएगा।
>
> **प्रदीप मलिक (एसडीएम)**

# रीफर्बिश्ड पीसी के लिए एसुस इंडिया ने भारत में सिलेक्ट स्टोर लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## एसुस रिफर्बिश्ड प्रोडक्ट्स को एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च करने वाला है भारत का पहला ब्रांड

**ताइवान** की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया द्वारा आज रीफर्बिश्ड पर्सनल कम्प्यूटर्स (पीसी) के लिए भारत में पहले सिलेक्ट स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की गई है। यह नया स्टोर ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले रीफर्बिश्ड पीसी की आसान पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सावधानीपूर्वक निरीक्षण किए गए ये पीसी, किफायती मूल्य पर उत्कृष्ट स्थिति में उपलब्ध हैं। एसुस का यह सिलेक्ट स्टोर नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में स्थित है। ग्राहकों को रीफर्बिश्ड प्रोडक्ट्स को ब्राउज और एक्सप्लोर करने के लिए समर्पित यह स्टोर विशाल और आरामदायक लेआउट के साथ मॉडर्न डिज़ाइन से सुसज्जित होगा।


एसुस का यह सिलेक्ट स्टोर, कंज्यूमर लैपटॉप्स, गेमिंग पीसी, क्रिएटर सीरीज के लैपटॉप्स, डेस्कटॉप्स आदि सहित प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करेगा। ये प्रोडक्ट्स 1 वर्ष की कंपनी वॉरंटी के साथ आते हैं, जिन्हें एसुस द्वारा ब्रांड-न्यू प्रोडक्ट्स के समान उच्च मानकों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से टेस्ट, रिस्टोर और सर्टिफाइड किया गया है। एसुस सिलेक्ट स्टोर का उद्देश्य ग्राहकों को रीफर्बिश्ड पीसी की खरीद के साथ प्रत्यक्ष ज्ञान और बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

लॉन्च के दौरान टिप्पणी करते हुए, अर्नोल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, एसुस इंडिया, ने कहा, एशियाई देशों में रिफर्बिश्ड प्रोडक्ट्स की मांग में तेजी आई है। उन्होंने आगे कहा, नेहरू प्लेस, भारत में सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार के लिए व्यापक रूप से प्रसिद्ध है। नए या रिफर्बिश्ड कम्प्यूटिंग डिवाइसेस की खरीदी के लिए इस बाजार में आने वाले ग्राहकों की उच्च मात्रा को ध्यान में रखते हुए, हमने इसे सिलेक्ट स्टोर के लिए साइट के रूप में चुना है, जो कि हमारे लिए गर्व का विषय है। हमने खुदरा मूल्य पर 20-30 प्रतिशत की आकर्षक छूट की पेशकश के साथ हाई-एंड प्रोडक्ट यूनिट्स के मूल्य निर्धारित किए हैं। विस्तार योजनाओं के तहत, हमारा लक्ष्य देश भर में अतिरिक्त सिलेक्ट स्टोर्स की स्थापना करना है। हम




पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत के प्रत्येक डिवीजन में कम से कम एक स्टोर शुरू करने की उम्मीद करते हैं। इसके अतिरिक्त, एसुस अपने सभी रिटेल आउटलेट्स में अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करता है, जिससे कि एक सहज और सुरक्षित खरीदारी अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। यह एसुस सिलेक्ट स्टोर, एक स्थायी भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्राहकों को बेहद किफायती कीमतों पर बेहतर गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स की खरीदी करने के अवसर प्रदान करता है। अपने संचालन में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए कंपनी तकनीकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

# सड़क के गड्ढों में जनता ढूंढ रही आवाजाही का रास्ता


शहर के चोपड़ा बाजार के रास्ते पर जगह-जगह पानी से भरे गड्ढे।

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**शहर** के मुख्य बाजारों एवं चौक चौराहों पर जगह-जगह गड्ढे होने की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के जगह-जगह पर गड्ढे पड़ जाने की वजह से बारिश के दिनों में उनमें पानी भर जाता है। जिसकी वजह से कई बार लोग काफी चोटिल भी हो चुके हैं। शहर की नगर पालिका शहर में जगह-जगह हो रहे गड्ढों को भरवाने में तनिक भी गंभीर नहीं हो रही है। जिसकी वजह से शहर के लोग इन गड्ढों में आवाजाही का रास्ता ढूंढ रहे हैं। शहर के मौजीज लोग पुष्पेंद्र सोनी उर्फ जॉनी, दिनेश बंसल, सुरेश गोयल, सुनील तायल, अमन शर्मा, मोहन गोयल, धीरज सोनी का कहना है कि लाल कुआं चौक गर्ग मेडिकल से लेकर रामलीला ग्राउंड तक के रास्ते पर जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। गहरे गड्ढों की वजह से कई दफा छोटे बच्चे एवं बुजुर्ग चोटिल है। कई बार शहर में बारिश होने की वजह से इन गड्ढों में गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है जो कि जहरीले मक्खी मच्छर मंडराने लगते हैं और लोगों के घरों में घुसना शुरू कर देते हैं। जिससे भयंकर बीमारी फैलने की भी आशंका रहती है। उन्होंने नगर पालिका फिरोजपुर झिरका से दोबारा इन सभी गड्ढों को दुरुस्त करवाने के लिए मांग की है।

### गड्ढे होने से चालकों को हो रही दिक्कत

**ऐसा कहते हैं नगरपालिका चेयरमैन मनीष जैन :** नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन का कहना है कि नगरपालिका की सड़क पर गड्ढे करने वालों लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग पानी का कनेक्शन लेने के लिए शहर के मुख्य बाजारों की भी सड़कों में गड्ढे कराते हैं। वो तुरंत सही ढंग से दुरुस्त कराने का काम करें।

# फसल की सरकारी खरीद की तैयारियां शुरू करें अधिकारी : डीसी

### जिले में गेहूं की पांच और सरसों की खरीद चार केंद्रों पर होगी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात


फसल खरीद को लेकर अधिकारीगणों को निर्देश देते डीसी अजय कुमार।

**डीसी** अजय कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वर्ष 2023-24 रबी सीजन की सरकारी खरीद का समय नजदीक आ रहा है। हरियाणा सरकार ने रबी सीजन की खरीद के लिए स्थान तय कर दिए हैं। संबंधित विभाग खरीद सीजन शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर लें।

डीसी ने बताया कि जिले में गेंहू की सरकारी खरीद नूंह, तावडू, पिनगवां, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना में होगी। जबकि सरसों की खरीद नूंह, तावडू, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना में होगी। जौ की खरीद नूंह मंडी में होगी। सभी मंडियों व खरीद केंद्रों पर खरीद से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी करने के निर्देश डीसी ने दिए। डीसी ने बैठक में कहा कि खरीद एजेंसियां पिछले अनुभव और संभावित खरीद की मात्रा को देखते हुए अपनी तैयारी करें। उन्होंने कहा कि मोस्चर मीटर व नाप तोल मशीन सर्टिफाइड होने चाहिए। मंडी व खरीद केंद्रों पर पेयजल, बिजली आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल वैन आदि की व्यवस्था हो ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। फसल उत्पाद की साफ-सफाई व सुरक्षा के लिए झरने, वुडन केरेट्स, तरपालीन आदि सही व्यवस्था हो।

डीसी ने संबंधित एसडीएम को अपने-अपने एरिया में मंडी व खरीद केंद्रों तक सडक़ मार्गों की सही व्यवस्था और मंडी में फड आदि के निरीक्षण कर ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीद किए उत्पाद का उठान अहम है। इस पर अधिकारी विशेष रूप से फोकस करें। मंडियों में सुगम आवागमन और किसी भी किसान की समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए विवाद समाधान केंद्र की स्थापना की जाएगी। मंडियों में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने रबी सीजन 2023-24 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपये, सरसों का 5450 और जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1735 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। बैठक में एडीसी रेनु सोगन, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, एसडीएम तावडू सिद्धार्थ दहिया, एसडीएम फिरोजपुर- झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक रामेश्वर मुदगिल सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

**गेहूं की सरकारी खरीद को तैयारियां पूरी : तावडू मंडी प्रशासन**

तावडू। नगर की नई अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। मंडी प्रशासन का दावा है कि खरीद संबंधित सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है।हरियाणा वेयरहाउस कारपोरेशन व हैफेड एजेंसी द्वारा गेहूं की सरक खरीद की जाएगी। जबकि सरसों की सरकारी खरीद बीते 20 मार्च से शुरू की जा चुकी है। मार्केट कमेटी सचिव सरीन कुमार के मुताबिक खरीद शुरू होने से पूर्व पूरी मंडी का निरीक्षण कर जो भी खामियां थी उन्हें सही कराया जा चुका है ताकि फसल बिक्री को लेकर आने वाले किसानों को किसी तरह की परेशानी ना हो। मंडी परिसर में शौचालयों की सफाई व्यवस्था के अलावा चार वाटर कूलर सही करा दिए गए हैं ताकि गर्मी के मौसम में किसानों को शौच व पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े।

# धरने के पांचवें दिन सफाई कर्मियों ने काले झंडे एवं झाड़ू लेकर जताया विरोध


शहर के मुख्य बाजारों में जन आक्रोश रैली निकालते नपा सफाई कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

### प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर सफाई कर्मियों ने लगाए नारे

**धरना** प्रदर्शन के पांचवें दिन नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में एक रैली निकालकर आक्रोश प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होंने अपने हाथों में काले रंग का झंडा एवं झाड़ू लेकर नगरपालिका फिरोजपुर झिरका से शहर के मुख्य बाजारों में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

कर्मचारी नेता मुकेश चांवरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के चलते सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार वादा तो करती है, लेकिन उन्हें पूरा नहीं करती है। आपको बताते चलें नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सफाई कर्मचारी गत 27 तारीख सोमवार से लेकर नौ दिनों तक की भूख हड़ताल पर नपा कार्यालय के बाहर पांच कर्मचारी प्रतिदिन बैठे हुए हैं। कर्मचारियों की हड़ताल चार अप्रैल तक जारी रहेगी। विगत पांच दिनों से सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर बैठने की वजह से शहर की सफाई व्यवस्था पर खासा असर दिखाई दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सालाना रिजल्ट में पोजीशन पाने वाले विद्यार्थियों के चेहरे खिले



**नूंह।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांधी ग्राम घासेड़ा में सालाना इम्तिहान का रिजल्ट बीते रोज घोषित कर दिया गया। रिजल्ट को लेकर बच्चे और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला, आपकी जानकारी के लिए बता दें की राजकीय प्राथमिक पाठशाला गांधीग्राम घासेड़ा में लगभग 2000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो कि एक रिकॉर्ड की बात है। लगभग 65 विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में पोजीशन हासिल करने के लिए उनके मां बाप के साथ और उनकी कक्षा इंचार्ज को भी सम्मानित किया गया। एसएमसी कमेटी और गांव के जिम्मेदार साथियों ने बेहतर परिणाम के लिए सभी अध्यापकों को फूल मालाएं पहनाकर उनका का शुक्रिया अदा किया। एसएमसी कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद रफीक ने ग्रामीणों से बच्चों के ज्यादा से ज्यादा दाखिला कराने की अपील की। बच्चों को बेहतर भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल के मुख्याध्यापक कासिम खान जी, मास्टर साकिर, मास्टर देवेंद्र, मास्टर मनीष, पूर्व जिला पार्षद वली मोहम्मद भाई फखरुद्दीन, नासिर हुसैन, साजिद मैडम नाजियाजी, लक्ष्मीजी, नेहाजी, अल्काजी और सैकड़ों ग्रामीण इस मौके पर मौजूद रहे।

### जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठकें नियमित की जाए

**मेवात।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि अवैध माईनिंग पर कड़ी निगरानी रखने के लिए जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठकें नियमित रूप से की जाएं। इनमें प्रभावी कदम उठाएं जाए ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी चूक न रहें। मुख्य सचिव आज राज्य स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने संबंधित जिलों में की जा रही कार्यवाई बारे विस्तार से अवगत करवाया। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर गठित पोर्टल में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की हर माह आयोजित होने वाली बैठक के बारे में सूचना डाली जाए। इसके अलावा बैठक की कारवाई की सूचना भी निदेशालय को अवगत करवाई जाए। यमुनानगर के एक मामले में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से डाटा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अवैध माईनिंग पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रूप से चैकिंग एवं मोनिटरिंग करें और आवश्यकतानुसार माईनिंग गार्ड भी तैनात करें। इसके अलावा बाउंडरी संबंधित समस्याओं का भी निदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विशेषकर यमुनानगर, पंचकूला, सोनीपत, महेन्द्रगढ, चरखी दादरी, भिवानी आदि जिलों में अवैध माईनिंग पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इस अवसर पर एसपी वरुण सिंगला ने बताया कि 2022-23 में कुल 63 चालान पुलिस विभाग द्वारा किए गए है, तथा इस वर्ष अब तक 8 एफआईआर की जा चुकी हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया हुआ है और लगातार जिले के सभी क्रेशर जोन पर छापेमारी की जा रही है अगर कोई क्रेशर जॉन मालिक अवैध खनन का पत्थर लेता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सास-ससुर व जेठ की हत्या के दोषी भाई-बहन को सुनाई सजा

**तावडू।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संदीप दुग्गल नूह की अदालत ने सास-ससुर व जेठ की हत्या के मामले में एक महिला और उसके भाई को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। दोनों पर दस-दस का जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि तीसरे आरोपी को सबूतों के अभाव के चलते बरी कर दिया गया। वारदात को अंजाम देने का उद्देश्य दोषियों द्वारा करोड़ों रुपये की संपत्ति को हड़पना था। विशेष अभियोजक सुनील परमार ने बताया कि 28 सितंबर 2017 को सोहना नगर में रहने वाली आरोपी महिला गीता ने छतरपुर दिल्ली निवासी अपने भाई समरजीत और परिवारिक नौकर विकास के साथ मिलकर मकान में ही सास-ससुर और जेठ की रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी थी। तीनों के शवों को ठिकाने लगाने की योजना के मुताबिक सास-ससुर के शवों को गांव चंडीगढ़ थाना रामगढ़ राजस्थान के जंगल में एक बिटौड़े में फेंक दिया तो वहीं जेठ के शव को नगीना थाना के अंतर्गत गोहाना-शिकरावा मार्ग पर झाड़ियों में फेंक पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सभी के शव मिलने के बाद राजस्थान और हरियाणा पुलिस के संबंधित थानों में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। जानकारी के मुताबिक गीता के पति ने पहले ही पारिवारिक कलेश के चलते आत्महत्या कर ली थी। सास ससुर और जेठ के नाम पर करोड़ों रुपये की संपत्ति थी। जिसे हथियाने के उद्देश्य से अपने भाई और नौकर के साथ मिलकर गीता ने हत्या की योजना बनाई।पुलिस जांच के दौरान दोनों मामलों में आरोपी गीता उसका भाई समरजीत और नौकर विकास की भूमिका सामने आई। सभी की गिरफ्तारियां की गईं। सबूतों को नष्ट करने के उद्देश्य से आरोपियों ने शवों को अलग-अलग जगह पर फेंका था।मामले में आरोपी विकास के खिलाफ कोई मजबूत साक्ष्य नहीं मिला जबकि गीता और उसके भाई बड़े भाई समरजीत के खिलाफ विभिन्न साक्ष्यों को जुटाकर अदालत में पेश कर मजबूती से पैरवी की गई। बृहस्पतिवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संदीप दुग्गल की अदालत ने गीता और उसके भाई समरजीत को दोषी जबकि विकास को निर्दोष ठहराया। शुक्रवार को भाई-बहन को इस जघन्य हत्याकांड का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा के साथ दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भरने की सजा सुनाई।

# विधायक के लगवाए कैंप में 104 मरीजों ने नि:शुल्क लाभ उठाया




पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### मंडकौला में विधायक की बैठक पर लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप

### मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा विधायक प्रवीण ने की शिरकत

**गुरु** गोबिंद हॉस्पिटल और मेदांता (गुरुग्राम) द्वारा विधायक के आवास मंडकौला में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। यह कैम्प डा. गोविंद व कार्तिक शरन द्वारा संचालित किया गया। जिसमें ईसीजी, शुगर दवाइयां, वीपी, बीडी छाती परीक्षण सभी सुविधाएं नि:शुल्क दी गईं। इस कैंप में 104 मरीजों ने नि:शुल्क लाभ उठाया है।

कैंप का आरम्भ विधायक प्रवीण डागर द्वारा किया गया। विधायक और कार्तिक बागड़ी द्वारा किए प्रयासों की प्रशंसा की गई और प्रोत्साहन दिया गया। डा. गोबिद शरण ने टीबी से बचाव के सुझाव दिए। कैम्प में डॉ जावेद, डॉ देशराज, मेदांता की टीम द्वारा सभी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, दिया गया। निरीक्षण प्रशिक्षण व दवाइयां बांटी।

इस इस मौके पर पूर्व विधायक रामजीलाल डागर, पूर्व सरपंच बीरसिंह, अमरसिंह, अमरजीत, वीरेंद्र (ब्लॉक समिति सदस्य) कालू, ग्यासी, शहीराम, वेदराम, देवीराम, मोहिन्द्रा, राजेन्द्र (नम्बरदार) मौजूद टीम को प्रोत्साहित किया गया।

# धरने के पांचवें दिन सफाई कर्मियों ने काले झंडे एवं झाड़ू लेकर जताया विरोध

**फिरोजपुर झिरका।** धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सफाई कर्मचारियों ने नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में एक रैली निकालकर आक्रोश प्रदर्शन किया।

जिसमें उन्होंने अपने हाथों में काले रंग का झंडा एवं झाड़ू लेकर नगरपालिका फिरोजपुर झिरका से शहर के मुख्य बाजारों में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेता मुकेश चांवरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के चलते सफाई कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार वादा तो करती है, लेकिन उन्हें पूरा नहीं करती है। आपको बताते चलें नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के सफाई कर्मचारी गत 27 तारीख सोमवार से लेकर नौ दिनों तक की भूख हड़ताल पर नपा कार्यालय के बाहर पांच कर्मचारी प्रतिदिन बैठे हुए हैं।

# पढ़ेगा मेवात, तभी बढ़ेगा मेवात : स्टार ऑफ दा ईयर स्टूडेंट्स अवार्ड बांटे

### कई स्कूलों ने 68 बच्चों को स्टार ऑफ दा ईयर का अवार्ड से नवाजा गया

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**एबीएस** फाउंडेशन ने सालाना परीक्षा परिणाम में अपनी कक्षा में पहला और दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्टार ऑफ दा ईयर अवार्ड से नवाजा। स्टार ऑफ दा ईयर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन चार स्कूलों में किया गया

एबीएस फाउंडेशन के डायरेक्टर नवीन लाठर ने जानकारी देते हुए बताया एबीएस फॉउंडेशन मेवात में पिछले 10 सालों से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। दस सालों से लगातार अनेक स्कूलों में एबीएस फाउंडेशन स्टार ऑफ दा मंथ स्टूडेंट अवार्ड एवं स्टार ऑफ दा ईयर अवार्ड का आयोजन करती आ रही है। एबीएस फाउंडेशन का उद्देश्य है। मेवात के बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करना है पढ़ेगा मेवात, तभी आगे बढ़ेगा मेवात। एजुकेशन हासिल करके ही मेवात के हालातों को बदला सकता है स्टार ऑफ दा ईयर कार्यक्रम का प्रभाव भी बच्चों और अभिभावकों में देखने को मिला रहा है एबीएस फाउंडेशन का मसकद बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करना है स्टार ऑफ दा ईयर उन बच्चों को चुना गया है।

जो बच्चे अपनी क्लास के वार्षिक परिणाम में फर्स्ट एवं सेकेंड स्थान प्राप्त किया है, स्टार ऑफ दा ईयर आवर्ड का आयोजन चार स्कूलों में किया गया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय सौंख, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बीवां, राजकीय माध्यमिक विद्यालय रेहना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टपकन इत्यादि। 68 बच्चों को स्टार ऑफ दा ईयर का आवर्ड से नवाजा गया है टपकन स्कूल प्रिंसिपल अनिल कुमार ने वार्षिक परीक्षा परिणाम के मौके बच्चों से मुखातिब होते हुए कहा कि मेवात में शिक्षा कि हालत से सभी लोग अवगत है फिर भी बहुत कम संसाधनों के होते हुए भी हम एबीएस फाउंडेशन के साथ मिलकर हम विद्यालय को निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं ताकि मेवात के बच्चें भी देश के बाकी बच्चों तरह पढ़ सके अपना और देश का नाम रोशन कर सके है। एबीएस फाउंडेशन के स्टार ऑफ दा स्टूडेंट्स कार्यक्रम का प्रभाव हमारे बोर्ड कक्षा10 वीं और 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों पर प्रभाव देखने को मिला है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं पवन सहारण पुत्र सतपाल सिंह, निवासी सी-4/901, पाम रेजिडेंसी, सेक्टर-76, फरीदाबाद का हूं। मेरी पत्नी का नाम सुमन है। यह कि मेरे पुत्र का नाम मानवीर सहारण है, जिसकी जन्मतिथि 22-06-2015 है। मानवीर सहारण का नाम बदलकर मैंने नील सहारण कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को नील सहारण के नाम से जाना जाएं, तथा सभी संबंधित दस्तावेजों में नील सहारण नाम अंकित किया जाए।

I, Babu Lal Makker S/o Khem Chand Makker R/o G-003 Park Grandeura, Sec-82, Greator Faridabad declare that both names CHARANJEET MAKKER & BABU LAL MAKKER are the names of same person i.e. myself.

**नाम परिवर्तन**

मैं, लेखपाल सिंह पुत्र स्व. पहलवान सिंह, ग्राम असावटी (51) थाना गदपुरी जिला पलवल हरियाणा में रहता हूं। मेरे पैत्रिक गांव अयूबपुर थाना तालग्राम जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम आकाश पुत्र चंद्र प्रकाश है। लेखपाल सिंह उर्फ आकाश दोनो मेरे नाम हैं, और स्वर्गीय पहलवान सिंह उर्फ चंद्र प्रकाश मेरे पिता जी के नाम हैं ।

# बेमौसम हुई दूसरी बरसात ने किसानों को रुलाया

### पशुओं के लिए चारे का संकट भी खड़ा होने की आशंका सता रही किसानों को

पायनियर समाचार सेवा। मेवात




**अन्नदाता** परेशान है। उसकी परेशानी की वजह बेमौसम बरसात है। बेमौसम बरसात ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने का काम कर दिया है। कटी फसल तेज बरसात के कारण पानी में तैर रही है, तो जो फसल खेतों में खड़ी थी। वह भी तेज हवा के साथ आई बरसात के कारण जमीन में बिछ गई। इससे ना केवल गेहूं का दाना खराब होने की चिंता किसानों को सता रही है बल्कि पशुओं के लिए चारे का संकट भी खड़ा हो सकता है। अभी भी आसमान में गहरे बादल छाए हुए हैं।

मौसम विभाग लगातार अलर्ट जारी कर रहा है। इससे रही सही कसर भी धूमिल होती दिख रही है। कुल मिलाकर इस बार बेमौसम बरसात ने किसान को झकझोरने का काम कर दिया है। इस बार अच्छी फसल की उम्मीद थी। खेतों में पीला सोना लहरा रहा था, लेकिन कुदरत के कहर से फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। हरियाणा सरकार ने वैसे तो स्पेशल गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की बात कह दी है। लेकिन उसके बावजूद भी मौसम का मिजाज किसानों की टेंशन और बढ़ाता ही जा रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार को एक - एक दाने की भरपाई किसान के लिए करनी चाहिए, क्योंकि उसकी साल भर की यही मेहनत थी। जो उसके सामने खराब हो रही है। अभी तक खेतों में गेहूं की कटाई का काम ही चल रहा था। अनाज मंडी चंद दिन बाद गेहूं से गुलजार होने वाली थी, लेकिन कुदरत के कहर ने इसमें काफी दिक्कत खड़ी कर दी है। किसान अब अपनी फसलों को पानी सूखने के बाद बाहर निकालने का इंतजार कर रहा है। दूसरी तरफ उनकी टेंशन यह भी है कि अगर मौसम अगले एक-दो दिन साफ नहीं रहा तो गेहूं की फसल में ही फुटाव शुरू हो जाएगा। जिससे दाना खराब होगा। कुल मिलाकर किसान जिस बंपर पैदावार की उम्मीद कर रहा था। उसकी आंखों के सामने ही कुदरत ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया। किसान चिंता में डूबा हुआ है कि पेट कहां से भरेगा और जो उसने कर्ज लेकर फसल की बिजाई की थी। उसकी अदायगी कहां से करेगा।

**नुकसान की जल्द भरपाई करे सरकार**

**जब** इस बारे में कांग्रेस विधायक ललित नागर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बेमौसम बरसात ने किसानों का बड़ा नुकसान किया है। जिसकी भरपाई सरकार द्वारा ही की जा सकती है। सरकार को तत्काल खराब फसलों की गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए ताकि धरतीपुत्र के सामने किसी प्रकार की कोई समस्या खड़ी ना हो।

# तेज आवाज में बजने वाले डीजे से आमजन परेशान

### तेज आवाज की तरंगे कमजोर दिल के मरीजों, छोटे बच्चों के लिए साबित हो रही घातक

ललित गर्ग। पुन्हाना

**प्रशासन** के आदेशों की अवहेलना करते हुए पुन्हाना शहर में ट्रक टेम्पू गाड़ियों में चलने वाले डीजे का तेज आवाज, कंपन व तरंग के साथ बजाने का सिलसिला चालू है। इस ओर प्रशासन भी ध्यान देने के इच्छुक से नजर नहीं आ रहा है। लेकिन डीजे तेज आवाज ओर ज्यादा तरंग के साथ बजने से जहां आमजन परेशान है, वहीं डीजे की तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है। मौजिज लोगों ने इस तरह शहर में चल रहे डीजे को पूर्णतया बंद कराने की मांग की है।

आपको बता दे कि डीजे संचालक लगातार लोगों के विरोध के वावजूद इतनी ज्यादा आवाज में डीजे बजाते हैं कि घरों की दीवारों तक में कंपन हो उठता है। ऐसे में ये तरंगे शारीरिक कमजोर और दिल के मरीजों सहित छोटे बच्चों के लिए घातक साबित हो रहे है। हालांकि शहर में देर रात तक तथा तेज आवाज और तरंग के साथ डीजे बजने से होने वाली परेशानी की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन के समक्ष रखी जा चुकी है। लेकिन प्रशासन की चुप्पी का शहर के दर्जन भर की संख्या में डीजे संचालक जमकर लाभ उठा रहे है।


आपको बताते चले कि पुन्हाना शहर में डीजे संचालको द्वारा शादी विवाहों के कार्यक्रम के अलावा पर्वो के दौरान झांकियो के साथ डीजे बजाने के लिए टेम्पो और पिकअप आदि वाहनों में डीजे बजाने का कार्य किया जाता है। जो अक्सर शहर के बाजारो से जब निकलते है तो इस कदर बजाए जाते है, जिनमें बेहिसाब कम्पन वाली तरंगें ओर तेज आवाज लोगों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होती। कई बार लोगों द्वारा इसका विरोध भी जाता है लेकिन डीजे संचालक हर समय लडाई झगड़े पर उतारू रहते है। समाजसेवी धर्मवीर सैनी, डॉ विनोद गोयल, राकेश कुमार, रविन्द्र सीकरी, बिल्लू, कुलदीप कुमार, ललित कुमार गर्ग आदि ने उपमण्डल अधिकारी, थाना प्रभारी व सिटी चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत देकर इनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

शिकायत में बताया कि शहर में डीजे बजाने का काम करने दुकानदारो द्वारा आपसी मुकाबले व एक दूसरे के डीजे को नीचा दिखाने के चक्कर मे ज्यादा आवाज और तरंग बढ़ाने का क्रेज है। जो कि स्थानीय लोगों के लिए घातक साबित हो रही है। डीजे की तेज तरंगों का असर जहां लोगों के दिलो पर प्रभाव डाल रहा है वही छोटे बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। ध्वनि प्रदूषण के कारण स्कूली छात्र छात्राओं की पढ़ाई में बाधक हो रही है। हालांकि शहर की पुलिस समय समय पर ऐसे डीजे संचालकों को मौके पर ही हिदायत देते नजर आये हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अपराध नहीं है बैंकों का एनपीए

बैंकों के एनपीए-गैर निष्पादित परिसंपत्तियों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। यह सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएएस हैं)



मुझे 1999 में बोर्ड आफ इंडियन बैंक में सरकारी निदेशक नियुक्त किया गया था। उस समय इसकी स्थिति अच्छी नहीं थी। यदि यह सार्वजनिक क्षेत्र बैंक न होता तो नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने इसे बंद करने का आदेश दे दिया होता। इस तथ्य को देखते हुए कि आखिरकार भारत सरकार उनकी कर्जदाता होती है, इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को अपना कामकाज जारी रखने की अनुमति थी। हालांकि, उनको समय-समय पर सरकार से पूंजी समर्थन की जरूरत पड़ती थी। इसी कालखंड में योजना आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इसका गठन एक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ की अध्यक्षता में हुआ था जो बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने। इस समति ने तीन कमजोर बैंकों-इंडियन बैंक, यूको बैंक व पंजाब एंड सिंध बैंक की पहचान कर उनको बंद करने की संस्तुति की थी। इस तथ्य के बावजूद कि योजना आयोग के कार्यक्षेत्र में ऐसी संस्तुति करना नहीं आता था, विशेषज्ञ समिति की संस्तुतियों को सुर्खियों में स्थान मिला और विभिन्न मंचों पर इन पर चर्चा हुई। इनको भारतीय बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक आवश्यकता के रूप में देखा गया। यहां तक कि सरकार द्वारा बैंकिंग क्षेत्र के लिए नियुक्त नरसिम्हन समिति ने इस प्रकार कमजोर बैंकों को बंद करने का सुझाव नहीं दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा वित्त मंत्रालय ने विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की और इसे अनदेखा किया। यह निर्णय उचित था।

सरकार ने कमजोर बैंकों की कार्यक्षमता सुधारने के लिए उनको बोर्डों को सीधे अपने आधीन कर दिया। उस समय इंडियन बैंक में केवल चार निदेशक थे जिनमें एक आरबीआई का प्रतिनिधि, एक सरकार का प्रतिनिधि, एक सीएमडी व एक ईडी शामिल थे। इन बैंकों में सचेतन रूप से एक गैर-स्थानीय सीएमडी भी नियुक्त किया गया था। नवगठित व कम शक्ति वाले बोर्डों को एक निश्चित समयसीमा में बैंकों को पुनर्जीवित करने का खास लक्ष्य दिया गया था। इंडियन बैंक बोर्ड की पहली बैठक में सूचना दी गई कि बैंक उच्च गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए के कारण कर्ज नहीं दे रहा है और बैंक का बोर्ड लगभग निष्क्रिय था। बैंकों का कर्ज उसकी परिसंपत्तियां तथा जमा दायित्व होता है। बैंक केवल दायित्वों पर जीवित नहीं रह सकते हैं। संकुचित बैंकिंग, यानी पहले से चली आ रही या नवगठित पेमेंट बैंकों की व्यवस्था अभी प्रभावित सिद्ध नहीं हुई है। बोर्ड की बैठक में जब पूछा गया कि एनपीए खातों को सुधारा क्यों नहीं गया तो सूचना दी गई कि अधिकांश मामले सीबीआई के पास हैं और उनकी जांच हो रही है। इसलिए इस तथ्य के बावजूद बैंक कुछ नहीं कर सकता था कि अधिकांश मामलों में काफी परिसंपत्तियां या परफारमेंस सिक्यूरिटीज़ जुड़ी थीं। प्रबंधन को इन पर दबाव डालने तथा बकाया धनराशि वसूल करने से डर लग रहा था।

बोर्ड की दूसरी बैठक में मैंने कहा कि सीबीआई केवल आपराधिक मामले देखेगी और वह बकाया धनराशि वसूलने में सहायक नहीं होगी। बैंक को ऐसे में परिसंपत्तियों व उपलब्ध सिक्यूरिटीज़ के आधार पर सभी एनपीए मामलों पर गौर करना चाहिए। लेकिन महिला सीएमडी इस पर हिचक रही थीं। उन्होंने पूछा, 'मेरे कॅरियर का क्या होगा? क्या सीबीआई इस पर आपत्ति नहीं करेगी?' आरबीआई प्रतिनिधि ने इस प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। हालांकि, बाद में सीएमडी को समझाया गया कि पूरे बोर्ड की संयुक्त जिम्मेदारी होगी और केवल उनको ही सेटलमेंट निर्णय का दोषी नहीं माना जाएगा। इस बात पर जोर दिया गया कि बैंक का पुनर्जीवन बैंक की एनपीए समस्या सुलझाने से गहन रूप से जुड़ा है। सरकार से इतने अधिक एनपीए के कारण पूंजी का समर्थन प्राप्त करने की उम्मीद नहीं थी। सौभाग्य से बोर्ड के सभी लोगों ने प्रस्ताव पर सहमति जताई। अगले 6 महीनों में बैंक प्रबंधन समिति व बोर्ड का एकमात्र एजेंडा एनपीए मामलों के सेटलमेंट प्रस्ताव को मंजूरी था। सीबीआई को संदर्भित या दूसरे सभी खातों को हर मामले में उपलब्ध सिक्यूरिटी परिसंपत्तियों के आधार पर ठीक किया गया।

इससे बैंक के खाते ठीक हो गए और बैंक फिर से कर्ज देने लगा, जबकि सरकार ने भी पुनर्गठन प्रस्ताव के अंतर्गत पूंजी निवेश किया। इससे बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों में जोश भर गया और इंडियन बैंक पुनर्जीवित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। देश के एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र बैंक-इंडियन बैंक को स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया गया। उसकी बाजार पूंजी अनेक अन्य बैंकों की तुलना में बेहतर थी। इंडियन बैंक का पुनर्जीवन एक केस स्टडी है और उचित ही पूर्व सीएमडी महिला ने इस पर एक पुस्तक भी लिखी। इंडियन बैंक पुनर्जीवन काल में सरकार ने विशेषज्ञों की एक 'निगरानी समिति' गठित की थी जिसमें बाहरी लोग बैंक बोर्ड को निर्देशित करते थे। बोर्ड के साथ निगरानी समिति की पहली बैठक में उन्होंने सिंगापुर में कामकाज बंद करने तथा बैंक की कुछ परिसंपत्तियां बेचने का सुझाव दिया। लेकिन बोर्ड ने इन सुझावों को फौरन अस्वीकार कर दिया। निगरानी समिति ने बोर्ड के असहयोग के बारे में आरबीआई व वित्त मंत्रालय से शिकायत की। मैंने बैंक बोर्ड का दृष्टिकोण मंत्रालय और आरबीआई को बताया। सौभाग्य से इसके बाद निगरानी समिति ने बोर्ड को और सुझाव नहीं दिए।

जिस बैंक को एक समय कमजोर व बंद करने योग्य माना गया था, आज वह भारत के सफल बैंकों का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। परिणामस्वरूप एनपीए को बैंकिंग क्षेत्र का अभिन्न अंग की तरह देखना चाहिए और इसे आपराधिकता से नहीं जोड़ना चाहिए। निजी बैंकों में एनपीए का प्रबंधन किया जा सकता है, उनका पुनर्गठन हो सकता है, उनको घटाया जा सकता है या समय रहते रद्द किया जा सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए जरूरी है कि वे एनपीए संबंधित मामला विजिलेंस विभाग को भेजें। इससे सेटलमेंट प्रक्रिया में विलम्ब होता है, इसके कारण परिसंपत्तियों व सिक्यूरिटीज़ का मूल्य घटता है तथा बैंक को अंतर्निहित परिसंपत्तियों के बावजूद इसका पूरा प्राविधान करना पड़ता है। एनपीए का संबंध आर्थिक वृद्धि चक्र, तकनीकी परिवर्तनों तथा नियामक विचारों से है। बैंकों को हर मामले के आधार पर इन पर विचार करना चाहिए तथा उनके पुनर्गठन, परिवर्तन व सेटलमेंट, आदि का निर्धारण करना चाहिए। लेकिन विजिलेंस को मामला भेजने में ये अनावश्यक हैं। इस कारण बैंक को समयबद्ध तरीके से एनपीए मुद्दे निपटाने में कठिनाई होती है। इस प्रकार के सभी निर्णय प्रबंधन समिति द्वारा किए जाते हैं जिनमें स्वतंत्र निदेशक के साथ ही आरबीआई व सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। हालांकि, वर्तमान समय में आरबीआई प्रतिनिधि नहीं नियुक्त होते हैं। 1990 का दशक सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए कठिन समय था। 1969 व उसके बाद 1980 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से बैंक सरकार के आधीन हो गए। प्रबंधन के चरित्र में परिवर्तन से उनका कामकाज प्रभावित हुआ। हालांकि, अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए। बैंकों के कर्ज को समतामूलक समाज बनाने के सरकारी दृष्टिकोण से जोड़ा गया। अब तक अनदेखी वाले क्षेत्रों को 'प्राथमिकता क्षेत्र' के रूप में परिभाषित किया गया। कुल कर्ज का 40 प्रतिशत प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए रखा गया जिनमें कृषि तथा एमएसएमई क्षेत्र शामिल हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

लेकिन सरकारी नियंत्रण के कारण बैंकिंग क्षेत्र का स्वास्थ्य प्रभावित हुआ तथा आकांक्षी जनसंख्या की इच्छाओं के अनुरूप अद्यतन तकनीक व उत्पादों का समावेश बाधित हुआ। निजी क्षेत्र बैंकों के उभरने के बाद ही ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवायें मिलीं तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों में सुधार शुरू हुआ। बैंकों ने ग्राहक सेवा पर ज्यादा ध्यान देने के लिए तकनीकें अपनाईं। निसंदेह सार्वजनिक क्षेत्र संस्थाओं में अधिकारियों व कर्मचारियों की गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीलेपन और प्रोत्साहनों का अभाव है। बैंक प्रबंधनों को एनपीए से निपटने का अवसर मिलना चाहिए तथा सीबीआई व सीवीसी को उन पर बोझ नहीं डालना चाहिए। बैंकों के पास अपने विजिलेंस विभाग हैं जो ऐसे मामलों से निपट सकते हैं। बैंकों में एनपीए को आपराधिकता से अलग कर उनको सामान्य बैंकिंग कामकाज का हिस्सा समझना चाहिए। कर्ज देने के हर चरण पर जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। समय आ गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को समान स्तर पर काम करने का अवसर दिया जाए।

## साइबर सुरक्षा

### अच्छी शुरुआत

**अहमदाबाद,** चंडीगढ़, गोहाटी, हैदराबाद, जामतारा, मेवात व विशाखापट्टनम वैसे तो पूरे देश में फैले हैं, पर वे 'साइबर अपराध' नामक एक प्रकार के फलते-फूलते कुटीर उद्योग से आपस में जुड़े हैं। साइबर अपराध के इन गढ़ों से निपटने के लिए केन्द्र सरकार ने सात संयुक्त साइबर क्राइम कोआरडिनेशन टीमों का गठन किया है। हालांकि, उपरोक्त सात कस्बे और शहर ही आनलाइन अपराधियों का एकमात्र ठिकाना नहीं हैं। द पायनियर में प्रकाशित एक खबर के अनुसार दिल्ली से आंध्र प्रदेश तथा गुजरात से असम तक 9 राज्यों के तीन दर्जन से अधिक कस्बों व गांवों में साइबर अपराधियों के गढ़ बन गए हैं, लेकिन इन पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कड़ी नजर है। भारत की वित्तीय व्यवस्था तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से दुश्मन देश भी इस खेल में शामिल हो गए हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि विदेशी साइबर अपराधी मुख्यतः चीन, पाकिस्तान व तुर्किये से हैं। सभी जानते हैं कि साइबर अपराधी अनेक प्रकार की चालबाजियां कर लोगों से उनका पैसा चुरा लेते हैं। वे भोलेभाले लोगों को 'लाटरी' का पैसा स्वीकार करने के नाम पर उनसे एक या दूसरे बहाने से क्रेडिट या डेबिट कार्ड के विस्तृत विवरण प्राप्त कर लेते हैं अथवा लोगों को आकर्षक प्रस्ताव, आदि दिए जाते हैं। हालांकि, साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई होती रहती है, पर अधिकारियों ने अक्सर समन्वय की आवश्यकता अनुभव की है। इसका कारण समझना कठिन नहीं है। चूंकि आनलाइन कनेक्टिविटी पुलिस अधिकार क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, इसलिए पुलिस अधिकारियों के लिए इनकी जांच करना व



अपराधियों को पकड़ना कठिन हो जाता है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में आनलाइन धोखाधड़ी के अपराधी को पकड़ने के लिए झारखंड के जामतारा जाना पड़ सकता है। जामतारा साइबर अपराध का गढ़ व प्रतीक इसलिए बन गया है क्योंकि इस पर एक वेब सीरीज़ बनाई गई है।

केन्द्र सरकार को चिन्ता है कि साइबर अपराधियों के नए हाटस्पाट बनने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि अतीत में साइबर अपराधियों से निपटने के समन्वित प्रयास नहीं हुए हैं। 2020 में गृह मंत्रालय के आधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र का गठन किया गया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराध के नए-नए गढ़ उभरे हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध के शिकार लोगों की संख्या कई गुना बढ़ी है तथा उनमें विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। अब केवल निरक्षर या सूचनाओं से अधिकांशतः अपरिचित व्यक्ति ही आनलाइन ठगों का शिकार नहीं होते हैं, बल्कि इनमें उच्च शिक्षित व काफी सीमा तक तकनीक का प्रयोग करने वाले लोग भी शामिल हैं। उनको अपना पैसा गंवाना पड़ा है। इसलिए इन साइबर अपराधियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समुचित समन्वित प्रयास समय की आवश्यकता हैं। इस संबंध में कुछ बिंदुओं पर गौर करना उचित होगा। पहला, सरकार और अन्य संबंधित अधिकारियों को आम जनता को साइबर अपराध के खतरों और उसके प्रकारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। जैसे ही साइबर ठगों की किसी चाल का पता चले, जनता को इसके बारे में सूचना दी जानी चाहिए। दूसरा, कानून के लंबे हाथों को न केवल अपराधियों तक पहुंचना चाहिए, बल्कि यह काम इतनी तेजी से होना चाहिए कि उनको ज्यादा मासूम लोगों को निशाना बनाने का मौका न मिले। तीसरा, संयुक्त टीमों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को सजा मिले। अभियोजन की उच्च दर लोगों को अपराध संलिप्तता से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसके साथ ही केन्द्र व राज्य सरकारों को आनलाइन ठगी करने वालों के खिलाफ विशेष अदालतों के गठन पर विचार करना चाहिए। साइबर अपराधियों के अधिकांश शिकार आम लोग होते हैं और उनको भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

# तेजी से बढ़ रहा है एनीमेशन उद्योग

" कौशल और विस्तार के लिए गहरी नजर एनीमेशन और ग्राफिक डिजाइन के मूल में हैं। "

**साहिल चोपड़ा**
(लेखक एक स्तम्भकार हैं)



एनिमेशन उद्योग में तेजी से विकास हुआ है। डिजिटल मीडिया के बढ़ते संपर्क और सम्मोहक दृश्य सामग्री की लगातार बढ़ती आवश्यकता के साथ, कहानी कहने, विज्ञापन और मनोरंजन के लिए एनीमेशन व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले माध्यम के रूप में उभरा है। नतीजतन, कुशल एनिमेटरों की उच्च मांग है, और उद्योग सबसे नई प्रतिभाओं की तलाश कर रहा है। यह पेशेवर विकास और उन्नति के लिए आशाजनक संभावनाओं के साथ एक एनीमेशन कैरियर को एक आकर्षक विकल्प बनाता है। दूसरी ओर, कैनवा और एडोब स्पार्क जैसे डू-इट-योरसेल्फ विजुअल डिज़ाइन टूल और प्लेटफ़ॉर्म के उभरने के कारण ग्राफिक डिज़ाइन क्षेत्र एक नींद में गिर गया है। ऐसे ऐप्स के लॉन्च ने व्यक्तियों को पेशेवर ग्राफिक डिजाइनरों के बिना अपने स्वयं के डिजाइन बनाने में सक्षम बनाया है। ग्राफिक डिजाइनरों की स्थायी मांग के बावजूद, यह क्षेत्र अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिससे उद्योग में खुद को अलग करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

एनिमेशन रचनात्मकता और कल्पना के लिए नए द्वार खोलता है। पात्रों, परिवेशों और संसारों का निर्माण करते समय एनिमेटर्स वास्तविकता से प्रतिबंधित नहीं होते हैं। ग्राफिक डिजाइनरों के विपरीत, वे अपनी अवधारणाओं में जान फूंक सकते हैं और गति और ध्वनि के माध्यम से कहानियों को व्यक्त कर सकते हैं। यह उनके काम में भावना और गहराई जोड़ता है। दूसरी ओर ग्राफिक डिजाइन, एक ब्रांड पहचान का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्थिर डिजाइन बनाने पर अधिक केंद्रित है। जबकि ग्राफिक डिजाइन निश्चित रूप से रचनात्मकता की अनुमति देता है, क्या हासिल किया जा सकता है इसकी सीमाएं हैं। ग्राफिक डिजाइनरों को ब्रांड दिशानिर्देशों और डिजाइन सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, जो रचनात्मकता को प्रभावित करते हैं।



एनिमेशन ग्राफिक डिजाइन की तुलना में करियर विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। एनिमेटर्स फिल्म, टेलीविजन, वीडियो गेम, विज्ञापन और शिक्षा जैसे विविध उद्योगों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, वे 2डी एनिमेशन, 3डी एनिमेशन, चरित्र डिजाइन और दृश्य प्रभावों के विशेषज्ञ हैं। संभावनाओं की यह विस्तृत श्रृंखला एनिमेटरों को विभिन्न रास्तों का पता लगाने और उनके कौशल और रुचियों से मेल खाने वाली जगह की खोज करने में सक्षम बनाती है। दूसरी ओर, ग्राफिक डिजाइनर आमतौर पर विज्ञापन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में काम करते हैं, जिसमें प्रकाशन और वेब डिज़ाइन जैसे विभिन्न उद्योगों में कम विकल्प उपलब्ध हैं।

एनीमेशन एक सहयोगी उद्योग है जो आकर्षक परियोजनाओं को बनाने के लिए एनिमेटरों, लेखकों, निर्देशकों और अन्य कलाकारों की टीमों पर निर्भर करता है। यह सहयोगी प्रक्रिया विचारों और दृष्टिकोणों के विविध आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, जिससे एक परिष्कृत और पॉलिश अंतिम उत्पाद तैयार होता है। दूसरी ओर, जबकि ग्राफिक डिज़ाइन में सहयोग भी शामिल हो सकता है, इसके लिए अक्सर व्यक्तिगत ग्राहकों या छोटी टीमों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है।

ग्राफिक डिजाइन कार्य की इस प्रकृति का परिणाम कभी-कभी अधिक पृथक कार्य स्थितियों में हो सकता है, जो टीम वर्क पर पनपने वाले व्यक्तियों को चुनौती दे सकता है।

एनीमेशन की कला दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर सकती है। जैसे-जैसे ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन चैनल बढ़ते जा रहे हैं, एनिमेटेड कंटेंट में दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचने की क्षमता है। यह एनिमेटरों के लिए व्यापक पैमाने पर पर्याप्त प्रभाव डालने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। वे अपनी कृतियों के लिए विश्वव्यापी पहचान भी अर्जित कर सकते हैं। जबकि ग्राफिक डिजाइन के व्यापक दर्शक वर्ग भी हैं, इसका प्रभाव अक्सर विशिष्ट क्षेत्रों या बाजारों के लिए अधिक स्थानीय होता है। किसी विशेष उद्योग के लिए ब्रांड पहचान बनाने में विशेषज्ञता वाले एक ग्राफिक डिजाइनर की उस क्षेत्र में एक मजबूत प्रतिष्ठा हो सकती है। हालाँकि, उनकी प्रसिद्धि इससे आगे नहीं बढ़ सकती है।

अपने बढ़ते उद्योग और विविध अवसरों के कारण एनिमेशन एक पसंदीदा करियर विकल्प बनता जा रहा है। यह अधिक रचनात्मकता और सहयोग की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप पॉलिश किए गए अंतिम उत्पाद होते हैं। एनिमेटरों की वैश्विक मान्यता और प्रभाव भी है। कुल मिलाकर कला और कहानी कहने के शौकीनों के लिए यह एक आकर्षक करियर है।

## आप की बात

### आवारा कुत्ते

**कुत्तों** का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। लेकिन कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। हालांकि आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 व अन्य नियमों के अंतर्गत संरक्षित किया जाता है। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15 प्रतिशत को ही टीका लगाया गया है। हालांकि, नियमों को अद्यतन किया जा रहा है ताकि आवारा पशुओं व कुत्तों की आबादी को सीमित किया जा सके। आवारा कुत्तों के काटने के कारण दुनिया भर में रैबीज़ से होने वाली सभी मौतों में एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। सड़क पर दौड़ते समय वे दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे अनेक लोगों को चोटें लगती हैं। आवारा कुत्तों से लोगों को बचाना आज जरूरी हो गया है।

**प्रियंका सौरभ,** हिसार

### भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान

**स्वयं** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार कर लिया है कि आज सारे विपक्षी एक मंच पर आकर अगला चुनाव लडने का मन बना रहे हैं। जो विपक्षी एक दूसरे को फूटी आंख नही सुहाते थे तथा जिनकी पार्टी का हर मुखिया अपने आपको प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बताता था आज एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खासतौर से यह भी कहा है कि भ्रष्टाचार में लिप्त रहे सारे चेहरे आज एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने इसे भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान का नाम दिया है। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी ने इन सब भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टियों को ही हराकर सत्ता हासिल की थी। क्या आज आम जनता इन्हीं सब भ्रष्टाचारियों को सत्ता में आने का मौका दे देगी? हमें तो ऐसा नहीं लगता है। आज के समय में चाहे देश भर के सारे भ्रष्टाचारी नेता भी एकजुट होकर संयुक्त मोर्चा बना ले तो भी अगले आम चुनाव में आम जनता एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को ही वोट देने वाली है। इस तथ्य को कोई अनदेखा नहीं कर सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश असाधारण प्रगति कर रहा है और विकास के लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंच रहे हैं।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर


### महिला मुक्केबाज

**निकहत** जरीन भारत की दूसरी महिला बॉक्सर बन गयी उन्होंने 2 विश्व चैंपियनशिप गोल्ड मेडल जीते हैं। लेकिन उन्हें वियतनामी बॉक्सर के खिलाफ कड़ा संघर्ष करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन के लिए यह स्वर्ण पदक और भी सुनहरा बन गया क्योंकि न केवल पहली बार उन्होंने कांस्य पदक से बड़ा कोई पदक बड़े मंच पर जीता है बल्कि उन्होंने 5 किलो अपना वजन बढ़ा कर नए वर्ग में मुक्केबाजी भी की। नीतू घणघस इस पूरे टूर्नामेंट में इतने शानदार फार्म में रहीं कि वह अपनी तीन बाउट रेफरी स्टॉप काउंट के आधार पर जीतीं। स्वीटी बूरा पहले राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी रही हैं उन्होंने देश के लिए पहला लाइट हैवीवेट कटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। इन चारों मुक्केबाजों के ऐतिहासिक प्रदर्शन ने एक बात साफ कर दी है कि मेरी कॉम के बाद भी देश महिला मुक्केबाजों के सुरक्षित हाथों में है। उनका यह प्रदर्शन देश की हजारों युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत साबित होगा। आने वाले एशियाई खेल व पेरिस ओलिंपिक में हम इन महिला मुक्केबाज़ों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

**बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



" भारत बड़ी तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत के लोकतंत्र पर दुनिया का कोई दूसरा देश सवाल नहीं उठा सकता,

**-जगदीप धनखड़**
उपराष्ट्रपति



अपने शेष जीवन के लिए नई दिल्ली में बिताए गए समय को याद रखेंगे और आशा करते हैं कि भारत को फिर से देखेंगे।

**- एडम बुराकोव्स्की**
पोलैंड के राजदूत



गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर मानता है और राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता के अयोग्य ठहराने पर आंसू बहा रहा है।

**- अनुराग ठाकुर**
सूचना एवं प्रसारण मंत्री "

# नगर निगम ने विकास के लिए 667 करोड़ रुपये का बजट पास किया

### मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में नगर निगम की वर्ष 2023-2024 के लिए बजट की बैठक हुई


बैठक में शपथ लेते नगर निगम के उप महापौर मंजीत गहलावत।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**नगर** निगम महापौर की मौजूदगी में निगमायुक्त मोनिका गुप्ता ने वर्ष 2023-24 के तहत सोनीपत नगर निगम का 667 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। जिसे एकमत से स्वीकृति प्राप्त हुई। इस बजट से सोनीपत वासियों को बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेयर निखिल मदान ने बताया कि वर्ष 2023-2024 के लिए नगर निगम का 667 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पास किया गया है।

सोनीपत क्षेत्र के लोगों की मूल भूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए शुक्रवार को प्रगतिहाल में वर्ष 2023-24 बजट पेश करने के लिए नगर निगम महापौर निखिल मदान, वरिष्ठ उप-महापौर राजीव सरोहा, उप-महापौर मंजीत गहलावत तथा सभी नगर निगम पार्षदों की उपस्थित में बजट पर चर्चा बैठक का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष का बजट पिछले वर्ष से 110 करोड़ रुपये ज्यादा है। इस वर्ष के कुल 667 करोड़ के बजट में से 516 करोड़ रुपये नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों व अन्य कार्यों में खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नगर निगम क्षेत्र के विकास कार्यों पर 347 करोड़ रूपये खर्च किए गए थे। इस वर्ष निगम को 392 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। इस दौरान सभी पार्षदों ने बजट पर चर्चा करते हुए अपनी-अपनी बातें रखी।

बैठक के दौरान नगर निगम के महापौर ने नव-निर्वाचित वरिष्ठ उप-महापौर राजीव सरोहा व उप-महापौर मंजीत गहलावत को पद की शपथ दिलाई गई। सभी प्रस्तावों को सदन में सर्वसम्मति से पास किया गया।


लोगों की शिकायतें सुनते डीसी ललित सिवाच।

# डीसी ने जन सुनवाई कर शिकायतों का मौके पर ही किया निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### लोगों को समस्याओं के निदान के लिए रोजाना उपायुक्त करते हैं लोगों की समस्याओं की सुनवाई

**डीसी** से मिलने आने वाले लोगों को न इंतजार करना पड़ता है और ना ही उन्हें खोजने की जरूरत होती है। उपायुक्त ललित सिवाच स्वयं ही लोगों के बीच पहुंच जाते हैं और हाथों हाथ उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। डीसी कक्ष तक पहुंचने से पहले ही लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

शुक्रवार को उपायुक्त सिवाच ने गाड़ी से उतरते ही लोगों की जनसमस्याओं की सुनवाई शुरू कर दी। वे स्वयं लोगों के पास गए और उनकी समस्या पूछते हुए मौके पर ही समाधान करवाते रहे। जनहित को समर्पित उपायुक्त ने खड़े रहकर आम जनमानस की समस्याओं की सुनवाई करते हुए प्राथमिकता के साथ उनका समाधान करवाया। करीब दो दर्जन समस्याओं में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। उपायुक्त रोजना लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हैं और प्रयास करते हैं कि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला पार्षदों ने मुख्यमंत्री तक अपनी मांगों को पहुंचाने के लिए उपायुक्त को ज्ञापन शौंपा। ज्ञापन को स्वीकार करते हुए उपायुक्त ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मांग को आज ही मुख्यमंत्री कार्यालय में भेजा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का किया आयोजन



प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आइंस्टाइन इंटरनेशनल स्कूल शाहबाद में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्कूल के चेयरपर्सन देवेंद्र सिंगला मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सत्र 2022-23 के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के अवसर पर स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के 112 विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आइंस्टाइन अचीवर्स अवार्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही स्कूल के 60 विद्यार्थियों को अच्छी लर्निंग स्किल्स और ग्रास्पिंग पावर के लिए डिटर्मिननेंट लर्नर्स के अंतर्गत सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चे हर्ष व उत्साह से भरे थे। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर उनके अभिभावक भी बहुत प्रसन्नता व गर्व का अनुभव करते हुए नजर आए। इस मौके पर अतिथियों के मनोरंजन का भी खास ख़्याल रखा गया जिसके लिए स्कूल के नन्हें- नन्हें बच्चों ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें भांगड़ा, सूफी डांस, आई एम पॉसिबल डांस आदि शामिल थे। बच्चों ने बहुत ही जोश व उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रस्तुतियां दी। डायरेक्टर दीपाली सिंघल प्रोग्रेस रिपोर्ट पर प्रकाश डाला व बच्चों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल संध्या वर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### पोषण पखवाड़ा के बारे में महिलाओं को किया जागरूक


बैठक में मौजूद महिलाएं।

**कुरुक्षेत्र।** गांव प्रतापगढ़ में आगनवाड़ी व प्ले-वे में सुपरवाइजर अनु के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी वर्कर सरला देवी एवं हेल्पर सीता देवी द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में बच्चों के माता पिता, अभिभावक, पंचायत से गांव के सरपंच प्रदीप कुमार, पंच धर्मपाल एवं महिला पंच शामिल हुए। सरपंच प्रदीप कुमार द्वारा पोषण पखवाड़ा के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया और बच्चों को समक्ष आगनवाड़ी में भेजने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी वर्कर सरला देवी ने सरकार के द्वारा समक्ष आंगनबाड़ी एवं प्ले वे की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सरपंच प्रदीप कुमार द्वारा आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया गया।

### प्रियंका वर्मा के जज बनने पर लगाया रक्तदान शिविर


शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन में 444वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। 72 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयं 156वीं बार रक्तदान करके शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर संयोजक डॉ. वर्मा ने कहा कि वे वर्ष 1989 से नियमित रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान एक सुरक्षित और उत्कृष्ट कार्य है, जो रक्त के अभाव में उपचाराधीन लोगों के लिए जीवनदायिनी का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि आज का 444वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर उनकी सुपुत्री प्रियंका वर्मा के न्यायधीश बनने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। रक्त संचरण अधिकारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी भारतेन्दु हरीश, सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी, समाजसेवी कर्म चंद, डॉ. अरुण धीमान, प्रशांत शर्मा, राजेंद्र सिंह, मूर्ति देवी, विनोद कुमार खिप्पल, प्रवीण, अंजू वर्मा, गीता, दिव्या वर्मा, अक्षय वर्मा, पार्थ, यशिका वर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### डॉ. अनूप कौशिक की सेवानिवृत्त पर दी विदाई पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. अनूप कौशिक की सेवानिवृत्त पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल तथा स्टाफ ने पौधा अर्पित करके उनका स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि डॉ. अनूप कौशिक की कॉलेज में वर्ष 1995 में दर्शनशास्त्र प्राध्यापक के रूप में नियुक्ति हुई थी। उन्होंने कहा कि डॉ. अनूप कौशिक ने लगभग 28 वर्षों तक संस्था को अपनी अमूल्य सेवाएं दी, उनको हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


उत्तीर्ण बच्चों को पुरस्कृत करते अध्यापकगण।

**गीता** निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों के बीच बहुत अधिक उत्साह था। परीक्षा परिणाम पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। परीक्षा परिणाम में कक्षा अष्टम से मीनल ने प्रथम, तनिष्का ने द्वितीय व हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सप्तम में एकमदीप कौर ने प्रथम, प्रतिभा ने द्वितीय व कर्तव्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सिस्टम से नीतू, वंश व सुमेधा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम %अ% में सिया ने प्रथम, ईशान ने द्वितीय व वेन्या चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम %ब% में कृश धीमान, नैन सिंह ने प्रथम, रिशित कुमार ने द्वितीय व आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ %अ% में कुनाल, कनिष्का ने प्रथम एवं मनिका द्वितीय व तृषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ %ब% में कनक, जैनिस और किरत अनेजा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय %अ% में हर्षिका कश्यप ने प्रथम, आराध्या ने द्वितीय व मुनि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय %ब% में हर्षित ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, अभिनव व पारया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## तीन व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव

**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार को तीन व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र में 7 लाख 60 हजार 568 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। कुरुक्षेत्र में अब तक 27425 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 4 मरीज एक्टिव है।

जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 158 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 105 मामले अभी तक सामने आए थे। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि जिले में अलग-अलग स्थानों से कुल 92 कोविड के सैंपल लिए गए है जिसमें आरटी पीसीआर के 90 व रैपिड एंटीजन के 2 सैंपल शामिल है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 98.52 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.53 पर है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 4 है। शुक्रवार को 3 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है। इस प्रकार अब तक 27837 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है।

# नागरिक 14 जून तक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से बिना किसी चार्ज के कर सकते हैं आधार कार्ड अपडेट

### अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से आधार कार्ड को अपडेट कराने पर ही देना होगा 50 रुपये शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत


वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय आधार कार्ड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक लेती एडीसी अंकिता चौधरी।

**अतिरिक्त** उपायुक्त अंकिता चौधरी ने सभी जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि अगर उन्होंने पिछले 8-10 साल से अपना आधार नंबर अपडेट नहीं करवाया है या आधार कार्ड में अपनी जन्म तिथि, स्थायी पता, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारियों को अपडेट नहीं करवाया है वो नागरिक 14 जून तक स्वयं ऑनलाईन माध्यम से अपना आधार कार्ड अपडेट करता है तो उससे किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय आधार कार्ड मॉनिटरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक ली। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी कमेटी सदस्यों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर लोगों को आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए जागरूक करें ताकि लोग तुरंत अपने 8-10 साल पुराने आधार कार्डों को अपडेट करवाएं। उन्होंने कहा कि आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ वेबपोर्टल myaadhaar.uidai.gov.in या एमआधार ऐप के माध्यम से भी लिया जा सकता है, जहां पहचान से संबंधित दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि अगर इसी कार्य को कोई नागरिक अटल सेवा केन्द्र के माध्यम से करवाना चाहता है तो इसके लिए 50 रुपये फीस देनी होगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिस भी नागरिक ने अब तक अपने 8-10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट नहीं करवाया है तो वे तुरंत स्वयं बिना किसी शुल्क के अपने आधार को ऑनलाईन माध्यम से अपडेट करें।

# कला में मृतप्राय: जीवन को भी जीवंत कर देने की अद्‌भुत क्षमता : डॉ. महासिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


प्रदर्शनी का अवलोकन करते युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ महासिंह पूनिया।

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के ललित कला विभाग में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्यातिथि युवा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ महा सिंह पूनिया द्वारा किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। डॉ. पूनिया ने कहा कि कला में मृतप्राय: जीवन को भी जीवंत कर देने की अद्‌भुत क्षमता होती है। कला और कलाकारों को उचित प्रोत्साहन अगर मिलता रहे तो कला कमाल कर सकती हैं।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरान्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही सृजनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में विभाग की एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका कहती है कि जैसे आर्टिस्ट में जो विचारों को लेकर एक युद्ध होता है। वो वह अपने कैनवस पर उतारना चाहता हैं। मैंने भी वहीं कोशिश की है। सरिता का कहना हैं कि उनकी पेन्टिग्स संसार में प्रेम भाव को फैलाने का संदेश देती हैं। उन्होंने अपनी कलाकृतियों में श्रृंगार इस को दिखाया हैं। आजकल कैसे मनुष्य धर्म से दूर होता जा रहा है और उन्होंने एकजुट रहने का संदेश भी अपनी कला के माध्यम से दिया है। शिव कुमार का कहना है कि उन्होंने अपनी पेन्टिग्स में इंसान और जानवर के प्रेम को दर्शाया है। जिस प्रकार इंसान, इंसान को प्यार एवं सम्मान देता है। ठीक वैसे ही उसे जानवरों को भी प्रेम करना चाहिए। अमित कुमार का कहना है कि मैंने अपनी मूर्तिकला के जरिए इंसान के जीवन में आए उतार-चढ़ाव को दिखाने का प्रयास किया।

मैंने तरह-तरह के माध्यम जैसे पत्थर फाइबर आदि का इस्तेमाल अपनी कलाकृतियों में किया है। प्रदर्शनी के शुभारंभ पर डीन, प्राच्य विद्या संकाय प्रो. रामविरंजन, विभागाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार के साथ विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. जया दारोन्डे, डॉ. राकेश बानी, डॉ. आर. के सिंह, श्री पठानिया, डॉ. हरविन्द्र सिंह, कुलदीप, इशु जिन्दल, सोहन लाल, रजनी धीमान सहित छात्र- छात्राएं व शोधार्थी भी मौजूद रहे।

# किंडरगार्टन की ग्रेजुएशन सेरेमनी का हुआ आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** शाहाबाद मारकंडा

**माता** रुकमणि राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरिंडवा में किंडरगार्टन की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपना जलवा दिखाकर सभी को सम्मोहित कर दिया।

कक्षा केजी के छात्रों ने अद्‌भुत प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में मंत्रोच्चारण, सोलो डांस (हरियाणवी व पंजाबी) थैंक्यू सॉन्ग और कैटवॉक शामिल थे। विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, महेंद्र कंसल, राम लाल बंसल, रमन कांता ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या बीबनदीप दीप कौर ने बच्चों को उनके आगामी सत्र में प्रवेश के लिए बधाई दी।

# स्वयं ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ की विशेष साझेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**सामान्य** रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों के आत्मसम्मान और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए स्वयं संगठन ने नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ सुगम्य पारिवारिक शौचालय के लिए एक विशेष साझेदारी की है।

इस साझेदारी की घोषणा को लेकर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सावित्री देवी जिंदल, अध्यक्ष जिंदल समूह, आरती जिंदल, स्मिनु जिंदल, स्वयं फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष और जिंदल साव लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, राजेश अग्रवाल, सचिव, दिव्यांगजन विभाग, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ डीएन शर्मा, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के ट्रस्टी, डॉ एससीएल गुप्ता, एनएचएफडीसी फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और अर्जन बत्रा मौजूद थे. इस विशेष कार्यक्रम का उद्‌घाटन 27 मार्च, 2023 को दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में किया गया। गौरतलब है कि इस मौके पर सामान्य रूप से चलने-फिरने में असक्षम लोगों की चुनौतियों को लेकर अभिगम्यता जागरुकता फैलाने के लिए जागरुकता सप्ताह को भी आयोजित किया।

देश के प्रथम सर्वसमावेशी संगठन स्वयं ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस, लाल किला, दिल्ली विश्वविद्यालय के परिसर जैसे इलाकों में 28 मार्च, 2023 से लेकर 03 अप्रैल, 2023 तक नुक्कड़ नाटकों के आयोजन का भी फ़ैसला किया है. नई दिल्ली के विभिन्न इलाकों के अलावा गुरुग्राम में भी नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा.

सुगम्य पारिवारिक शौचालय की संस्थापक-अध्यक्ष और जिंदल सॉ लिमिटेड की प्रबंध निदेशक सुश्री स्मिनू जिंदल ने इस अवसर पर कहा, सुगम्य पारिवारिक शौचालय हर किसी का निजी अधिकार है. हम भारत सरकार से गुज़ारिश करते हैं कि अगले साल 27 मार्च को वर्ल्ड एक्सेसिबिलिटी डे के तौर पर मनाया जाए।

# स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल और चौ. सुरेंद्र सिंह की मनाई पुण्यतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** शाहाबाद मारकंडा



**हरियाणा** के पूर्व मंत्री स्व. ओम प्रकाश जिन्दल और चौ. सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अनिल भुक्कल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। भुक्कल ने स्व. ओम प्रकाश जिंदल और चौ. सुरेंद्र सिंह को शत-शत नमन किया। उनके कार्यों को याद किया।

भुक्कल ने स्वर्गीय जिंदल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ओम प्रकाश जिंदल सन 1991 में पहली बार विधायक चुने गए। सन 1996 में कांग्रेस की टिकट पर कुरुक्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। हिसार से दोबारा विधायक बनने के साथ ही ओम प्रकाश जिंदल ने प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 2005 में पुन: हिसार से विधायक के लिए मैदान में उतरे और जीत हासिल की। स्व. जिंदल को ऊर्जा मंत्री बनाया गया। उन्होंने बताया कि मैन ऑफ स्टील के अलंकरण से सुशोभित जिंदल तकनीकी एवं इंजीनियरिंग कार्यों में अत्याधिक रुचि रखते थे। हालांकि उन्होंने तकनीकी एवं इंजीनियरिंग की कोई विधिवत शिक्षा नहीं ली थी, मगर इन विषयों के प्रति गहरे लगाव और गहन अभिरुचि ने उन्हें सफल उद्योगपति बनाया। वे सर्वप्रथम किसान थे, फिर साधारण व्यापारी, उसके बाद बाल्टी निर्माता और अंत में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के उद्योगपति एवं हरियाणा के लोकप्रिय नेता बने।

# निबव होम एलेवेटर्स गुड़गांव में लेकर आया है लक्जरी होम लिफ्ट्स

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**देश** का सबसे लोकप्रिय और भारत का एकमात्र टीयूवी एसयूडी प्रमाणित होम लिफ्ट ब्रांड निबव होम एलेवेटर्स ने आज गुड़गांव में अपने प्रवेश की घोषणा की। एम3एम अरबना में स्थित 1000 वर्ग फुट के केंद्र में निबव के सबसे सुरक्षित और सुरुचिपूर्ण ढंग से डिजाइन किए गए न्यूमैटिक इन-होम लिफ्ट मॉडल- सिरीज और सिरीज मैक्स प्रदर्शित हैं।

निबव के होम लिफ्ट्स की पेटेंट डिजाइन पुरस्कार विजेता होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रमाणित भी हैं, इन-बिल्ट वॉयस एसिस्टेंस के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी और अनुकूलनीय पैकेजों के साथ किफायती कीमत पर उपलब्ध है। अभिनव उत्पाद डिजाइन और आसान स्थापना के कारण घर पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है और 24 घंटे से भी कम समय में लग जाता है। निबव होम एलेवेटर्स ने भारत में 30 से अधिक स्थानों पर स्थित अपने शक्तिशाली नेटवर्क और दुनिया भर के 14 से अधिक देशों में होम एलेवेटर सेगमेंट में राष्ट्रीय आइकन के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की। इंजीनियर्ड होम लिफ्ट्स हर घर में जीवन की गुणवत्ता को बदलने के लिए काम करता है तथा मकान मालिकों, व्हीलचेयर या वॉकिंग फ्रेम का उपयोग करके चलने वाले लोगों के लिए सुरक्षित प्रवेश और निकास प्रदान करता है, कम चलफिर सकने वाले लोगों, चिकित्सा प्रक्रिया से उबर रहे लोगों, सेवानिवृत्ति, विकलांगता या गंभीर अस्थमा से पीड़ित लोगों को संधारणीय पर्यावरण-अनुकूल होम लिफ्ट अपनाने की अनुमति देता है। निबव के पेटेंट वाले होम लिफ्ट पारंपरिक हाइड्रोलिक सिस्टम की तुलना में कम बिजली का उपयोग करते हैं और उद्योग की अग्रणी सुविधाओं जैसे जीरो सिविल वर्क, सेल्फ-सपोर्टिंग स्ट्रक्चर, ग्रीस लेस टेक्नोलॉजी और व्हीलचेयर कम्पेटिबिलिटी के साथ आते हैं। इस मुकाम पर पहुंचने के बारे में टिप्पणी करते हुए विमल बाबू ने कहा, हम गुड़गांव के उन मकान मालिकों के लिए अपने सबसे सुरक्षित है।

# मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए किया आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सिख बिजनेस लीडर्स ऑफ इंडिया कॉफी टेबल बुक को रिलीज किया जो कि डॉक्टर प्रभलीन ने लिखी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए उद्यमियों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं दी जा रही हैं।

उन्होंने सिख उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में आकर व्यापार करेंगे तो उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। सरकार ने सिंगल रूफ सिस्टम बनाया है, जिसके तहत उद्योगों को मिलने वाली सभी प्रकार की अनुमति 45 दिन में एक छत के नीचे मिल रही हैं। प्रदेश में अब बिजली आपूर्ति की स्थिति भी बेहतर है। इतना ही नहीं, औद्योगिकीकरण की दृष्टि से राज्य सरकार ने प्रदेश को 4 श्रेणियों – ए, बी, सी और डी में बांटा है। यदि सी और डी जोन में उद्योग स्थापित करेंगे तो 4000 रुपये प्रति वर्कर प्रति माह अगले चार सालों तक हरियाणा सरकार प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिपूर्ति करेगी। मनोहर लाल ने कहा कि सिख समाज का प्रदेश और देश की उन्नति में बहुत बड़ा योगदान है।

यह समाज कर्मशील समाज है और इन्होंने संघर्ष करके अपने व्यापार, अपने परिवार, देश और समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसके साथ ही जो गरीब है, जो किसी कारण से मुख्यधारा से पीछे रह गए हैं, उनको आगे बढ़ाने के लिए भी सेवा भाव से काम कर रहे हैं।



## भाईचारे, त्याग और समर्पण की शिक्षा गुरुओं से ही मिली है, जो आज भी समाज में प्रासंगिक

**गुरु** तेग बहादुर सिंह जी द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान की कहानी को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भाई जैताजी गुरु तेग बहादुरजी के शीश को आनंदपुर साहिब ले जाते हुए सोनीपत पहुंचे, उस समय मुगलों की सेना उनके पीछे थी। उससे बचने के लिए भाई जैताजी सोनीपत के गांव बड़खालसा में छुप गए। इस गांव के कुशाल सिंह दाहिया, जिनकी शक्ल गुरुजी से मिलती थी, ने गुरु के शीश के बदले अपना शीश न्यौछावर कर दिया जिसे गुरुजी का शीश समझकर मुगल अपने साथ ले गए। कुशाल दाहिया के बलिदान से गुरु तेग बहादुरजी का शीश आनंदपुर साहिब पहुंचाया जा सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाई कुशाल सिंह दहिया के इस महान बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा और उनकी याद में बड़खालसा में एक मेमोरियल भी बना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गुरुओं की बहुत सी निशानियां हैं। हरियाणा गुरुओं का कर्मक्षेत्र रहा है। भाईचारे, त्याग और समर्पण की शिक्षा गुरुओं से ही मिली है, वह आज भी समाज में प्रासंगिक है।

### देशभर से सिख समाज के प्रतिष्ठित लोग जुटे

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज के बड़े प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। इन में मुख्य रूप से पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व चेयरमैन सरदार एसएस कोहली, खदूर साहिब से सांसद सरदार जसबीर सिंह गिल, इंटरनेशनल पंजाब फोरम के राजेंद्र सिंह राजू चड्ढा, हेमकुंट मैनेजमेंट ट्रस्ट उत्तराखंड के चेयरमैन सरदार नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, सिगमा ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष सरदार कबीर सिंह, एवन साइकिल लुधियाना के सीएमडी सरदार ओंकार सिंह पाहवा, समिति के महासचिव एवं हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह धमीजा, पंजाब व हरियाणा में आदेश ग्रुप आफ हॉस्पिटल व कॉलेजों के चेयरमैन डॉ हरिंदर सिंह गिल, बॉन ब्रेड के चेयरमैन सरदार मंजीत सिंह, सैम यूनिवर्सिटी भोपाल के चांसलर डॉ एचएस सलूजा, बेल ला मोंडे ग्रुप के चेयरमैन सरदार गुरमीत सिंह, आउटलुक समूह के प्रकाशक संदीप घोष, पंजाब एवं सिंध बैंक के चेयरमैन डॉक्टर चरण सिंह सहित सिख समुदाय के देशभर से विख्यात उद्यमी तथा व्यवसायी शामिल थे।

## पृथ्वी तथा पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन



**शाहाबाद मारकंडा।** आर्य कन्या महाविद्यालय में हरितमा परिषद तथा स्वच्छता अभियान के तहत पृथ्वी एवं पर्यावरण दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण के बारे में छात्राओं को शपथ दिलवाई और पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने साथ ही जल को बचाने के विभिन्न तरीकों से छात्राओं को अवगत करवाया। रैली में बीएससी मेडिकल एवं नॉन मेडिकल की लगभग 41 छात्राओं ने स्लोगन बनाएं और लोगों को जागरूक करते हुए सदाबहार, पुदीना, कड़ी पत्ता, पत्थरचट्टा और तुलसी के पौधे लोगों को वितरित किए। रैली का आरंभ महाविद्यालय के परिसर से होकर प्रताप मंडी गेट पर समाप्त हुआ। इस मौके पर डॉ.कुशा गुप्ता, डॉ.संजुल गुप्ता, डॉ. सोनिया मलिक, डॉ. पूनम सिवाच, डॉ. हेमा सुखीजा, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. राजेंद्र, अंजना, डेजी, शैंकी और ज्योति मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी, मंडी में किसानों को नहीं होगी कोई परेशानी : डिप्टी सीएम

### 408 मंडियों में पुख्ता प्रबंध, किसानों की गेहूं फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि एक अप्रैल से प्रदेशभर में शुरू होने वाली गेहूं की खरीद प्रक्रिया को लेकर सरकार द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध कर लिए गए है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों की फसलों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रदेश में 408 मंडियां निर्धारित की गई है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को उचाना कलां हलके में विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।


उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए नया बदलाव किया गया है, इसके तहत अब स्वयं किसान अपनी गेहूं खरीद का दिन तय करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एफसीआई, वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन, हैफेड तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के निर्देश दिए गए है। डिप्टी सीएम ने किसानों की मंडियों में आने वाली गेहूं का एक-एक दाना खरीद करवाने तथा 72 घण्टे के अन्दर रकम अदायगी किसान के खाते में सीधा भिजवाने का आश्वासन दिया।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हाल ही में हुई बेमौसमी बरसात एवं ओलावृष्टि से फसल खराबे का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विशेष गिरदावरी करवाकर जिलावार रिव्यू करने के निर्देश दे दिए गए हैं और रिपोर्ट आने पर किसानों को फसल खराबे की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे किसान जिनको गत समय में बरसात व ओलावृष्टि की एवज में सरकार द्वारा मंजूर किया मुआवजा अभी तक नहीं मिला है तो वे अपना खाता व फर्द का मिलान करवा लें, फिर भी कोई परेशानी आती है तो संबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन संबंधित एसडीएम को दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभावित किसान को फसल खराबे का मुआवजा दिया जाएगा, इसके लिए चाहे विभाग द्वारा गांव-गांव कैंप ही क्यूं ना लगाने पड़े।

वहीं उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सिरसा से पानीपत तक बनने वाले नए राष्ट्रीय राजमार्ग का सर्वे कर लिया गया है और डीपीआर सरकार को भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से साथ लगने वाले क्षेत्र में तरक्की और बढ़ेगी तथा लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेगी। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि उचाना शहर में साउथ बाईपास का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवा दिया जाएगा और इस बाईपास के साथ फ्लाईओवर का निर्माण करवाया जाना भी प्रस्तावित है।

# मनजीत कौर की अंतिम अरदास में शामिल हुईं सिख पंथ की सिरमौर हस्तियां

### विभिन्न धार्मिक सामाजिक, शैक्षणिक स्वयंसेवी, राजनैतिक संगठनों ने जताया शोक



पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद,

**ऐतिहासिक** गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब शाहाबाद के हेड ग्रंथी ज्ञानी अवतार सिंह ने कहा कि गुरबाणी अनुसार परमात्मा ने हमें मनुष्य जीवन नाम सिमरन कर आवागमन से मुक्त होने के लिए दिया है, मगर मनुष्य प्रभु को भूल कर संसारिक ऐशो आराम में व्यस्त हो रहा है। वे गुरुद्वारा साहिब में सरदारनी मनजीत कौर पत्नी स्व.जगीर सिंह सचदेवा की अंतिम अरदास मौके सजाए दीवान में गुरबाणी शब्द की व्याख्या कर रहे थे। उन्होंने संगत को सिख रहित अनुसार जीवनयापन करने की प्रेरणा दी। पंथ प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सूबा सिंह व साथियों ने बैरागमयी गुरबाणी कीर्तन कर जहां संगत को भाव विभोर कर दिया, वहीं बीबा कंवलजीत कौर मसकीन के रागी जत्थे और गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई मनराज सिंह व साथियों ने मनोहर गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। पदमश्री जगजीत सिंह दर्दी ने दिवंगत मनजीत कौर द्वारा जीवन भर किए गए सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने स्वर्गीय पति जगीर सिंह के नक्शे कदम पर चलते हुए परिवार के सम्मान को और बढ़ाया है। दमदमी टकसाल जत्था राजपुरा के प्रमुख बलजिंदर सिंह परवाना और इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रितपाल सिंह पन्नू ने भी दिवंगत के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर चर्चा की। दिवंगत के पुत्र गुरदीप सिंह सचदेवा, पुत्रवधू सिमरन कौर, दामाद दिलबाग सिंह आदि मौजूद थे।

## नवरात्र दशमी के अवसर पर विशाल भंडारा

**शाहाबाद मारकंडा।** प्राचीन डेरा उदासीन देवी तालाब के संचालक महंत तरणदास की ओर से नवरात्र दशमी के अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों संत महात्माओं ने उपस्थित होकर संगत का मार्गदर्शन किया। डेरा की ओर से महंत दीपक प्रकाश पार्षद नगर पालिका ने कहा कि नवरात्रों में माता की आराधना से परिवार में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से प्रतिवर्ष नवरात्रों के उपलक्ष्य में यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है।

जिसमें देश के कोने कोने से संत महात्मा व श्रद्धालु पहुंचकर सामाजिक सद्भाव एवं धार्मिक एकता का संदेश देते हैं। महंत दीपक प्रकाश ने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। जो व्यक्ति व्रत इत्यादि रखकर कन्या पूजन करता है उसके जीवन से दुखों का अंत हो कर सुख समृद्धि मिलती है।

# अवैध खनन किसी भी रूप में स्वीकृत नहीं, की जाएगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त ललित सिवाच

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की नियमित रूप से करें गंभीरता से जांच-पड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



खनन विषय पर उपायुक्तों की बैठक में भाग लेते जिला उपायुक्त ललित सिवाच।

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कड़े शब्दों में कहा कि अवैध खनन किसी भी रूप में स्वीकृत नहीं है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियमित रूप से जांच की जाए। शुक्रवार को हरियाणा के मुख्य आयुक्त संजीव कौशल की अध्यक्षता में विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से खनन विषय पर उपायुक्तों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने एक पोर्टल बनाने के भी निर्देश दिए, जिस पर जिला टास्क फोर्स समिति की बैठकों की जानकारी उपलब्ध रहे।

उपायुक्त ललित सिवाच ने सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उपायुक्त सिवाच ने निर्देश दिए कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति नियमित रूप से जांच-पड़ताल करें। किसी भी सूरत में अवैध खनन नहीं होना चाहिए। उन्होंने वाहनों की जांच के भी निर्देश दिए। नियमित रूप से वाहनों की भी चैकिंग की जाए ताकि ओवरलोडिंग पर भी लगाम लगाई रखी जा सके।

## पांच मंजिला हनुमान मंदिर में छह अप्रैल को मनाया जायेगा हनुमान जन्मोत्सव

**सोनीपत।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर एवं प्याऊ ककरोई चौक सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि मंदिर में अबकी बार हनुमान जन्मोत्सव वीरवार 06 अप्रैल को मनाया जायेगा। सुबह नौ बजे हवन का आयोजन होगा। दस बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा व शाम 7 बजे से बाबा का कीर्तन शुरू किया जायेगा। जिसमें कई प्रसिद्ध कलाकार भाग लेंगे। कार्यक्रम स्वामी दयानन्द सरस्वती महाराज के सानिध्य में सम्पन्न होंगे। दीप प्रज्वलन राजीव जैन द्वारा किया जायेगा एवं कार्यक्रम में महावीर जिंदल व नवीन जैन विशेष अतिथि रहेंगे। संजय सिंगला ने बताया कि सोनीपत के सबसे ऊंचे पांच मंजिला हनुमान मंदिर में हर साल यह आयोजन किया जाता है और इस मंदिर में श्री सालासर बालाजी की अखंड जोत विशेष आकर्षण है।

# किसानों की खराब फसल का मुआवजा देने के लिए उपायुक्त से मिले हरपाल सिंह चीका

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** शुगर फैड कारपोरेशन के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीका ने कहा कि किसानों की फसल बरसात और ओलावृष्टि के कारण खराब हुई है। इन फसलों की गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है और सरकार के आदेशानुसार जल्द मुआवजा भी दिया जाएगा। पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को देर सायं लघु सचिवालय में उपायुक्त शांतनु शर्मा से मिला।

उन्होंने उपायुक्त को किसानों को जल्द और उचित मुआवजा देने के लिए ज्ञापन भी दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल पक तैयार को चुकी है। ऐसे समय में बरसता और कई जगहों पर ओलावृष्टिद्द के कारण फसल खराब भी हुई है।

हालांकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी अधिकारियों को सख्त आदेश भी दिए है कि किसानों की खराब हुई फसल की जल्द से जल्द गिरदावरी करके रिपोर्ट सरकार के पास भेजी जाए ताकि खराब फसल का मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार के नाम दिए ज्ञापन में अपील की गई है कि पिहोवा हल्के के किसानों की खराब हुई फसल की जल्द से जल्द गिरदावरी करने के उपरांत मुआवजा की रिपोर्ट तैयार करके जल्द से जल्द सरकार के पास भेजी जाए ताकि किसानों को मुआवजे की राशि मिल सके। इस मौके पर समाज सेवी लखविंद्र पाल सिंह ग्रेवाल उपस्थित थे।



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता हरपाल सिंह चीका।

# शत-प्रतिशत रहा सतलुज स्कूल में परीक्षा परिणाम

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा।

**सतलुज** सीनियर सैकण्डरी स्कूल में कक्षा प्री-नर्सरी से कक्षा नौवीं तथा ग्यारहवीं का परिणाम घोषित किया गया, जो कि शत-प्रतिशत रहा।

प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि कक्षा प्री-नर्सरी में प्रियांशी, देवांश, अंजली, अनिका, अनिरुद्ध और यूवी प्रथम, यूवी, सिदकप्रीत, अनमोलदीप, धानवी, आयूश, नव्या, वंशिका तथा प्रियांशु द्वितीय और आदर्श, अनवी, रूही, धैर्य, चुघ, निर्भय तथा जशन तृतीय रहे। कक्षा नर्सरी में रिया तथा कायान प्रथम, जशन, सरगुन, हरमन तथा यशोधन द्वितीय, कनव, रेयांशी, एंजलप्रीत, तनवी तथा लवनया तृतीय रहे। कक्षा के.जी. में एवलीन, राघव, आव्या हरि, मयूर मेहता और पालकी प्रथम, लवित, सम्राट, सांगवान, चारवी तथा नेहल मेहता द्वितीय, मनसिरत कौर, नक्ष बजाज, जसकिरत सिंह, अरनव सिंह तथा जसनूर तृतीय रहे। कक्षा पहली में वैशनवी, गार्विक, केशव, विवान तथा जसनूर सिंह प्रथम, शिवम, दिया तथा टशनदीप द्वितीय, हरसिमर, हरमन तथा वैभव तृतीय रहे। कक्षा दूसरी में मुसकान, एवलीन शर्मा तथा तृषा प्रथम, अरनव नैन, भाविक तथा लवलीन कौर द्वितीय, लक्षित, पाहिर, विधि, गौरांगी, सिमरन तथा निहारिका तृतीय रहे। कक्षा तीसरी में मन्नत तथा नैतिक प्रथम, मनवीर तथा अमृत द्वितीय, पूर्वी तथा गौतम तृतीय रहे। कक्षा चौथी में योगिश तथा हरमीत प्रथम, पलक, तरनप्रीत तथा जसप्रीत द्वितीय, समृद्धि तथा सिमरन तृतीय रहे। कक्षा पांचवी में मिनल तथा रक्षित प्रथम, दिव्यांशी तथा जानवी द्वितीय, संजना तथा नव्या काजल तृतीय रहे।

# गांव धनौरी में संत धन्ना भगत की जयंती पर समारोह 21 से : बराला

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरों के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सरकारी स्तर पर संत धन्ना भगत की जयंती पर 3 दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह पर कैथल जिले के गांव धनौरी में 21 अप्रैल से लेकर 23 अप्रैल तक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

23 अप्रैल को मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं इस राज्यस्तरीय जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। इस समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने में प्रदेश की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का अहम योगदान रहेगा। चेयरमैन सुभाष बराला शुक्रवार को जाट धर्मशाला में कार्यकताओं व सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन सुभाष बराला, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, हरियाणा पशुधन एवं डेयरी विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान, निगरानी समिति के संयोजक धर्मवीर डागर, जोगी राम, सुरेंद्र, कर्मबीर घराड़सी, पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह चीका, धन्ना भगत शिक्षण संस्थान के चेयरमैन सुभाष, जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर आदि मौजूद रहे।



हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरों के चेयरमैन सुभाष बराला।

# भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर ट्रेंड्स अब होडल में खुला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**भारत** की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर जिले में परसुडीह शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की है। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। होडल में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढिया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी। इस शहर के ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। 6078 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर, जो कि होडल का पहला स्टोर है, अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर दे रहा है। **खास ऑफरः**- 3999 की खरीदारी करें और पाएं आकर्षक उपहार 249रुपये का। ग्राहकों को 3999 की खरीदारी पर मिलता है 2000 तक की कीमत का कूपन बिल्कुल मुफ्त।




# काले झंडे व झाड़ू लेकर कर्मचारियों ने रोड प्रदर्शन करते हुए रोष प्रकट किया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर क्रमिक भूख हड़ताल के पांचवें दिन की अध्यक्षता इकाई प्रधान भारत कंडेरा व मंच संचालक राजा भाई ने किया। यह क्रमिक भूख हड़ताल सरकार की वादाखिलाफी को लेकर की जा रही है।

वर्ष 2022 में अक्टूबर माह में 11 दिन की नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा पूरे प्रदेश में काम बंद हड़ताल की गई थी। हड़ताल के दबाव में आकर सरकार ने कर्मचारियों की सभी मांगे मानी थी। नगर पालिका के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के आहवान पर चार दिन से क्रमिक भूख हड़ताल पूरे प्रदेश में चल रही है। वर्तमान सरकार क्रमिक भूख हडताल को अनदेखा किया जा रहा है। सरकार की इस हठधर्मिता को देखते हुए सभी जिलों में काले झंडे व झाड़ू लेकर कर्मचारियों ने रोड प्रदर्शन करते हुए रोष प्रकट किया।

जिसमें सफाई कर्मचारियों को पक्का करना, फायर के कर्मचारियों को जॉब गारंटी देना, एक हजार रुपए जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता, सफाई कर्मचारी को प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिमा एक हजार रुपए देना, समान काम समान वेतन बहुत सी ऐसी मांगे जो कर्मचारी की सरकार ने मानी थी। अब तक सरकार ने किसी भी मांग का कोई भी पत्र जारी नहीं किया है, जिससे कर्मचारी व संघ में काफी नाराजगी है। अगर सरकार अब भी 9 दिन की क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान समय रहते मांगों का पत्र जारी नहीं करती। फायर विभाग को वापस राजस्व विभाग से निकालकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल करें, 2063 फायर ऑपरेटर की भर्ती को रद्द करें, जो पहले से लगे हुए फायरमैन, फायर ड्राइवर उनको फायर ऑपरेटर के पदों पर समायोजित करें, जाब सुरक्षा गारंटी दे, पेरोल के सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए, बिना किसी शर्त के आधार पर ठेके में लगे हुए सभी सफाई कर्मचारियों को विभाग के पेरोल पर किया जाए। फायर विभाग में लगे 212 फायर ऑपरेटर कौशल निगम से बाहर निकाल कर पेरोल पर किया जाए। इकाई प्रधान भारत कंडेरा, जिला प्रधान राजा, रविन्द्र, अमित, राजु, जीतु, राजरानी, गीता, राज, ममता, सरोज, राजदुलारी, बबीता, कमलेश, फायर से जिला प्रधान संदीप तुर, जगदीप, संजय दहिया, सुनील, दीपक सैनी, नितेश, अजित, पवन सैनी भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित किया। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रैस सचिव राजीव खत्री, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान देशराज नैन, सचिव सुनील दत्त ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इन मांगों का पत्र जारी नहीं करती तो नगर पालिका कर्मचारी से हरियाणा क्रमिक भूख हड़ताल को संपूर्ण काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल में तब्दील कर देगा। जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेवारी शासन व प्रशासन की होगी। वर्तमान सरकार इस बात को भी ध्यान में रखें की आने वाले वर्ष 2024 में सरकार को चुनाव के मैदान में भी उतरना है।



नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी व कर्मचारी।

### क्रमिक भूख हड़ताल 5वें दिन भी जारी रही

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रयास पर्याप्त नहीं : अधिकारी

एजेंसी। कुमाराकोम (केरल)

### ओवेस सरमद ने कहा ग्लोबल वार्मिंग से निपटने को देशों के सहमति वाली प्रतिबद्धताएं नाकाफी

### आईपीसीसी की रिपोर्ट आंखें खोलने वाली

### 3.3 से 3.6 अरब लोग हो सकते हैं प्रभावित

**संयुक्त** राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारी ओवेस सरमद ने कहा कि 10 दिन पहले जारी की गई जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल की सिंथेसिस रिपोर्ट (आईपीसीसी) सभी देशों के लिए आंखें खोलने वाली है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए देश जिन प्रतिबद्धताओं पर सहमत हुए हैं वे काफी नहीं हैं।

भारत में जन्मे ओवेस सरमद अभी जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के उप कार्यकारी सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि दुबई में होने वाली सीओपी की अगली बैठक बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है और उम्मीद जताई कि सभी देश इस मौके का इस्तेमाल प्रक्रिया में आवश्यक सुधार करने के लिए करेंगे। केरल के इस खूबसूरत गांव में वर्तमान में चल रही जी20 शेरपा बैठक से इतर सरमद ने एक साक्षात्कार में आगाह किया कि जलवायु परिवर्तन किसी भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं है और उन्होंने देशों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

सरमद ने कहा, आईपीसीसी की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है। हम इसके बारे में जानते थे कि हम ग्लोबल वार्मिंग के मामले में सही दिशा में नहीं हैं। आईपीसीसी ने ठीक यही संदेश दिया है और उन्हें (राष्ट्रों को) जो करने की जरूरत है वे मूल रूप से बहुत आसान है। सरल शब्दों में कहें तो उन्हें सभी क्षेत्रों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्र जिन प्रतिबद्धताओं पर सहमत हुए हैं, वे चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त हैं? उन्होंने कहा कि वे बिल्कुल पर्याप्त नहीं हैं और यही बात आईपीसीसी की रिपोर्ट में कही गई है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को सीमित करने के लिए देशों की प्रतिबद्धताएं पर्याप्त नहीं हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, समुद्री जल स्तर में 1971 और 2006 के बीच प्रति वर्ष 1.9 मिलीमीटर बढ़ोतरी की तुलना में 2006 और 2018 के बीच 3.7 मिलीमीटर प्रति वर्ष की वृद्धि हुई। इसके चलते भारत जैसे देशों को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, सरमद ने कहा कि जलवायु परिवर्तन किसी भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं रहता और किसी भी अन्य देश की तरह भारत को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने, वहीं उसी समय जिम्मेदारी पूर्ण तथा प्रामाणिक तरीके से विकास करने की दिशा में और अधिक महत्वाकांक्षी होना चाहिए।

**आईपीसीसी** की 10 मार्च को जारी रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि करीब 3.3 से 3.6 अरब लोग जलवायु परिवर्तन से बहुत प्रभावित हो सकते हैं और उनके बाढ़, सूखा तथा तूफान से जान गंवाने की आशंका 15 गुना अधिक है।

# ताइवान की अमेरिका से सहयोगियों के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश करेगा

एजेंसी। मेक्सिको सिटी

**ताइवान** के राजनयिक साझेदारों के कमजोर पड़ने और प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ झुकाव प्रदर्शित करने के बीच ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन इस सप्ताह मध्य अमेरिका की यात्रा के दौरान स्वशासी द्वीप (ताइवान) के बाकी सहयोगियों के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश करेंगी।

सांग ने यात्रा पर रवाना होने से कुछ समय पहले ग्वाटेमाला और बेलीज के नेताओं को संबोधित करते हुए, यात्रा को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति ताइवान की प्रतिबद्धता दिखाने का अवसर करार दिया। उन्होंने कहा, विश्व पटल पर अपनी बात रखने के हमारे संकल्प में बाहरी दबाव बाधा नहीं बनेगा। हम शांत रहेंगे, आत्मविश्वास कायम रखेंगे, झुकेंगे नहीं, लेकिन उकसाएंगे भी नहीं। सांग अमेरिका में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैककार्थी से भी मुलाकात करेंगी। इस यात्रा का मकसद लातिन अमेरिका में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना भी है, क्योंकि चीन इस क्षेत्र में निवेश कर रहा है और देशों पर ताइवान से संबंध तोड़ने का दबाव बना रहा है। मध्य अमेरिकी देश होंडुरास के चीन से राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद सांग इस यात्रा पर रवाना हुई हैं।

# पाकिस्तान में लोग नाखुश, भारत के विभाजन को गलती मानते हैं : भागवत

### भागवत ने कहा कि अखंड भारत सत्य है, खंडित भारत दुःस्वप्न है

एजेंसी। भोपाल



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आजादी के सात दशक से अधिक समय के बाद भी पाकिस्तान के लोग खुश नहीं हैं और अब वे मानते हैं कि भारत का विभाजन एक गलती थी। वह किशोर क्रांतिकारी हेमू कालाणी की जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से सिंधी समाज के लोग शामिल हुए।

भागवत ने कहा कि अखंड भारत सत्य है, खंडित भारत दुःस्वप्न है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भारत से अलग होने के सात दशक बाद भी पाकिस्तान में दुख है, जबकि भारत में सुख है। अमर बलिदानी हेमू कालाणी की जयंती पर यहां आयोजित समारोह में सिंधी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा, हमको नया भारत बसाना है। भारत खंडित हो गया। आज जिसको हम पाकिस्तान कहते हैं, उसके लोग कह रहे हैं कि गलती हो गई। अपनी हठधर्मिता के कारण भारत से अलग हो गए, संस्कृति से अलग हो गए। क्या वे सुख में हैं? उन्होंने आगे कहा, यहां (भारत में) सुख है और वहां (पाकिस्तान में) दुख है। भागवत ने कहा, जो सही है, वह टिकता है। जो गलत है, वह आता है और जाता है। भागवत ने कहा कि सिंधी समुदाय सब कुछ गंवाकर भी शरणार्थी नहीं बना, लेकिन उसने पुरुषार्थ बनकर दिखा दिया।

शहीद हेमू के नाम के साथ सिंध का नाम जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन इसका उल्लेख कम होता है। उन्होंने कहा कि सिंधी समुदाय ने भारत नहीं छोड़ा था, वे भारत से भारत में ही आए थे। उन्होंने कहा, हमने तो भारत बसा लिया, लेकिन वास्तव में राष्ट्र खंडित हो गया। आज भी उस विभाजन को कृत्रिम मानते हुए सिंध के साथ मन से लोग जुड़े हैं। सिंधु नदी के प्रदेश सिंध से भारत का जुड़ाव रहेगा।

भागवत ने कहा, आज भी अखंड भारत को सत्य और खंडित भारत को दुःस्वप्न माना जा सकता है। सिंधी समुदाय दोनों तरफ के भारत को जानता है। आदिकाल से सिंध की परंपराओं को अपनाया गया। भारत ऐसा हो जो संपूर्ण विश्व को सुख-शांति देने का कार्य करें। तमाम उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन हम मिटेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि हम विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। भागवत ने डॉ. हेडगेवार और अन्य विचारकों के माध्यम से संपूर्ण दुनिया को दिखाए गए कल्याण के मार्ग का भी उल्लेख किया।

# प्रदेश में साल में 20 हजार नौकरियां सृजित होंगी : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि अगले दो साल में राज्य में निजी क्षेत्र में रोजगार के 20 हजार अवसर सृजित किए जाएंगे। सावंत बढ़ती बेरोजगारी के संबंध में क्रूज सिल्वा (आम आदमी पार्टी), एल्टी कोस्टा (कांग्रेस), विजय सरदेसाई (गोवा फॉरवर्ड पार्टी) और कार्लोस फरेरा (कांग्रेस) सहित विभिन्न विपक्षी सदस्यों द्वारा सदन में पेश किए गए एक निजी प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे।

सावंत ने विधानसभा में कहा, गोवा सरकार अगले दो साल में निजी क्षेत्र में 20,000 रोजगार पैदा करने के लिए सभी प्रयास करेगी। रोजगार की तलाश में युवाओं को राज्य छोड़ने की जरूरत नहीं होगी और अवसर यहीं सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रयास कर रही है, हालांकि कुछ पाठ्यक्रमों को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में न्यूनतम मजदूरी की दर की समीक्षा की जाएगी, ताकि मजदूरों को अधिक पारिश्रमिक मिल सके।

# इंदौर में मंदिर हादसा : शिवराज घटनास्थल पहुंचे, घायलों से नारेबाजी के बीच मिले

### मध्य प्रदेश के सीएम ने निजी अस्पताल में भर्ती 16 लोगों का हाल-चाल जाना

एजेंसी। इंदौर

**मध्य प्रदेश** के इंदौर में पुरातन बावड़ी पर बनाए गए एक मंदिर की जमीन धंसने से 35 लोगों की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार जांच के बाद इस हादसे के दोषियों की जिम्मेदारी तय करेगी।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे के अगले दिन एक निजी अस्पताल में भर्ती 16 लोगों का हाल-चाल जाना और फिर पटेल नगर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी उनके साथ थे। चौहान ने संवाददाताओं से कहा, प्रशासन ने हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दिए हैं और पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। हम जांच के बाद दोषियों की जिम्मेदारी तय करेंगे और उनके खिलाफ कदम उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे राज्यभर में जांच कर पता लगाएं कि किन कुओं और बावड़ियों को असुरक्षित तरीके से ढककर उन पर निर्माण किया गया है और कौन-से नलकूप खुले रखे गए हैं? उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि इंदौर के मंदिर में हुए हादसे जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अगर जांच के दौरान निजी या सरकारी जमीन पर कोई कुआं, बावड़ी या नलकूप खतरनाक हालत में मिला, तो संबंधित भूमि मालिक या अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर में रामनवमी पर किए जा रहे हवन के दौरान हुए हादसे के बाद एक शख्स अब तक लापता है और राज्य सरकार की प्राथमिकता उसे ढूंढ निकालना है। उन्होंने कहा, मैं कल रातभर बचाव अभियान पर नजर रखता रहा और अधिकारियों से इसकी जानकारी लेता रहा। इस बीच, एक वीडियो सामने आया है, जिसमें चौहान, राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और स्थानीय भाजपा नेताओं के सामने कुछ आक्रोशित लोग हादसे के विरोध में मुर्दाबाद-मुर्दाबाद, हाय-हाय और शेम-शेम के नारे लगाते नजर आ रहे हैं। चश्मदीदों ने बताया कि यह नारेबाजी तब हुई, जब मुख्यमंत्री और अन्य लोग हादसे में मारे गए लोगों के शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे थे।



### इंदौर में मंदिर हादसे के दोषियों की जिम्मेदारी तय करेंगे : मुख्यमंत्री

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में पुरातन बावड़ी पर बनाए गए एक मंदिर की जमीन धंसने से 35 लोगों की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार जांच के बाद इस हादसे के दोषियों की जिम्मेदारी तय करेगी। चौहान ने संवाददाताओं से कहा, प्रशासन ने हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के निर्देश दिए हैं और पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। हम जांच के बाद दोषियों की जिम्मेदारी तय करेंगे और उनके खिलाफ कदम उठाएंगे।

# दीपेंद्र हुड्डा ने ललित मोदी के बयान को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

**जयपुर।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने राहुल गांधी के खिलाफ लंदन की अदालत में मामला दायर करने संबंधी ललित मोदी के बयान को लेकर शुक्रवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। ललित मोदी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व आयुक्त रहे हैं। हुड्डा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ललित मोदी, जिन पर करोड़ों रुपये लेकर देश से भागने का आरोप है, वे भाजपा और केंद्र सरकार के पक्ष में बोलने के पीछे क्या रहस्य है? केंद्र सरकार बताए कि क्या ललित मोदी उसके एजेंट हैं, जो इस तरह उनके पक्ष में बोल रहे हैं? हुड्डा ने पूछा कि क्या अब ऐसे व्यक्ति की बात भी सुनी जाएगी जिसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी के मुद्दे पर देश का पूरा विपक्ष एकजुट है क्योंकि उन्होंने सच की आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारी आवाज को दबाया नहीं जा सकता क्योंकि अब इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट है। हुड्डा ने कहा, क्या विपक्ष देशहित में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग नहीं कर सकता? राहुल गांधी सच की आवाज उठा रहे हैं। हम देश हित की बात उठाते रहेंगे, क्योंकि हम सच्चाई और देशहित के लिए लड़ रहे हैं और लड़ते रहेंगे।

# सख्ती से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका : अध्ययन

### कहा, 7,500 से अधिक बच्चों में से 10 प्रतिशत बच्चों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का अत्यधिक जोखिम

एजेंसी। नई दिल्ली

**अपनी** संतानों को अनुशासन में रखने के लिए, उनके साथ सख्ती बरतने वाले माता-पिता के बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित होने का खतरा अन्य बच्चों के मुकाबले डेढ़ गुणा अधिक होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने तीन, पांच और नौ साल की उम्र के बच्चों में घबराहट, समाज से दूर रहने, गुस्सा और अत्यधिक सक्रिय रहने जैसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लक्षणों का अध्ययन किया।

उन्होंने पाया कि 7,500 से अधिक बच्चों में से 10 प्रतिशत बच्चों में खराब मानसिक स्वास्थ्य का अत्यधिक जोखिम है और अधिक सख्ती बरतने वाले माता-पिता के बच्चों के इस श्रेणी में आने की अधिक संभावना है। ब्रिटेन स्थित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और आयरलैंड स्थित यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया और इसे एपिडेमियोलॉजी एंड साइकियाट्रिक साइंसेज पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। सख्ती बरतने का तात्पर्य शारीरिक या मनोवैज्ञानिक दोनों तरह के तरीकों से है। इसमें बच्चों पर बार-बार चिल्लाना, उन्हें अक्सर शारीरिक रूप से दंडित करना, गलत व्यवहार करने पर उन्हें अलग-थलग करना, उनके आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाना या माता पिता का अपने मिजाज के हिसाब से बच्चों को सजा देना शामिल है।

इस अनुसंधान के लेखक एवं कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में कार्यरत आयोनिस कैत्सेंटोनिस ने कहा, 10 में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में आते हैं। यह बात चिंताजनक है और हमें यह पता होना चाहिए कि बच्चों का पालन-पोषण करने का तरीका इसमें क्या भूमिका निभाता है। जिन बच्चों को अध्ययन में शामिल किया गया, उनमें से 83.5 प्रतिशत बच्चे नौ साल की उम्र तक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कम जोखिम की श्रेणी में रहे, जबकि 6.43 बच्चे मध्यम खतरे की श्रेणी और 10.07 बच्चे अत्यधिक खतरे की श्रेणी में रहे। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सख्ती से पालन-पोषण करने पर बच्चे के अत्यधिक खतरे की श्रेणी में आने की आशंका डेढ़ गुणा अधिक और मध्यम खतरे की श्रेणी में आने की आशंका 1.6 गुणा अधिक होती है।



# अमेरिका और भारत के द्विपक्षीय संबंधों में नई गतिशीलता पैदा हुई है : संधू

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में भारत के शीर्ष राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने वाली वजहों के तौर पर भूराजनीतिक और आर्थिक भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि अगले स्तर की ओर बढ़ रहे भारत एवं अमेरिका के संबंधों में नई गतिशीलता पैदा हुई है। यहां इंडियन अमेरिकन इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स की 30वीं वर्षगांठ को संबोधित करते हुए राजदूत संधू ने कहा कि संबंधों की मजबूती में भारत की घरेलू क्षमताएं अहम कारक रही हैं।



उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्ष में आर्थिक भागीदारी वाकई तेज हुई है। जब 2020 में मैंने राजदूत का पदभार संभाला था तो भारत-अमेरिका का व्यापार करीब 146 अरब डॉलर था। पिछले साल यह 190 अरब डॉलर के पार चला गया, जो कोविड तथा कोई एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) न होने बावजूद महज तीन साल में 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। संधू ने कहा कि इस गतिशीलता को आकार देने में भूराजनीति एक वजह रही है।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी उद्योग के लिए एक चेतावनी थी कि अब पहले की तरह व्यापार नहीं हो सकता, खासतौर से जब बात वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की आती है। उन्होंने कहा, अमेरिका की 2,000 से अधिक कंपनियां भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहती हैं जबकि अमेरिका के सभी 50 राज्यों में भारत की 200 से अधिक कंपनियां मौजूद हैं। इस गतिशीलता में भारत की घरेलू क्षमताएं एक अहम कारक रही हैं। भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वह बड़े देशों में सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है।

# छह महीने में एक हजार बड़े उद्यानों का पुनरुद्धार करेगी एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अगले छह महीनों में आवश्यकता के अनुसार, हरित पट्टी बनवाकर और जिम सुविधाओं को दुरुस्त कर 1,000 बड़े उद्यानों का पुनरुद्धार करने की योजना बनाई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली नगर निगम 1,000 बड़े उद्यानों सहित 15,000 उद्यानों की देखभाल करता है। किसी पार्क को तभी बड़ा माना जाता है, जब उसका क्षेत्रफल एक एकड़ से अधिक हो। अधिकारी ने बताया कि पुनरुद्धार की योजना के तहत उद्यानों में हरित पट्टियां बनवाना, खुले जिम की मरम्मत तथा झूले लगाना शामिल होगा। उद्यानों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। अधिकारी ने बताया, हम एमसीडी क्षेत्र के उद्यानों के नवीकरण के लिए एक कार्य योजना विकसित कर रहे हैं। हम उद्यानों को विभिन्न चरणों में विकसित करने की योजना बना रहे हैं। अधिकारी ने बताया, हमारे पास कुल 15,000 पार्क हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सूडान में सोने की खदान धंसने से 10 मजदूरों की मौत

**खारतूम।** उत्तरी सूडान में सोने की एक खदान के धंसने से कम से कम 10 मजदूरों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी के अनुसार, मिस्र की सीमा के पास जेबेल अल-अहमर सोने की खदान बृहस्पतिवार को ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों की मौत हो गई। अब भी कई मजदूर लापता हैं। जान गंवाने वाले में अधिकतर युवा हैं। कई शव बरामद कर लिए गए हैं। मलबे में अब भी जीवित बचे लोगों की तलाश जारी है। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि मजदूरों के खदान के भूजल के नीचे फंसे होने की आशंका है। सूडान में ऐसे हादसे अकसर होते रहते हैं। पश्चिमी कोर्डोफान में 2021 में सोने की एक खदान के धंसने से 31 लोगों की मौत हो गई थी। सूडान सोने का एक प्रमुख उत्पादक है। देशभर में कई स्थानों पर सोने की खानें हैं।

### पाकिस्तान : जबरन धर्मांतरण के खिलाफ प्रदर्शन किया

**कराची।** पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं के जबरन धर्म परिवर्तन और देश में हिंदू लड़कियों एवं महिलाओं के जबरन विवाह की समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए समुदाय के कई सदस्यों ने यहां मार्च निकाला। हिंदू संगठन पाकिस्तान दरावर इत्तेहाद (पीडीआई) ने कराची प्रेस क्लब के बाहर और सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। पीडीआई के एक सदस्य ने कहा, हम खासकर ग्रामीण इलाकों में सिंधी हिंदुओं की इस समस्या पर ध्यान आकर्षित करना चाहते थे, जहां 12-13 साल की लड़कियों का दिन-दिहाड़े अपहरण कर लिया जाता है, उन्हें इस्लाम धर्म स्वीकार करने पर मजबूर किया जाता है और फिर किसी अधिक उम्र के मुस्लिम से उनका विवाह करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को किए गए इस प्रदर्शन का कुछ प्रभाव देखने को मिला, क्योंकि बहुत से लोगों को इस अपराध के बारे में जानकारी भी नहीं थी। बहरहाल, उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें इस प्रदर्शन में और अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी। प्रदर्शनकारियों से कुछ दूरी पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी खड़े रहे और प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा।

### हैरिस की अफ्रीका यात्रा में चीन के बढ़ते प्रभाव पर भी नजर

**दार अस सलाम।** अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस अपने सप्ताह भर लंबे अफ्रीका दौरे के अंतिम पड़ाव के रूप में शुक्रवार को जाम्बिया के लुसाका में रुकेंगी और उन्हें वहां विशाल नया हवाई अड्डा नजर आएगा। यह हवाई अड्डा उत्साहजनक स्थानीय विकास का प्रतीक होने के बजाय यहां चीन के गहरे होते प्रभाव की ओर इशारा करता है। इस परियोजना को चीन ने वित्तपोषित किया है। यह प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न महाद्वीप में चीन की बढ़ती छाप का एक उदाहरण है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती वैश्विक प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि में हैरिस की यह यात्रा हो रही है। और सबसे अधिक यह बात जाम्बिया तथा इससे पहले तंजानिया में उनके पड़ाव के दौरान नजर आई। चीन ने लुसाका में हवाई अड्डे के अलावा 60,000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला स्टेडियम और देशभर में सड़कें तथा पुल बनाए हैं। तंजानिया चीन का बड़ा व्यापार साझेदार है। इन सभी घटनाक्रम ने अमेरिका को सचेत कर दिया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन इस बात को लेकर चिंतित है कि अफ्रीका चीन के प्रभाव में उसकी ओर झुकता जा रहा है। हैरिस ने अपनी यात्रा के दौरान इस विषय को अधिक तवज्जो नहीं दी और भूराजनीतिक प्रतिस्पर्धा से मुक्त साझेदारी के निर्माण पर ध्यान देने को प्राथमिकता दी है।


# विधायिका में बेहतर प्रबंधन को आईआईएम के विशेषज्ञों से सुझाव लेंगे

### अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार प्रदान करने की योजना भी शामिल

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को कहा कि तकनीक के बदलते दौर में प्रबंधन की भूमिका बढ़ी है, इसलिए भविष्य में विधायिका में बेहतर प्रबंधन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के विशेषज्ञों को बुलाकर सुझाव लिए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में अपना एक साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद महाना ने शुक्रवार को विधानसभा के राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने बताया कि नई योजनाओं की रूपरेखा पर भी काम किया जा रहा है, जिनमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्यों को उनके आचार-व्यवहार, क्रियाकलाप और सहभागिता के आधार पर उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार प्रदान किए जाने की योजना शामिल है। महाना ने कहा कि इसके साथ ही विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियमावली का संशोधन एवं सरलीकरण, समस्त सदस्यों के चित्रों की स्थापना, विभिन्न संस्थाओं जैसे आईआईएम के प्राध्यापकों के साथ सदस्यों की बैठक प्रस्तावित है, जिससे उन्हें प्रबंधन तंत्र के सूत्रों की जानकारी मिल पाएगी और इनका उपयोग विधायिका में किया जा सकेगा। एक साल के कार्यकाल में विधानसभा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का ब्योरा देने के साथ ही महाना ने अपनी भविष्य की योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नई विधानसभा भवन का निर्माण भी जल्द शुरू होगा, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है और स्थल चयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।



गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का गठन 11 मार्च 2022 को हुआ था। 29 मार्च 2022 को विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य और लगातार आठ बार विधायक निर्वाचित हुए सतीश महाना सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुने गए थे। 29 मार्च 2023 को उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश के समस्त राज्यों की विधानसभाओं में ई-विधान व्यवस्था लागू किए जाने की योजना के तहत महाना ने अध्यक्ष पद संभालने के लगभग डेढ़ माह के भीतर उत्तर प्रदेश विधानसभा में ई-विधान व्यवस्था लागू की। इसकी शुरुआत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की थी।

### 8वीं विधानसभा का पहला बजट सत्र ई-विधान प्रणाली से हुआ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा को कागज रहित बनाने की दिशा में यह बड़ी पहल थी। राज्य की 18वीं विधानसभा का पहला बजट सत्र 23 मई 2022 से ई-विधान प्रणाली से संचालित हुआ था। महाना ने एक साल की अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पहले जनता के बीच सिर्फ सरकारों की चर्चा होती थी, लेकिन पहली बार विधानसभा के बदलते स्वरूप पर भी चर्चा हो रही है।

### विशेषज्ञ-विधायकों की बैठक में बनेगी कार्य योजना

**महाना** ने कहा कि विभागीय मंत्रियों और उनके अधिकारियों के साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ विधायकों के साथ बैठक कर कार्य योजना बनाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अगर कोई विधायक चिकित्सक है, तो स्वास्थ्य विभाग के मंत्री व अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर उनके सुझाव लिए जाएंगे।

# ट्विन टावर: आरोपियों के बयान दर्ज, जल्द होगी कार्रवाई

## भ्रष्टाचार में 32 अधिकारियों व कर्मचारी की मिली संलिप्तता, 28 अगस्त 2022 को गिराई गई इमारत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



28 अगस्त को ट्विन टावर 3700 किलो बारुद लगाकर विस्फोट के साथ ध्वस्त कर दिया गया। ये मलबे में तब्दील हो गया। लेकिन इस इमारत को बनवाने वाले भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जल्द एक्शन होने जा रहा है। प्राधिकरण के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर दो तरफा एक्शन होगा।

इसे समझाना जरुरी है। दरअसल, ट्विन टावर मामले की दो जांच प्रचलित है। पहली जांच एसआईटी की रिपोर्ट के आधार नोएडा प्राधिकरण ने लखनऊ विजिलेंस से शिकायत की। इसमें प्राधिकरण तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन द्वारा 26 अधिकारियों, दो आर्किटेक्चर कंपनी और चार सुपरटेक के निदेशकों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई थी। विजिलेंस जांच अधिकारी ने बताया कि अधिकांश के बयान दर्ज हो चुके है। इस मामले में अब जल्द एक्शन देखने को मिलेगा। दूसरी विभागीय जांच जो शासन के निर्देश पर तत्कालीन एसीईओ प्रवीण मिश्र कर रहे थे। लेकिन उनके ट्रांसफर के बाद ये जांच प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास नरेंद्र भूषण ने ग्रेटर नोएडा के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव को दी है। इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण जांच से संबंधित सभी दस्तावेज ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव को भेजे जा रहे है। उनको 30 दिनों के अंदर ये जांच पूरी कर रिपोर्ट देनी होगी। एसआईटी की रिपोर्ट में सुपरटेक की ओर से नियमों का उल्लंघन किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने बिल्डर को लाभ पहुंचाया। इसके लिए प्राधिकरण अधिकारियों को आर्थिक लाभ भी मिला। 7 सितंबर 2021 को एसआईटी की टीम ने नोएडा प्राधिकरण में नोएडा की सीईओ, एसीईओ और नियोजन विभाग के साथ बैठक की।

इस बैठक में सुपरटेक ट्विन टावर के पत्रावली प्रस्तुत की गई। 8 सितंबर को नोएडा प्राधिकरण में एनबीसीसी के साथ बैठक की गई और अगले दिन ट्विन टावर का भ्रमण किया गया। एसआईटी की टीम ने प्राधिकरण को 9, 10, 12 और 15 सितंबर तक सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।

विभागीय जांच में प्राधिकरण को 11 आरोपी अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने की मंजूरी शासन से मिली थी। यह विभागीय जांच प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्रा कर रहे थे। उनके ट्रांसफर के चार माह बाद अब ये जांच ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव को दी गई।

आरोप पत्र जारी होने के बाद इन अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना जवाब प्राधिकरण के दे दिया है। जवाब देने वालों में तत्कालीन प्लानिंग असिस्टेंट टीएन पटेल, नगर नियोजक अशोक कुमार मिश्र, सहायक प्रबंधक अनीता, ऋ तुराज व्यास सीनियर मैनेजर प्लानिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियर बाबूराम, विमला सिंह तत्कालीन सहयुक्त नगर नियोजक, एम सी त्यागी तत्कालीन प्रोजेक्ट इंजीनियर, मुकेश गोयल मैनेजर प्लानिंग शामिल हैं। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी कार्मिक अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण से जुड़े जो भी दस्तावेज है वे सभी डिमांड के अनुसार जांच अधिकारी को दिए जा रहे है। ये जांच 30 दिन में पूरी करनी होगी।

# एक्सप्रेसवे पर सफर हुआ महंगा आधी रात से बढ़ा टोल शुल्क

● हाईवे पर कार वालों को अब देने होंगे 10 प्रतिशत अतिरिक्त पैसा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश की सड़कों पर शुक्रवार रात 12 बजे से सफर करना महंगा हो गया। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 31 मार्च की रात 12 बजे से टोल टैक्स में वृद्धि कर दी है। 10 प्रतिशत तक रेट ज्यादा देने होंगे।

दिल्ली से लखनऊ तक ज्यादातर टोल टैक्स पर रेट बढ़ाए गए हैं। इससे कई लाख वाहन चालकों पर इसका असर पड़ेगा। एक्सप्रेसवे दिल्ली के सराय काले खां से शुरू होकर मेरठ तक जाता है। इस पर करीब 10 फीसदी टोल टैक्स बढ़ा है। कार वालों को अब 155 रुपए की जगह 160 रुपए देने होंगे। कॉमर्शियल चार पहिया वाहनों को 245 की जगह 260 रुपए, 6 टायर ट्रक और बसों को 545 रुपए चुकाने होंगे। बड़े कॉमर्शियल वाहनों का टोल ज्यादा बढ़ाया गया है।

नेशनल हाईवे 9 दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भी टोल टैक्स में 10 से 45 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। कार वालों को अब 10 रुपए, बड़े वाहनों को 25 से 45 रुपए ज्यादा देने होंगे। मासिक पास पर भी 15 रुपए बढ़ाए गए हैं। इस हाईवे पर दिल्ली की तरफ से चलने पर छिजारसी, ब्रजघाट, जोया, कांठ पर टोल प्लाजा पड़ते हैं। इन सभी पर नई सूची लगा दी गई है।

# रैपिड रेल में मुख्य सचिव ने किया सफर

● औचक निरीक्षण के दौरान तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र शुक्रवार को गाजियाबाद पहुंचे। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल का जायजा लिया। दुहाई डिपो से चढ़कर साहिबाबाद स्टेशन तक करीब 17 किलोमीटर लंबा सफर किया। इस दौरान ट्रेन को 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड पर दौड़ाया गया।

उन्होंने दुहाई डिपो, गाजियाबाद स्टेशन और साहिबाबाद स्टेशन पर चल रहे कार्य का स्टेटस देखा और जल्द पूरा करने के लिए कहा। माना जा रहा है कि जल्द ही रैपिड रेल के फर्स्ट फेज दुहाई से साहिबाबाद डिपो तक का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराया जा सकता है। चीफ सैक्रेट्री का अचानक गाजियाबाद आना इन्हीं तैयारियों का हिस्सा है।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र शुक्रवार सुबह सबसे पहले गाजियाबाद के डासना देहात स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन सेंटर पर पहुंचे। आपको बता दें कि इस क्लस्टर ने तीन दिन पहले ही देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है।

इस क्लस्टर के अंतर्गत 13 गांव आते हैं, जिनमें शहर जैसी सुविधाएं देने का दावा किया है। इसके बाद उन्होंने डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का निरीक्षण किया। यहां से मुख्य सचिव मेरठ के भैंसाली डिपो पहुंचे और रैपिड रेल कार्य का जायजा लिया। इसके बाद वे दुहाई डिपो पर आए। दुहाई डिपो पर क्या चल रहा है, कितना काम शेष रहा है, इसका उन्होंने जायजा लिया। इसके बाद प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह, डीएम राकेश कुमार सिंह के साथ मुख्य सचिव ने रैपिड रेल में सफर किया।

## लकी ड्रॉ में इनाम मिलने की ठगी, केस दर्ज

गाजियाबाद। मोदीनगर की महेन्द्रपुरी कॉलोनी में एक युवक से ऑनलाइन लक्की ड्रॉ में 8 लाख रुपये निकलने का झांसा देकर 86 हजार रुपये ठगी की गई।

पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को साइबर सेल को भेज दिया है। मोदीनगर की महेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी विनय कुमार परिवार सहित रहते हैं। उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि आपने ऑनलाइन लक्की ड्रॉ में आठ लाख रुपये की नकदी जीती है। इसके बाद विनय कुमार के पास एक युवक का फोन आया। उसने कहा कि आपको को टैक्स के लिए 1499 में रुपये जमा करने होंगे। युवक ने ऑनलाइन भुगतान कर दिया।

# जिगोलो की नौकारियां दिलाने के नाम पर दिया झांसा

● हाई प्रोफाइल महिलाओं के साथ दोस्ती करने का देते थे ऑफर, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सोशल मीडिया पर हाई प्रोफाइल महिलाओं के साथ मीटिंग और जिगोलो की जॉब ऑफर करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपी सगे भाई है। इन लोगों ने फेसबुक इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप पेज बनाए थे। जो लोग उस पेज को लाइक करते थे उनसे चेट करके फोन नंबर लेकर बात करते थे। एक क्लाइंट का 25 से 30 हजार रुपए देने का ऑफर देते थे। थाना सेक्टर-58 पुलिस व आईटी सेल ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि इन दोनों ने पार्ट टाइम जाब, राधिका फ्रेंडसक्लब, ड्रीम फ्रेंडशिप क्लब, साथिया फ्रेंडशिप क्लब आदि नामों से पेज बना रखे थे। इन्ही नामों से वेबसाइट बनाई हुई थी।

इन पेजों पर इनके द्वारा देश के विभिन्न शहरों में हाई प्रोफाइल महिलाओं से मीटिंग कराकर पैसे कमाने का झांसा देते थे। कॉल के फंसने वाले लोगों के मोबाइल पर ये फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया से ली गई हाइप्रोफाइल महिलाओं की फोटो भेजते थे। इन महिलाओं से मीटिंग और पैसे कमाने के लालच देकर रजिस्ट्रेशन फीस, मीटिंग फीस व अन्य फीस के नाम पर पैसे ले लेते हैं। दोनों आरोपियों की पहचान केतन और चिराग हुई है।

ये लोग सुमित कश्यप और विशाल बनकर बात करते थे। एक बार इनके झांसे में फंसने के बाद ये लोगों को विश्वास दिलाने के लिए खुद ही महिलाओं की आवाज निकालकर बात करते थे।

इनके पास से 13 मोबाइल फोन, 10 डेबिट कार्ड, 3 आधार कार्ड, एक वोटर आईडी, एक पेन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस 04 फ र्जी सिम कार्ड, एक इंटरनेट डोंगल व 29 हजार रुपए नगद बरामद किए गए है।

## संक्षिप्त समाचार



सीईओ ऋतु माहेश्वरी सेक्टर-14 पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करती हुईं।

### टैक्स वसूली के 229 करोड़ टारगेट से कोसों दूर निगम

गाजियाबाद। टैक्स की वसूली के मामले में नगर निगम इस बार सरकार द्वारा दिए गए टारगेट को भी पूरा नहीं कर पा रहा है। यूपी सरकार की ओर से नगर निगम गाजियाबाद को इस बार टैक्स वसूली का टारगेट 229 करोड़ रुपये डिमांड दी थीए मगर अभी तक नगर निगम इस टारगेट के सापेक्ष केवल 76 प्रतिशत की टैक्स की वसूली कर पाया है। आज टैक्स वसूली का अंतिम दिन है। ऐसे में नगर निगम कोशिश भी करता है तो उम्मीद है कि टैक्स की वसूली नगर निगम केवल बामुश्किल 80 प्रतिशत तक हो सकती है। लेकिन इस बीच अगर देखा जाए तो टैक्स की वसूली के मामले में अभी तक गाजियाबाद नगर निगम के सभी जोन में भी घमासान चल रहा है। टैक्स वसूली के मामले में कभी वसुंधरा जोन सबसे आगे रहता थी, लेकिन इस बार कविनगर जोन टैक्स वसूली में सबसे आगे है।

### जेल से जमानत पर आकर की चोरी की घटना

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। यह चोर चोरी के साथ लूट की घटनाओं को भी अंजाम दिया करता था। अभी कुछ दिन पहले ही इस को जेल भेजा गया था, लेकिन जमानत पर बाहर आते ही दोबारा से इसने चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू कर दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है। दादरी थाना पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे अजय नाम के एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को काशीराम कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। यह एक शातिर किस्म का चोर हैए जो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करता था और तमंचे के बल पर लूट की घटना को भी अंजाम देता था।

### राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो धरे

गाजियाबाद। गुजरात पुलिस ने मोदीनगर के गांव विसोखर में काल सेंटर पर छापेमारी कर संदिग्ध भाई-बहन जुनैद और रिहाना को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि काल सेंटर के माध्यम से राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित की जा रही थी। बीस दिन पहले गुजरात के अहमदाबाद में हुए भारत-आस्ट्रेलिया क्रिकेट मैच से पहले अहमदाबाद में कई लोगों को आरोपितों ने काल कर धमकी दी थी। लोगों में डर फैलाने का आरोपितों का उद्देश्य था। मौके से गुजरात पुलिस ने सिम बाक्स, एम्प्लिफायर, छह मोबाइल, पेन ड्राइव समेत अन्य सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक, पिछले 15 दिन से गुजरात पुलिस गाजियाबाद व मेरठ में दबिश दे रही थी।

### 'मेरा घर' राहुल गांधी का घर अभियान का आगाज

नोएडा। नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता आज से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में मेरा घर.राहुल गांधी का घर के नाम से अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत पार्टी तथा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने घर के बाहर पोस्टर व बैनर लगाएंगे। जिसमें लिखा होगा मेरा घर-राहुल गांधी का घर तथा ये घर. राहुल गांधी का है। नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने बताया कि हाईकमान के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है। नोएडा में इस अभियान का शुभारंभ कर दिया गया है। आपको बता दें कि गुजरात की निचली अदालत द्वारा 2 वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता छिनने के बाद सरकार ने उनको नोटिस देकर एक माह के अंदर सांसद आवास खाली करने को कहा है। इसी से आक्रोशित पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने.अपने घर को राहुल गांधी को समर्पित किए जाने का अभियान छेड़ दिया है। इसको लेकर भाजपा तथा केन्द्र सरकार के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन अभी भी चल रहा है।

# जिले में नहीं थम रहा कोरोना, 21 मरीज संक्रमित

● मरीजों की संख्या मार्च माह में 116 पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जिले में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन संक्रमित के मामले बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में जारी हुई रिपोर्ट में जिले में 21 नए मरीज चिन्हित हुए हैं।

जिले में अब संक्रमित मरीजों की संख्या मार्च माह में 116 तक पहुंच गई है, तो वहीं वर्तमान में 67 एक्टिव मरीज हैं। मार्च माह से फिर से कोरोना ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। होम आइसोलेशन के अलावा मरीज अस्पतालों में भी इलाज करा रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मॉनीटिरिंग बढ़ा दी है। यहां तक की पीड़ित मरीजों के सम्पर्क में आए लोगों की भी जांच कराई जा रही है, तो वहीं मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री भी जांची जा रही है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि अभी तक जितने भी मरीज आए हैं उनकी हालत ज्यादा गंभीर नहीं है।

सभी मरीजों को हर दिन का हेल्थ डाटा रखा जा रहा है जिससे हालात गंभीर न हो सके।

## निगम निकाय आरक्षण पर आपत्तियां मांगी

गाजियाबाद। नगर निकाय चुनाव को लेकर आज से आपत्तियां मांगी जा रही हैं। सभी नगर निकाय के लिए कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 240 में आपत्तियां दर्ज की जाएंगी।

इसके लिए नगर निगम गाजियाबाद, नगर पालिका परिषद, लोनी, खोड़ा मकनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर और नगर पंचायत फरीदनगर, डासना, फरीदनगर, पतला और निवाड़ी के कर्मचारी कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 240 में बैठेंगे। छह तारीख तक आपत्तियां ली जाएगी जिसके बाद इन आपत्तियों को संकलित कर शासन में नगर विकास विभाग के पास भेजा जाएगा।

# गाजियाबाद में तीसरी बार बनेगी महिला मेयर, आशा शर्मा फिर टिकट के दावेदार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद नगर निगम का आरक्षण बदल गया है। मेयर सीट महिला खाते में गई है। तीसरी बार ऐसा मौका होगा, जब गाजियाबाद की मेयर कोई महिला ही होगी। इससे पहले साल-2006 में दमयंती गोयल और साल-2007 में आशा शर्मा मेयर बनी थीं।

निवर्तमान मेयर आशा शर्मा फिर से बीजेपी से टिकट पाने की जुगत में हैं। इससे पहले दिसंबर-2022 में जारी हुई आरक्षण सूची में गाजियाबाद मेयर की सीट को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया था। ऐसे में तमाम दावेदार सामने आ चुके थे। लेकिन बुधवार शाम नए सिरे से जारी हुए आरक्षण ने उन दावेदारों के सपनों पर पानी फेर दिया है।

इसी तरह खोड़ा मकनपुर, मुरादनगर, लोनी, फरीदनगर, पतला, डासना और निवाड़ी नगर पंचायत में भी चेयरमैन पद का आरक्षण बदल गया है।

## डीसीपी ने सात दरोगाओं के किए तबादले

गाजियाबाद। डीसीपी ट्रांस हिंडन विवेक चंद्र यादव ने आधा दर्जन से अधिक दरोगाओं को इधर से उधर कर दिया। तुलसी निकेतन टीला मोड़ चौकी प्रभारी प्रवीण को पीआरओ और सुभाष चंद्र को चौकी प्रभारी तुलसी निकेतन बनाया है।

एसआई सनी को चौकी प्रभारी लिंक रोड औद्योगिक क्षेत्र, कौशांबी थाने में तैनात बीवी को चौकी प्रभारी अभय खंड इंदिरापुरम व आर्यवीर को चौकी प्रभारी शिप्रा सिटी बनाया है। शिप्रा सिटी चौकी प्रभारी अनुज कुमार को इंदिरापुरम व इंदिरापुरम थाने में तैनात एसआई भगवत सरन को कौशांबी थाने में तैनात किया है।

# भिक्षुक को थप्पड़-डंडे मारे वीडियो वायरल, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में भिक्षा मांग रहे एक युवक की पिटाई की गई। घरों में गलत नजर से झांकने के शक में उसको थप्पड़ और डंडे मारे गए। तलाशी लेकर बार-बार नाम जानने का प्रयास किया।

कांग्रेस नेता की शिकायत पर पुलिस ने हिन्दू रक्षा दल के मंडल संयोजक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कांग्रेस नेता का आरोप है कि भिक्षुक के मुस्लिम होने का शक था, सिर्फ इसीलिए उसको टारगेट बनाकर पीटा गया है। आरोप है कि युवक भिक्षा मांगने के लिए गरिमा गार्डन स्थित अशोक वाटिका में घूम रहा था। तभी उसको हिन्दू रक्षा दल भोपुरा मंडल के संयोजक अन्नू चौधरी ने पकड़ लिया। आरोप लगाया कि वो भिक्षा मांगने के बहाने घरों में चोरी के इरादे से झांक रहा था। अन्नू ने बार-बार भिक्षा मांगने वाले से नाम पूछा। उसने संजय नाम बताया। इतने पर भी अन्नू को भरोसा नहीं हुआ और आधार कार्ड दिखाने के लिए कहा। उस शख्स ने कहा कि आधार कार्ड गांव में रखा हुआ है।




शालीमार गार्डन में चार मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पांच मिनट में ही तत्काल आग पर काबू पाया गया। इसके लिए टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# ग्रेनो में बकाया नहीं देने वालों का आवंटन होगा रद्द

● सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने उद्योग और आईटी विभाग की समीक्षा की। सीईओ ने प्लॉट लेने के बाद तय समय सीमा में इकाई कार्यशील न करने और प्राधिकरण का बकाया भुगतान न करने वाले आवंटियों के आवंटन शीघ्र निरस्त करने के निर्देश दिए।

निरस्त करने के बाद इन भूखंडों को नई स्कीमों में शामिल कर जीआईएस के दौरान एमओयू करने वाले निवेशकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि इनको आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल किया जा सके। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी विशु राजा और ओएसडी नवीन कुमार सिंह के साथ आईटी और उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जिनको अंतिम नोटिस पहले ही जारी की जा चुकी है, उनको अब और मौका देने की जरूरत नहीं है।

ऐसे टॉप 20 डिफॉल्टरों के आवंटन तत्काल रद्द कर दें। वित्त विभाग इन आवंटियों द्वारा किए गए भुगतान की गणना कर लें। उनकी प्राधिकरण पर जो भी देयता बनती हो, उसे देकर भूखंड अपने कब्जे में लें और उन भूखंडों का नए सिरे से आवंटन करें।

इसी तरह आईटी विभाग के टॉप 10 डिफाल्टरों के आवंटन भी रद्द किए जाएंगे। सीईओ ने कहा कि अध्यादेश में दिए गए समय सीमा के अनुसार 31 दिसंबर 2022 तक जिन आईटी उद्यमियों ने अपनी इकाई कार्यशील नहीं की है। उनके आवंटन तत्काल रद्द किए जाएं। वित्त विभाग उन भूखंडों पर देयता की गणना कर रिफंड करे और उन भूखंडों को स्कीम में लाकर आवंटित किया जाए। सीईओ ने उपलब्ध लैंड बैंक को जीआईएस के दौरान एमओयू करने वाले निवेशकों को शीघ्र आवंटित करने के निर्देश दिए ताकि उनको प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल किया जा सके।

# एक्सप्रेसवे पर ट्रक की केबिन में फंसे चालक की जलकर मौत

● कल्दा गांव के पास अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन और ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक में आग लग गई। ट्रक की केबिन में फंसने के कारण चालक बुरी तरह से झुलस गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस ने मृतक ड्राइवर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया की ट्रक पर करीब 5 बजे धर्मेंद्र कुमार नाम का ट्रक ड्राइवर अपना ट्रक लेकर पानीपत से फरीदाबाद जा रहा था। उसी दौरान ईस्टर्न रोड पेरीफेरल हाईवे पर कल्दा गांव के पास उसकी टक्कर एक अन्य वाहन से हो गई। जिसके बाद धर्मेंद्र ट्रक के केबिन में ही फंस गया। देखते ही देखते ट्रक में भीषण आग लग गई। जबकि अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

लेकिन केबिन में फंसे चालक धर्मेंद्र की आग में जलने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है। सड़क से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक हटा कर रास्ते को खाली कराकर यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बेमौसम बारिश के बावजूद गेहूं का होगा रिकॉर्ड उत्पादन: अधिकारियों का दावा



**सरकारी** अधिकारियों ने दावा किया है कि देश के कई हिस्सों में हो रही बेमौसम बारिश और ओले गिरने के बावजूद गेहूं के उत्पादन पर असर नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि 3 मार्च, 2023 से भारत के कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, राजस्थान और अन्य राज्यों में सामान्य से कहीं ज्यादा बारिश हुई है। आईएमडी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2023 में देश के 714 में से करीब 61 फीसदी जिलों में कहीं ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।इस बारिश ने सभी प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश को प्रभावित किया है। जहां उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 45 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं राजस्थान और बिहार में 32 मिलीमीटर, जबकि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तीनों राज्यों में 23 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

इस बारे में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से जुड़े भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने डाउन टू अर्थ को बताया कि, हाल ही में भारत के उत्तर-पश्चिम मैदानी क्षेत्र में बेमौसम बारिश दर्ज की गई है, जिससे गेहूं की फसल गिर गई है।

### 11.22 करोड़ टन उत्पादन का है अनुमान

हालांकि उनका कहना है कि नुकसान का कोई सटीक अनुमान नहीं है और नुकसान की गणना करना मुश्किल है। मोटे तौर पर अनुमान बताते हैं कि इससे पैदावार को करीब एक फीसदी का नुकसान होगा, जो करीब एक करोड़ टन के बराबर है।

**वैज्ञानिकों का कहना है कि एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ ने पिछले दो सप्ताह में मिट्टी की नमी को समृद्ध किया**

इससे पहले फरवरी में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2022-23 में रबी के मौसम के लिए गेहूं के रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान लगाया था। वहीं 2021-22 में गेहूं का उत्पादन 10.77 करोड़ टन दर्ज किया गया था।

देखा जाए तो इस बेमौसम बारिश से नुकसान के बजाय गेहूं की उस फसल को फायदा हुआ है जिसकी बुआई देर से हुई है। इस फसल को अप्रैल में काटा जाना है।

उनके मुताबिक बारिश और बूंदाबांदी ने गेहूं की फसल को राहत पहुंचाई है, जिससे उत्पादन में 1.5 करोड़ टन की वृद्धि होने की उम्मीद है। खड़ी फसलों को हुए नुकसान को ध्यान में रखें तो भी पैदावार को 50 लाख टन का फायदा होगा। इस बारिश ने फरवरी में लू के दौरान सतह के तापमान में हुई वृद्धि को कम करके गेहूं की फसल की अवधि को बढ़ाने में मदद की है।

इस बारे में कटक की जिला कृषि मौसम इकाई में वैज्ञानिक देबाशीष जेना का कहना है कि, आईएमडी द्वारा 19 से 25 मार्च के लिए जारी रिपोर्ट के अनुसार उपग्रहों से प्राप्त छवियों से पता चला है कि स्थिति फसलों के अनुकूल है। उत्तरी राज्यों में, बारिश से गेहूं की फसल को फायदा हुआ है क्योंकि उसमें बाली आना शुरू हुई है। इसके बाद उसमें दाने बढ़ने शुरू होंगें। ऐसे में मिट्टी में मौजूद नमी इसके लिए फायदेमंद साबित होगी। उनके अनुसार फरवरी में लू ने तैयार होने के दौरान अनाज के सिकुड़ने का खतरा पैदा कर दिया था, इस बारिश से स्थिति में सुधार हुआ है और इससे नुकसान का जो अनुमान पहले लगाया गया था वो उतना नहीं है।

उनका कहना है कि एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ ने पिछले दो हफ्तों में मिट्टी की नमी को समृद्ध किया है। उन्होंने बताया कि मिट्टी की नमी में आया सुधार चावल और अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है, लेकिन सब्जियों, दालों और अन्य के लिए हानिकारक होगा। आईएमडी ने 31 मार्च 2023 तक उत्तर पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में बारिश और आंधी की भविष्यवाणी की है।

# क्या ट्रैफिक का शोर बढ़ा रहा है तनाव और रक्तचाप, भारत के लिए क्या हैं इसके मायने

**भारी** शोर के कारण कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे तनाव हार्मोन का स्राव होता है, इससे रक्तचाप बढ़ता है, नींद में खलल पड़ता है और तनाव बढ़ जाता है



अक्सर जब आप ट्रैफिक जाम में फंसते हैं और आपके चारों ओर गाड़ियों का हॉर्न बजता है तो आप चिड़चिड़े हो जाते हैं, ऐसा क्यों होता है? एक नया शोध इस बात की पुष्टि करता है कि सड़क का शोर आपके तनाव के स्तर को बढ़ा सकता है।

अध्ययन में पाया गया है कि सड़क यातायात के शोर के संपर्क में लंबे समय तक रहने से रक्तचाप बढ़ने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने शोर और उसके प्रभाव को कम करने के लिए इन्हें कम करने की रणनीतियां अपनाने की अपील की है। पिछले अध्ययनों ने शोरगुल वाले सड़क यातायात और उच्च रक्तचाप के बढ़ते खतरे के बीच संबंध स्थापित किया। हालांकि, पुख्ता सबूतों की कमी पाई गई, और यह स्पष्ट नहीं था कि ध्वनि या वायु प्रदूषण ने बड़ी भूमिका निभाई है या नहीं।

इस अध्ययन में यूके के 250,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल थे, जिन पर आठ वर्षों से अधिक समय तक नजर रखी गई। शोधकर्ताओं ने उन्हें यूके बायोबैंक से चुना जो उच्च रक्तचाप से ग्रस्त नहीं थे। प्रतिभागियों की उम्र 40 से 69 साल की थी। उन्होंने अपने आवासीय पते और एक यूरोपीय मॉडलिंग उपकरण कॉमन नॉइस असेसमेंट मेथड के आधार पर सड़क यातायात के शोर का अनुमान लगाया।

चीन में बीजिंग के पेकिंग विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर जिंग हुआंग ने कहा, 8.1 वर्षों के औसत आंकड़ों का उपयोग करते हुए, हमने देखा कि कितने लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या उभर रही है। शोधकर्ताओं ने पाया कि सड़क यातायात के शोर के पास रहने वाले लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या होने की अधिक आशंका थी, उन्होंने पाया कि शोर के बढ़ने से खतरा और बढ़ गया था।

शोधकर्ताओं ने सूक्ष्म कणों और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के संपर्क का भी पता लगाया है। हालांकि, जिन लोगों को यातायात के शोर और वायु प्रदूषण दोनों का अधिक खतरा था, उनमें उच्च रक्तचाप का खतरा सबसे अधिक था, इससे पता चलता है कि वायु प्रदूषण भी एक अहम भूमिका निभाता है।

### विशेषज्ञ क्यों चिंतित हैं?

हमारा शरीर का विज्ञान यातायात के लगातार शोर या अन्य तरह के शोर को एक अड़चन के रूप में लेता है तथा तनाव को बढ़ा देता है। इसमें बढ़ता रक्तचाप भी शामिल है। बार-बार इस तरह के शोर से नींद में खलल पड़ता है, जिससे तनाव बढ़ता है।अध्ययन शोर के इस प्रतिक्रिया के बीच संबंध भी दिखाता है, जो इस बात का प्रमाण है कि उच्च रक्तचाप के लिए शोर का संपर्क जिम्मेवार है। अधिक यातायात वाली जगहों पर वायु प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर को भी उजागर करता है। इसलिए, लंबे समय तक पीएम 2.5 के संपर्क में रहने से भी रक्तचाप बढ़ता है और क्रोनिक हाइपरटेंशन को भी बढ़ता है।

### यातायात के शोर से स्वास्थ्य को बढ़ता खतरा

2010 के बाद से अधिकांश शोधों में यातायात का शोर हृदय रोग (सीवीडी) के लिए एक बड़ी पर्यावरणीय खतरे के रूप में उभरा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, भारत में कम से कम चार वयस्कों में से एक को उच्च रक्तचाप है। लेकिन केवल लगभग 12 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिनका रक्तचाप नियंत्रण में रहता है। अनियंत्रित रक्तचाप दिल

**भारी शोर के कारण कोर्टिसोल और एड्रेनालाइन जैसे तनाव हार्मोन का स्राव होता है इससे रक्तचाप बढ़ता है, नींद में खलल पड़ता है और तनाव बढ़ जाता है।**

के दौरे और स्ट्रोक के लिए मुख्य खतरों में से एक है और विश्व स्तर पर मृत्यु और बीमारी का सबसे आम कारण है। भारत ने 2025 तक उच्च रक्तचाप के प्रसार में 25 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य रखा है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में ध्वनि प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक सड़क यातायात है। शोर के स्रोतों और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। शोर और इसके प्रभाव को कम करने के लिए भारत में इसको कम करने की रणनीतियां अपनाने की जरूरत है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (जेएएसी)-एडवांस में प्रकाशित हुआ है।

# साशा' की मौत के बाद उठे सवाल

## सुप्रीम कोर्ट ने चीता टास्क फोर्स में शामिल विशेषज्ञों की योग्यता पर मांगी जानकारी

कूनो नेशनल पार्क में हुई चीता साशा की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी मिली है कि इस मादा चीता की मौत गुर्दे की विफलता के कारण हो गई थी। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने चीता टास्क फोर्स में शामिल विशेषज्ञों की योग्यता पर जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को टास्क फोर्स में शामिल सदस्यों की योग्यता और अनुभव के संबंध में एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी निर्दिष्ट दिया है कि कौन से सदस्य चीता प्रबंधन में क्या विशेषज्ञता रखते हैं। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांतो चंद्र सेन का कहना है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) द्वारा नियुक्त टास्क फोर्स में कुछ ऐसे सदस्य शामिल थे, जिनके पास चीता प्रबंधन में विशेषज्ञता नहीं है।



### सामुदायिक रसोई योजना पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पूरे देश में सामुदायिक रसोई खोलने के मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है। वहीं केंद ने मामले में निर्देश सुरक्षित करने के लिए समय मांगा है।

गौरतलब है कि अदालत 27 मार्च 2023 को सामाजिक कार्यकर्ता अनु धवन, ईशान धवन और कुंजना सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में उन्होंने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और कुपोषण से लड़ने के लिए सभी राज्यों में रियायती कैंटीन खोलने की मांग की थी।

### केवल तीन कीटनाशकों पर ही प्रतिबन्ध क्यों? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि उसने देश में केवल तीन कीटनाशकों को ही प्रतिबंधित करने के लिए क्यों लिस्ट किया है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को एक हलफनामा दायर करने के लिए कहा है। इस हलफनामें में केंद्र को इस बात की जानकारी देनी है कि, किस आधार पर केवल तीन कीटनाशकों के संबंध में ही कार्रवाई की गई है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को डॉक्टर एस के खुराना समिति की अंतिम रिपोर्ट और डॉक्टर टी पी राजेंद्रन की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा 6 सितंबर, 2022 को सबमिट रिपोर्ट को भी ऑन रिकॉर्ड रखने का निर्देश दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पमिदिघंतम श्री नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जमशेद बुर्जोर पारदीवाला की पीठ ने इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए 28 अप्रैल 2022 की तारीख दी है।

गौरतलब है कि एनजीओ वनशक्ति और अन्य के द्वारा दायर याचिकाओं में भारत में बिक रहे हानिकारक कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी, क्योंकि वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा करते हैं।

### बिना कोर्ट को बताए रैन बसेरों को ध्वस्त न करे डीयूएसआईबी: सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी), दिल्ली पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली एनसीआर में अन्य सभी प्राधिकरणों को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वो कोर्ट से पूछे बिना वर्तमान में गीता घाट और अन्य स्थानों पर चल रहे तीन आश्रयों को ध्वस्त न करें। साथ ही कोर्ट ने डीयूएसआईबी को दिल्ली पुलिस, डीडीए या किसी अन्य एजेंसी के आदेश पर ध्वस्त किए गए आश्रयों के स्थान पर वैकल्पिक आश्रयों के निर्माण के लिए अगले छह सप्ताह के भीतर एक योजना पेश करने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय समिति को दिल्ली में सभी सुविधाओं का निरीक्षण करने और उसपर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

गौरतलब है कि सराय काले खां में एक अस्थायी रैन बसेरे को गिराए जाने पर आवेदकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड का कहना है कि तीन अन्य अस्थायी आश्रय आसपास के क्षेत्र में मौजूद हैं और जो लोग ध्वस्त आश्रय में शरण मांग रहे हैं उन्हें इसमें ठहराया जा सकता है। वहीं आवेदक ने इसका यह कहते हुए विरोध किया है कि डीयूएसआईबी ने कार्यवाही के

**साथ ही कोर्ट ने डीयूएसआईबी को दिल्ली पुलिस, डीडीए या किसी अन्य एजेंसी के आदेश पर ध्वस्त किए गए आश्रयों के स्थान पर वैकल्पिक आश्रयों के निर्माण के लिए अगले छह सप्ताह के भीतर एक योजना पेश करने को कहा है।**

लंबित रहने के दौरान आठ और अस्थाई रैन बसेरों को ध्वस्त कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने 28 मार्च 2023 को दिए आदेश में कहा है कि डीयूएसआईबी और अधिकारियों के पास ध्वस्त किए गए आश्रयों की जगह कोई नया आश्रय बनाने का प्रस्ताव नहीं है। वहीं डीयूएसआईबी का तर्क है कि अन्य स्थाई आश्रयों में पर्याप्त जगह मौजूद है।



# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल : 27 में से केवल तीन कीटनाशकों पर ही प्रतिबन्ध क्यों?

**सुप्रीम** कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि उसने देश में केवल तीन कीटनाशकों को ही बैन करने के लिए लिस्ट क्यों किया है। मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को एक हलफनामा दायर करने के लिए कहा है। इस हलफनामें में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस बात की जानकारी देने के लिए कहा है कि, किस आधार पर 27 में से केवल तीन कीटनाशकों पर ही कार्रवाई की गई है। सरकारी वकील का तर्क था कि हर चीज का एक प्रोसेस है।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को डॉक्टर एस के खुराना उप समिति की अंतिम रिपोर्ट और डॉक्टर टी पी राजेंद्रन की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा 6 सितंबर, 2022 को सबमिट रिपोर्ट को भी ऑन रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह आदेश 27 मार्च 2023 को जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जमशेद बुर्जोर पारदीवाला की पीठ ने इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए 28 अप्रैल 2022 की तारीख मुकर्रर की है। गौरतलब

**कृषि मंत्रालय ने 8 जुलाई 2013 को कीटनाशकों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति ने 27 कीटनाशकों को बैन करने की सिफारिश की थी**

है कि एनजीओ वनशक्ति और अन्य के द्वारा दायर याचिकाओं में भारत में बिक रहे हानिकारक कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। इसका आधार कीटनाशकों की वजह से स्वास्थ्य पर पड़ रह असर को बताया है।

सरकारी वकील का कहना था कि वो समिति की रिपोर्ट के बारे में बेंच को बता देंगें। इसपर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि नो नो, आप जो बताने जा रहे हैं वो सबको बताएं। उनका कहना था कि कोर्ट में दूसरे पक्ष को भी सब कुछ पता होना चाहिए।

### स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं यह कीटनाशक

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील प्रशांत भूषण भी पेश हुए थे, उनका कहना था कि जनवरी 2018 तक कम से कम 27 कीटनाशकों को बैन किया जाना था। वहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी का आरोप है कि सर्वोच्च न्यायालय में इस तरह की याचिकाएं दायर की जा रही हैं जिनकी मंशा सही नहीं है और अदालत का इस्तेमाल इस उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में कोर्ट ने कहा है कि यदि आपने अपना काम ठीक से किया होता तो हम सुनवाई नहीं कर रहे होते।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय में ऐसी कई याचिकाएं दाखिल हैं, जिनमें 100 से भी ज्यादा कीटनाशकों को प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। इन याचिकाओं में तर्क दिया है कि ऐसे कीटनाशक पश्चिमी देशों में बैन हैं, क्योंकि यह किसानों, श्रमिकों, और विशेष तौर पर बच्चों की सेहत को खराब कर रहे हैं। इसके बावजूद भारत में इन कीटनाशकों को बिना रोकटोक के उपयोग किया जा रहा है।

इससे पहले फरवरी 2023 में केंद्र सरकार ने कीटनाशक निषेध आदेश 2023 जारी किया था, जिसके तहत कीटनाशक डिकोफोल, डिनोकैप और मेथोमिल के आयात, निर्माण, बिक्री, परिवहन, वितरण और उपयोग पर रोक लगा दी थी। हालांकि इससे पहले 18 मई 2020 को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन के जरिए केंद्र ने 27 कीटनाशकों को बैन करने की बात कही थी। इसकी सिफारिश समिति ने भी की थी। इसका आधार मानव और मवेशियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बताया गया था। इससे पहले कृषि मंत्रालय ने नियो-निकोटिनोइड कीटनाशकों की जांच के लिए 8 जुलाई 2013 को एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। समिति ने जांच के बाद 9 दिसंबर 2015 को अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंप दी थी।

साभार : डीटीई

# शुरू हुआ आईपीएल-2023 का महामुकाबला

## ऑपनिंग सेरेमनी

एजेंसी। अहमदाबाद

**अहमदाबाद** के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को आईपीएल-2023 16वें सीजन का आगाज हुआ। सीजन की शुरुआत गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच ओपनिंग मैच से हुई। मैच के सभी टिकट बिक चुके हैं, ऐसे में 1.15 लाख दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम भरा हुआ नजर आया।

करीब दोपहर 3:30 बजे से दर्शकों की स्टेडियम में एंट्री शुरू हो गई थी। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, कटरीना कैफ और गायक अरिजीत सिंह परफॉर्म किया। उद्घाटन समारोह के दौरान आसमान में आईपीएल-2023 कप बनाने के लिए काफी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। प्लान के अनुसार स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के पहले मैच के लिए दर्शकों को स्टेडियम से लाने-ले जाने के लिए मेट्रो देर रात तक चलाई गई। वहीं, बीआरटीएस की 74 बसें रात 12 बजे तक और एएमटीएस की 91 बसें रात 1:30 बजे तक दौड़ती हुई नजर आईं। खेल प्रशंसकों के लिए हर 12 मिनट में मेट्रो उपलब्ध थी।

जनपथ से मोटेरा मार्ग पर दोपहर दो बजे से वाहन चालकों के लिए बंद हो गए थे। इस दौरान वाहन चालक जनपथ से विसत ओएनजीसी के जरिए तपोवन सर्किल होते हुए आवागमन किया। शाम 6.00 बजे से स्टेडियम में आईपीएल-16 की ग्रैंड ओपनिंग हुई। इसमें मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया, रश्मिका मंदाना समेत कई सितारे ने धमाकेदार प्रदर्शन किया।

कई बॉलीवुड सितारे गुरुवार की शाम ही अहमदाबाद पहुंच गए थे। वहीं, कई आज सुबह अहमदाबाद पहुंचे गए।






### आयोजन देखने को टिकटों की हुई किल्लत

**आयोजन** को देखने के लिए हर क्रिकेट प्रेमी आतुर था। प्रवेश के लिए सबके सामने टिकटों की किल्लत थी। सूत्रों की मानें तो आईपीएल मैच के टिकटों की कालाबाजारी की सूचना थी। टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर की ओर से एक विशेष नोटिफिकेशन जारी किया गया था। इसमें कोई भी व्यक्ति आईपीएल मैच के टिकटों को कीमत से अधिक कीमत पर बेचते पाया गया तो उसके खिलाफ गुजरात पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 131 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## राहुल पर कप्तानी और बल्लेबाजी में बेहतर करने की चुनौती

एजेंसी। लखनऊ

**भारतीय** टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद लखनऊ सुपर जायंटस की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान में उतरेंगे तो उनके सामने बल्ले से लय हासिल करने के साथ नेतृत्व कौशल को भी साबित करने की चुनौती होगी।

लखनऊ की टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। राहुल की अगुवाई में टीम पिछले साल लीग के अपने शुरुआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन बीते कुछ समय से राहुल का बल्ला उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। दिल्ली की टीम को ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में खिताब की संभावनाओं को करारा झटका लगा है लेकिन उनके पास कप्तान के तौर पर डेविड वार्नर जैसा आक्रामक सलामी बल्लेबाज है। सनराइजर्स हैदराबाद को अपने नेतृत्व में खिताब दिलाने वाले वार्नर दिल्ली के लिए भी ऐसी सफलता हासिल करना चाहेंगे।

### दोनों टीम

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, सरफराज खान , फिल साल्ट , अभिषेक पोरेल , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल , इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार, विक्की ओस्तवाल।

**लखनऊ सुपर जायंटस:** लोकेश राहुल (कप्तान), काइल मायर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पांड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन , नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड , स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

मैच शाम 07:30 बजे शुरू होगा।



## पंत की जगह अभिषेक और बुमराह की जगह संदीप टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने चोटिल ऋषभ पंत की जगह पर अभिषेक पोरेल और मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया है। दिल्ली ने 20 साल के विकेटकीपर पोरेल को शामिल किया है। पोरेल ने हाल ही में अपना घरेलू करियर शुरू किया है। पोरेल 20 लाख रुपये में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हो गए हैं। वहीं मुंबई ने संदीप वारियर को 50 लाख रुपये में टीम में जगह दी है। ऋषभ पंत पिछले साल कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिसकी वजह से उन्हें आईपीएल के इस सीजन से बाहर होना पड़ा था। वहीं जसप्रीत बुमराह भी आईपीएल 2023 में अपनी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें बैक इंजरी है।



### इन शहरों में खेले जाएंगे मैच

**टूर्नामेंट** के 74 मैच 12 अलग-अलग शहरों में होंगे। आईपीएल टीमों के 10 शहरों के अलावा गुवाहाटी और धर्मशाला में भी मुकाबले होंगे। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स टीम का और धर्मशाला का स्टेडियम पंजाब का होम ग्राउंड रहेगा। आईपीएल टीमों के 10 शहर मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मोहाली और कोलकाता होंगे।

### दस टीमों के बीच होंगे 70 मुकाबले

**59** दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। हर एक टीम 14 मैच खेलेगी, सात अपने घर में और सात विपक्षी टीम के घर में। 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मुकाबले होंगे। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। खेल प्रेमियों की नजर भी इन पर रहेगी।

## केकेआर के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती

एजेंसी। मोहाली

**चोट** और कुछ विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता से परेशान पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरुआती मुकाबले के लिए शनिवार को यहां मैदान पर उतरेंगी तो उनका लक्ष्य सत्र को जीत के साथ शुरू करने का होगा।

आईपीएल में इन दोनों टीमों के पास हमेशा दमदार खिलाड़ी रहे है लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। पंजाब किंग्स को अब भी अपने पहले खिताब का इंतजार है जबकि केकेआर की टीम गौतम गंभीर की अगुवाई में दो बार चौम्पियन रही है। पिछले सत्र में 10 टीम के मुकाबले में पंजाब छठे और केकेआर सातवें पायदान पर था। इस सत्र में दोनों टीमों का नेतृत्व नए कप्तान करेंगे। अनुभवी शिखर धवन पंजाब की कमान संभालेंगे, वहीं केकेआर ने चोटिल श्रेयस अय्यर की जगह घरेलू स्टार नीतीश राणा पर भरोसा जताया है। कागजों पर केकेआर के मुकाबले पंजाब की टीम थोड़ी अधिक मजबूत दिख रही है जिसे घरेलू मैदान का भी फायदा मिलेगा।

टीम को हालांकि इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो की कमी खलेगी। बेयरस्टो चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए है। फ्रेंचाइजी ने बेयरस्टो की जगह बिग बैश लीग में सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे मैथ्यू शॉर्ट को टीम में शामिल किया है। उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया का यह बल्लेबाज धवन के साथ पारी का आगाज करेगा।



### दोनों टीमें इस प्रकार से हैं

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, वी. कावेरप्पा, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायडे,

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** नितीश राणा (कप्तान), वैभव अरोड़ा, लॉकी फर्ग्यूसन, हर्षित राणा, वेंकटेश अय्यर, एन जगदीसन, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह, सुनील नारायण, रहमानुल्लाह गुरबाज, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, शाकिब अल हसन, रिंकू सिंह, टिम साउथी, सुयश शर्मा, शार्दुल ठाकुर, वरुण चक्रवर्ती, डेविड वाइसी, उमेश यादव।

**मैच दोपहर 03:30 बजे से शुरू होगा।**

## आरसीबी को शुरुआती सात मैचों में नहीं मिलेगा हेजलवुड का साथ

एजेंसी। मेलबर्न

**आईपीएल -2023**

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एडी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में नहीं खेल पाएंगे। हेजलवुड 14 अप्रैल को भारत आएंगे लेकिन वह महीने के तीसरे सप्ताह तक ही पूर्ण फिटनेस हासिल कर पाएंगे। ऐसे में टीम को शुरुआती सात मैचों में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी ग्लेन मैक्सवेल का दो अप्रैल को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरूआती मैच में खेलना संदिग्ध है। वह पैर में फ्रैक्चर से उबर गए है लेकिन मैच फिटनेस हासिल नहीं कर सके है। हेजलवुड ने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है, इसलिए मैं 14 तारीख (अप्रैल) को जाऊंगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि मेरे लिए अगले दो सप्ताह कैसे रहते है। उन्होंने कहा, मैं शायद उस समय मैच खेलने के लिए तैयार ना रहूं लेकिन उम्मीद है कि वहां पहुंचने के बाद एक सप्ताह के अंदर पूर्ण फिटनेस हासिल कर लूंगा। हेजलवुड को इस चोट के कारण भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा था।

वह आईपीएल के जरिए एशेज की अपनी तैयारी को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज को हालांकि अभी तक भारत रवाना होने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से चिकित्सा अनापत्ति पत्र नहीं मिला है।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर एकदिवसीय श्रृंखला 2-0 से जीती

**श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी**

एजेंसी। वेलिंगटन

**गेंदबाजों** के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग की 86 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यंग ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद पारी के दौरान हेनरी निकोल्स (नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिला दी।

न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच को 198 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। शुक्रवार को श्रीलंका की पारी को 41.3 ओवर में 157 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी दूसरे ओवर में छह रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। लहिरू कुमारा (39 रन पर दो विकेट) ने चैड बॉवेस (एक रन) और टॉम ब्लंडेल (चार रन) के विकेट चटकाकर श्रीलंका अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में कासुन रजिता (44 रन पर एक विकेट) ने जब डेरिल मिचेल (छह रन) को चलता किया तब टीम का स्कोर 21 रन था। श्रीलंका के कप्तान दासून शनाका (25 रन पर एक विकेट) ने 15वें ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम (आठ रन) को बोल्ड कर टीम की उम्मीदें कायम रखी। इसके बाद हालांकि यंग को निकोल्स के रूप में अच्छा साथी मिला और दोनों ने संभलकर खेलने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। निकोल्स ने चमिका करूणारत्ने की गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। श्रृंखला के पहले एकदिवसीय में महज 76 रन पर आउट होने वाली श्रीलंका की टीम ने एक बार फिर खराब शुरुआत की। टीम ने आठवें ओवर में 18 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 57 रन की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला। वह 24वें ओवर में जब रन आउट हुए तो टीम ने 100 रन पर छठा विकेट गंवा दिया था। शनाका (31) और करूणारत्ने (24) ने टीम के स्कोर को 150 के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, हेनरी शिपली और डेरिल मिचेल ने तीन-तीन विकेट लिए।



## पाकिस्तान टीम के भारत आने पर आईसीसी में चर्चा नहीं

एजेंसी। इस्लामाबाद

**वर्ल्ड कप के सभी मैच भारत में होंगे**

**इस साल** अक्टूबर-नवंबर में भारत आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा। वहीं चर्चा चल रही थी कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान अपने मुकाबले बांग्लादेश में खेलेगा। एक अधिकारी ने बताया कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत के अलावा किसी और देश में कराने को लेकर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।

दरअसल हाल ही में आईसीसी जनरल मैनेजर वसीम खान ने एक साक्षात्कार में कहा था कि वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के मैच भारत में नहीं, बल्कि बांग्लादेश में खेले जाएंगे। आईसीसी अधिकारी ने इस बयान पर कहा कि हम लोग यह सुन कर अचंभित है। इसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि आईसीसी के बैठक में कभी इस पर विचार नहीं किया गया है, क्योंकि वर्ल्ड कप के मेजबानी भारत को सौंपी गई है।

साथ ही भारत की ओर से अब तक पाकिस्तान के मैच कहीं और कराए जाने को लेकर किसी ने रिक्वेस्ट नहीं की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एशिया कप टूर्नामेंट के ज्यादातर मैच पाकिस्तान में होंगे, लेकिन भारतीय टीम के जितने भी मैच होंगे, उन्हें यूएई, ओमान या श्रीलंका में से किसी एक जगह शिफ्ट कराया जा सकता है। इस बात को लेकर वसीम ने पाकिस्तान के मैच बांग्लादेश या श्रीलंका में कराने की बात कही थी। इस बार का एशिया कप सितंबर के शुरुआती सप्ताह में होना है। 13 दिनों तक चलने वाले छह टीमों के इस टूर्नामेंट में फाइनल समेत कुल 13 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। उनके साथ एक टीम क्वालीफाई करके पहुंचेगी। वहीं श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान दूसरे ग्रुप में हैं।



### इंग्लैंड का नाम भी न्यूट्रल वेन्यू में शामिल

**एशिया** कप के लिए न्यूट्रल वेन्यू में फिलहाल यूएई, ओमान और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड का नाम भी सामने आ रहा है क्योंकि इंग्लैंड में भारत-पाक मैच को देखने के लिए भारी मात्रा में दर्शक पहुंचते हैं। हालांकि इंग्लैंड को मेजबानी मिलने की उम्मीद कम ही है, क्योंकि यूएई और ओमान में इससे पहले एशिया कप और आईपीएल के मैच सितंबर के दौरान आयोजित किए जा चुके हैं। ऐसे में एशिया के ही किसी देश को भारत के मैचों की मेजबानी मिलने की उम्मीद है।

